छठ महापर्व

2024



विधि-व्यवस्था संधारण एवं छठ महापर्व प्रबंधन से संबंधित

जिला आदेश

जिला प्रशासन, पटना

छठ घाट निरीक्षण 2024

















छठ महापर्व 2024 जिला प्रशासन, पटना।

जिलाधिकारी की कलम से.....



लोक आस्था का महापर्व 'छठ' बिहार की सांस्कृतिक धरोहर है। प्रकृति के साथ मानव का सह–अस्तित्व, सामाजिक समानता एवं सादगी इसका मूल आधार है। सूर्य और जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है, छठ महापर्व में जल में खड़े होकर सूर्य की उपासना की जाती है। कार्तिक माह की षष्ठी तिथि को अस्ताचलगामी सूर्य को और अगले दिन प्रातः उदीयमान सूर्य को अर्घ्य समर्पित किया जाता है। प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ज्ञापन का यह अनुपम उदाहरण है। इसमें डूबते सूर्य की भी उपासना की जाती है, जो अस्त से अभ्युदय, अंधकार से प्रकाश एवं मृत्यु से अमरता के प्रति मनुष्य की अटूट आस्था की अभिव्यक्ति है। छठ महापर्व में सामाजिक भेद–भाव की कोई जगह नहीं है, अमीर–गरीब, छोटे–बड़े, महिला–पुरूष सब एक साथ एक घाट पर खड़े होकर भगवान भास्कर की आराधना करते हैं। यह एक ऐसी पूजा है जिसमें भगवान एवं भक्त के बीच कोई पंडित एवं कर्मकाण्ड नहीं है, प्रत्येक व्यक्ति स्वयं पुजारी एवं पंडित है। मनुष्य एवं प्रकृति का सीधा संबंध है, मनुष्य प्रकृति का ही अंश है। छठ महापर्व में सादगी सर्वोपरि है, कृत्रिमता या बनावटीपन का इसमें कोई स्थान नहीं है। छठ का प्रसाद भी गन्ने का रस, गुड़, आटा, केला जैसे प्राकृतिक पदार्थों से शुद्ध देशी तरीके से बनाये जाते हैं। सहजता, सरलता, निर्मलता एवं शुद्धता इसका मूल है।

छठ महापर्व के अर्घ्य के लिए नदियों, झीलों, तालाबों आदि जलस्रोतों के निकट घाट निर्माण, साफ–सफाई, प्रकाश–व्यवस्था इत्यादि के लिए आमलोगों के द्वारा श्रमदान किया जाता है। पिछले कुछ दशकों से बिहार सरकार द्वारा इसके लिए बड़े पैमाने पर व्यवस्था की जा रही है। इस अवसर पर पटना जिला के विभिन्न घाटों पर काफी संख्या में छठव्रती एवं श्रद्धालु गंगा स्नान एवं सूर्य देवता को अर्घ्य देने के लिए एकत्रित होते हैं। शहरी क्षेत्र में गंगा घाटों पर भारी भीड़ होती है। छठव्रतियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिए सरकार द्वारा व्यापक इंतजाम किया जाता है। घाटों पर जाने के लिए सम्पर्क पथ, घाटों की साफ–सफाई, छठ व्रतियों के लिए प्रसाधन, पेयजल, शेड, चेंजिंग रूम, नदी में नेटयुक्त बैरिकेडिंग, प्रकाश–व्यवस्था, नियंत्रण कक्ष, वाच टॉवर, सी.सी.टी.वी. कैमरा, मेडिकल कैम्प, वाहन पार्किंग इत्यादि की व्यवस्था की जाती है। छठ पर्व के अवसर पर सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन एवं विधि–व्यवस्था संधारण हेतु एन.डी.आर.एफ./एस.डी.आर.एफ./नाव, नाविक, गोताखोर /नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवक/दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की भारी संख्या में प्रतिनियुक्ति की जाती है।

माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा छठ महापर्व की तैयारियों का प्रतिवर्ष निरीक्षण कर मार्गदर्शन दिया जाता है। इस वर्ष भी माननीय मुख्यमंत्री जी ने दिनांक–26.10.2024, दिनांक – 27.10.2024 एवं दिनांक–02.11.2024 को निरीक्षण कर कई निदेश दिए हैं, जिनका अनुपालन कराया जा रहा है। इस वर्ष दिनांक–05.11.2024 को नहाय खाय से छठ पर्व प्रारंभ होगा। दिनांक–06.11.2024 को खरना, दिनांक–07.11.2024 को संध्याकालीन अर्घ्य एवं दिनांक–08.11.2024 को प्रातःकालीन अर्घ्य सम्पन्न होगा। पटना में अवस्थित छठ घाटों का निरीक्षण कर उपयुक्त/अनुपयुक्त/खतरनाक घाटों की पहचान करने एवं विभिन्न विभागों, एजेंसियों एवं छठ पूजा समितियों के साथ समन्वय स्थापित कर घाटों की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से 21 समूह बनाकर सेक्टर पदाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों तथा सहयोगी कर्मचारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं उनकी सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी छठ घाटों पर बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता एवं भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत समुचित तैयारियाँ की गई हैं।

छठ महापर्व के आयोजन को सफल बनाने के लिए जिला आदेश, 2024 में कार्य योजनाओं तथा आवश्यक सूचनाओं के संकलन के लिए छठ कोषांग, पटना की पूरी टीम को मैं धन्यवाद देता हूँ। इस जिला आदेश के प्रकाशन से विधि–व्यवस्था संधारण और छठ पर्व प्रबन्धन से जुड़े सभी लोगों को सहायता मिलेगी। मुझे पूरा विश्वास है कि छठ महापर्व के अवसर पर प्रतिनियुक्त सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारी पूरी सजगता, सतर्कता एवं निष्ठा से छठव्रतियों की सुविधाओं एवं सुरक्षा का ध्यान रखेंगे।

शुभकामनाओं सहित **!**

डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, भा.प्र.से.

जिलाधिकारी, पटना

जिला आदेश छठ महापर्व 2024

अनुक्रमणिका

क्र0	विषय	विवरणी	पृष्ठ सं0
1	संयुक्तादेश	विधि–व्यवस्था संधारण एवं छठ महापर्व प्रबंधन से संबंधित संयुक्तादेश	1-20
2	परिशिष्ट–'क'	पटना सदर अनुमंडल अंतर्गत दण्डाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति तालाबों पर प्रतिनियुक्ति सहित।	21-60
3		पटना सिटी अनुमंडल अंतर्गत दण्डाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति।	61-88
4		नारियल घाट से शाहपुर घाट तक की प्रतिनियुक्ति।	89-91
5	परिशिष्ट–'ख'	गंगा नदी गश्ती के लिए प्रतिनियुक्ति।	92
6	परिशिष्ट–'ग'	स्पीड बोट से गश्ती के लिए प्रतिनियुक्ति	93
7	परिशिष्ट–'घ'	वाच टॉवर पर प्रतिनियुक्ति।	94-97
8	परिशिष्ट–'ड़'	नियंत्रण कक्ष एवं सहायक नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्ति।	98-100
9	परिशिष्ट–'च़'	बड़े एवं महत्वपूर्ण घाटों पर स्थापित मुख्य नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्ति।	101-102
10	परिशिष्ट–'छ़'	महत्वपूर्ण पार्किंग स्थलों पर प्रतिनियुक्ति।	103
11	परिशिष्ट–'ज'	पैदल गश्ती के लिए प्रतिनियुक्ति।	104
12	परिशिष्ट–'झ'	जे.पी. गंगा पथ पर प्रतिनियुक्ति।	105
13	परिशिष्ट–'ञ'	महात्मा गाँधी सेतु एवं जे.पी. सेतु पर गश्ती के लिए प्रतिनियुक्ति।	106
14	परिशिष्ट–'ट'	रीवर फ्रंट/घाट गश्ती के लिए प्रतिनियुक्ति।	107
15	आपदा प्रबंधन	खतरनाक घाटों की सूची।	108
16	आपदा प्रबंधन	छठ घाटों पर नागरिक सुरक्षा स्वयं सेवकों की प्रतिनियुक्ति।	109-118
17	आपदा प्रबंधन	एस.डी.आर.एफ./एन.डी.आर.एफ. की प्रतिनियुक्ति एवं सम्पर्क संख्या।	119-125
18	आपदा प्रबंधन	छठ महापर्व के अवसर पर नावों के परिचालन बन्द रखने के संबंध में आदेश।	126-129
19	आपदा प्रबंधन	छठ महापर्व के अवसर पर जिला प्रशासन के द्वारा की जाने वाली तैयारियों के संदर्भ में दिशा–निर्देश।	130-135
20	नगर निगम	पटना नगर निगम के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की घाटवार प्रतिनियुक्ति।	136-148

लगातार

क्र0	विषय	विवरणी	पृष्ठ सं0
21	स्वास्थ्य	चिकित्सा दल/एम्बुलेन्स की घाटवार प्रतिनियुक्ति एवं घाटों की अस्पताल से सम्बद्धता आदेश।	149-173
22	विद्युत	विद्युत विभाग के पदाधिकारी/कर्मी की घाटवार प्रतिनियुक्ति।	174-180
23	पी.एच.ई.डी.	छठ घाटों पर लोक स्वास्थ्य प्रमंडल के कर्मियों की प्रतिनियुक्ति।	181-189
24	बुनियादी सुविधा	चेंजिंग रूम/शौचालय/यूरिलन/नियंत्रण कक्ष/सहायक नियंत्रण कक्ष की घाटवार सूची।	190-193
25	नजारत	जिला नजारत द्वारा घाटों पर विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त एजेंसियों का विवरण।	194-196
26	अग्निशमन	अग्निशमन के पदाधिकारियों की घाटवार प्रतिनियुक्ति।	197-200
27	वन प्रमंडल	पटना पार्क प्रमंडल के क्षेत्राधीन पार्कों में पटना वन प्रमंडल के कर्मियों की प्रतिनियुक्ति।	201
28	पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्त्तन विभाग	बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद द्वारा जारी दिशा–निर्देश।	202-212
29	यातायात	ट्रैफिक प्लान	213-219
30	छठ पूजा समिति	घाटवार छठ पूजा समितियों से संबंधित दूरभाष।	220-225
31	सेक्टर/जोन	छठ घाटों के सर्वेक्षण एवं बुनियादी सुविधाओं हेतु गठित जिला स्तरीय 21 सेक्टर एवं 5 जोनल पदाधिकारी की सूची।	226-239
32	महत्वपूर्ण निदेश	जिला पदाधिकारी द्वारा छठ पूजा की तैयारियों के लिए आहूत बैठकों की कार्यवाही।	240-272
33	संचार योजना	अनिवार्य सेवाओं सहित पदाधिकारियों के महत्वपूर्ण दूरभाष।	273-279
34	मानचित्र	पटना शहरी क्षेत्र के गंगा घाटों से संबंधित मानचित्र।	

छठ महापर्व
2024

पटना समाहरणालय, पटना
(छठ कोषांग)
संयुक्तादेश

छठ लोक आस्था का महापर्व है और यह बिहारवासियों, विशेषकर पटनावासियों के लिए विशेष महत्त्व रखता है। इस अवसर पर पटना जिला के विभिन्न घाटों पर काफी संख्या में छठव्रती एवं श्रद्धालुगण, जिसमें ज्यादातर महिलायें होती हैं, गंगा स्नान एवं सूर्य देवता को अर्घ्य देने हेतु गंगा नदी के विभिन्न छठ घाटों पर अपने परिवार के सदस्यों के साथ अर्घ्य देने हेतु एकत्रित होते हैं।

इस वर्ष छठ पर्व दिनांक 07–08 नवम्बर, 2024 को मनाया जाएगा। दिनांक–05.11.2024 को नहाय खाय से पर्व का अनुष्ठान होगा। दिनांक–06.11.2024 को खरना, दिनांक–07.11.2024 को संध्याकालीन अर्घ्य एवं दिनांक–08.11.2024 को प्रातःकालीन अर्घ्य सम्पन्न होगा। नहाय–खाय के दिन (दिनांक–05.11.2024) से ही गंगा नदी में छठव्रतियों का स्नान करना एवं गंगा नदी से जल ले जाना प्रारंभ हो जाता है, जिस कारण छठ घाटों पर बहुत भीड़ होती है एवं दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। खरना के दिन (दिनांक–06.11.2024) भी काफी संख्या में छठव्रती एवं श्रद्धालुगण गंगा स्नान के लिए आते हैं।

छठ महापर्व में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं उनकी सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि सभी छठ घाटों पर बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता एवं घाटों तथा घाटों पर जाने वाले मार्गों पर आवश्यक व्यवस्था के साथ–साथ विधि–व्यवस्था संधारण/भीड़ नियंत्रण के दृष्टिगत समुचित व्यवस्था की जाए। ऐसे अवसर पर भीड़ की जगहों पर असमाजिक तत्व अशांति एवं अव्यवस्था फैलाने का प्रयास कर सकते हैं, अतएव दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल से यह अपेक्षित है कि ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखें एवं उनके विरूद्ध सतर्कतामूलक आवश्यक कार्रवाई की जाए। देश के विभिन्न भागों में हाल में हुई घटनाओं से उत्पन्न साम्प्रदायिक स्थिति एवं आतंकवादी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए अत्यधिक सर्तकता बरतने की आवश्यकता है।

इसी तरह अफवाहों पर भी ध्यान दिया जाना अतिआवश्यक है। वर्ष 2012 छठ पर्व में अदालत घाट पर अफवाह के कारण ही भगदड़ उत्पन्न होने के कारण भीषण दुर्घटना हुई, जिसमें कई लोगों की मृत्यु हो गयी एवं कई लोग घायल हो गये थे। इसी प्रकार वर्ष 2014 में गांधी मैदान, पटना में आयोजित रावण वध कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत हुई भगदड़ में भी कई लोगों की मृत्यु हो गयी एवं कई लोग घायल हो गये थे। हालाँकि वर्ष 2012 में घटित घटना को छोडकर विगत वर्षों में यह पर्व काफी हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में काफी व्यवस्थित ढ़ंग से सम्पन्न हुआ है और सभी घाटों पर छठव्रतियों एवं उनके परिजनों को आवश्यक जन सुविधाएँ भी काफी बृहत स्तर पर प्रशासन की ओर से उपलब्ध करायी जा रही हैं तथापि विधि–व्यवस्था संधारण, भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षामूलक कार्रवाई के लिए निम्न प्रकार से प्रतिनियुक्तियाँ की जाती है –

1.विधि–व्यवस्था संधारण एवं अन्य नागरिक सुविधाओं के लिए प्रतिनियुक्ति :–

छठ महापर्व के अवसर पर शांति एवं विधि–व्यवस्था के साथ–साथ अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं बनाए रखने के लिए **दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल, के साथ–साथ गोताखोर, चिकित्सा दल, एम्बुलेंस के साथ**

चिकित्सक एवं विद्युत विभाग के पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति गंगा नदी के विभिन्न घाटों पर परिशिष्ट ''क'' के अनुसार की जाती है। यह पर्व धार्मिक दृष्टिकोण से बहुत ही महत्वपूर्ण है, अतएव प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस बल को बहुत विनम्रता एवं सौजन्यता का प्रदर्शन करते हुए विधि–व्यवस्था संधारण करना है।

घाटों पर पटना नगर निगम, नगर परिषद दानापुर एवं अन्य विभागों/कार्य एजेंसियों द्वारा की जा रही **आवश्यक व्यवस्थाओं तथा सुरक्षात्मक प्रबंध के निरीक्षण, पर्यवेक्षण एवं अनुश्रवण हेतु पूर्व से ही 21 सेक्टर गठित कर पदाधिकारियों एवं अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है।** वर्तमान में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारीगण यह सुनिश्चित करेंगे कि सम्बद्ध घाट पर सभी व्यवस्थाएं त्रुटिरहित ढ़ंग से कर ली गई हैं। किसी प्रकार की त्रुटि परिलक्षित होने पर निराकरण हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे तथा इसकी जानकारी अविलम्ब छठ कोषांग को देते हुए आवश्यकतानुरूप अधोहस्ताक्षरी को देंगे।

छठ पूजा के अवसर पर छठ व्रतियों की सुविधा, भीड़ प्रबंधन एवं शांतिपूर्ण ढंग से महापर्व को सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सभी घाटों पर दण्डाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी के अलावा विद्युत विभाग के पदाधिकारी/चिकित्सा पदाधिकारी एवं उनकी टीम/नगर निगम के कर्मी/ नाविक–गोताखोर की प्रतिनियुक्ति की गयी है।

घाटों पर प्रतिनियुक्त सेक्टर दंडाधिकारी–सह–वरीय पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी का यह संयुक्त रूप से दायित्व होगा कि वे संयुक्तादेश में प्रतिनियुक्त सभी दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, पुलिस बल एवं अन्य प्रतिनियुक्त कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे। अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई हेतु जिला नियंत्रण कक्ष को प्रतिवेदित करेंगे।

2.नदी गश्ती :–

पटना सदर/पटना सिटी/दानापुर क्षेत्र में घाटों पर होने वाली भीड़ को देखते हुए नदी गश्ती हेतु मोटर नदी गश्ती दल की प्रतिनियुक्ति **परिशिष्ट ''ख''** के अनुसार की गयी है जिसके लिए नाव/मोटर लांच एवं टॉर्च, लाईफ जैकेट, गोताखोर एवं अन्य उपस्करों की व्यवस्था **श्री देवेन्द्र प्रताप शाही, अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, पटना, मो. नं.–9473267390** के द्वारा की जाएगी। संबंधित नाव/मोटर लांच पर साइनेज एवं फ्लैक्स की व्यवस्था नजारत उप समाहर्त्ता, पटना सुनिश्चित करेंगे। मोटर लांच पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी अपने–अपने सेक्टर से संबंधित घाटों पर सतत् निगरानी रखेंगे एवं गश्ती करेंगे तथा नोडल पदाधिकारी से समन्वय बनाए रखेंगे। नाव/मोटर लांच में वितंतु अधिष्ठापन का कार्य **पर्यवेक्षक, भी.एच.एफ. (पी.आई.आर.), पटना** द्वारा की जाएगी। दोनों पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि यह कार्य दिनांक–05.11.24 तक सुनिश्चित करा लिया जाय। नदी गश्ती दल सतत् गश्ती करेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि नदी में कोई भी असामाजिक तत्व किसी भी तरह से गड़बड़ी न करने पाये।

छठ महापर्व के अवसर पर पटना शहरी क्षेत्र में अवस्थित गंगा नदी में नावों का परिचालन रोकने/नियंत्रित करने के लिए **परिशिष्ट–ग** के अनुसार दण्डाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी–पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की जा रही है जो स्पीड बोट से नदी गश्ती कर इसका अनुपालन सुनिश्चित कराएंगे। इनके लिए स्पीड बोट जिला खनन पदाधिकारी, पटना एवं सहायक आयुक्त, मद्य निषेध एवं उत्पाद, पटना द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा।

3. नाव परिचालन पर प्रतिबंध

छठ के अवसर पर नदी में प्रचार–प्रसार के बहाने नाव पर लोग चलते–फिरते हैं जिससे छठव्रतियों को असुविधा होती है। इसके अतिरिक्त नावों में इंजन लगाकर नाविकगण भाड़ा कमाने के उद्देश्य से फेरी लगाते हैं। इनकी नावें सुरक्षित नहीं भी हो सकती हैं तथा नाविक भी अप्रशिक्षित एवं गैर–अनुज्ञप्तिधारी होते हैं जिसके कारण इनकी दक्षता पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। इन नावों पर जीवनरक्षक उपकरण भी नहीं रहता है, साथ ही नाव पर प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं होती है। ऐसे नाविक अधिक से अधिक भाड़ा कमाने की होड़ में नावों पर क्षमता से अधिक लोगों को चढ़ा लेते हैं तथा अनियंत्रित गति से नावों को चलाते हैं। ऐसी नावों पर चलना जान–बूझकर जान को जोखिम में डालना है। ऐसे ही नावों के परिचालन से वर्ष 1995 में नारियल घाट पर भीषण नाव दुर्घटना हुई थी, जिसमें 66 व्यक्तियों की अकाल मृत्यु हो गयी थी। दिनांक–14.01.2017 को सारण जिला के सबलपुर दियारा में आयोजित पतंग उत्सव के पश्चात् सबलपुर दियारा से गॉधी घाट पटना यात्रियों को लेकर आ रही नाव के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने के कारण नाव हादसे में कई लोगों की मृत्यु हो गयी थी।

इन कारणों से लोकहित में छठ पर्व के अवसर पर विधि–व्यवस्था संधारण के लिए परिचालित नावों को छोड़कर किसी भी अन्य नाव के परिचालन पर विगत वर्षों की तरह रोक रहेगी। नावों के परिचालन पर रोक हेतु आपदा प्रबंधन शाखा, पटना के पत्रांक–2254/आ.प्र., पटना, दिनांक–21.10.2024 के द्वारा दिनांक–0511.2024 के पूर्वाह्न से 08.11.2024 के अपराह्न तक पूर्णतः रोक लगाये जाने हेतु निदेश जिले के सभी अनुमण्डल पदाधिकारियों को दिया गया है एवं एतद् संबंधी अनुरोध जिलाधिकारी, पटना के गोपनीय शाखा के पत्रांक–12330/गो., दिनांक–22.10.2024 के द्वारा गंगा नदी के किनारे पटना जिला के सीमा से सटे जिलों के जिलाधिकारी से भी किया गया है।

सभी संबंधित अनुमण्डल दंडाधिकारी गंगा नदी में दिनांक–05.11.2024 के पूर्वाह्न से 08.11.2024 के मध्याह्न तक नावों के परिचालन को नियंत्रित एवं विनियमित करने हेतु भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा–163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा प्रख्यापित करेंगे। संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी एवं थानाध्यक्ष तथा प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी इस आदेश का कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे।

4. <u>मोटर लांच/नाव/नाविक/जाल एवं गोताखोर की व्यवस्था</u> :–

छठ पर्व के अवसर पर पटना शहरी क्षेत्र में लाखों की संख्या में छठव्रती गंगा नदी में सूर्योपासना करते हैं तथा श्रद्धालुओं की नदी घाटों पर भारी भीड़ रहती है। छठव्रतियों एवं श्रद्धालुओं के बचाव तथा विधि–व्यवस्था संधारण को दृष्टिगत कर मोटरबोट एवं अन्य संसाधनों के साथ अलग से **नाविक एवं गोताखोरों की प्रतिनियुक्तियां परिशिष्ट–''क'' में अन्तर्निहित है। एन0डी0आर0एफ0/ एस0डी0आर0एफ0 दल की भी प्रतिनियुक्ति अलग से की गयी है।**

सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी/कर्मियों को निदेशित किया जाता है कि वे दिनांक–05.11.2024 के पूर्वाह्न 06.00 बजे तक प्रतिनियुक्त स्थान पर अपने दायित्वों के निर्वहन हेतु स्थान ग्रहण कर लेंगे। घाटों पर प्रतिनियुक्त किये गये नाविकों/गोताखोरों को ससमय उनके निर्दिष्ट स्थान पर सभी संसाधनों के साथ तैनात कराने की जवाबदेही संबंधित **अनुमंडल पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों** की होगी। **अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, पटना (मो.नं.**

–9473267390) इसका अनुश्रवण कर इसे सुनिश्चित करायेंगे। एन0डी0आर0एफ0/ एस0डी0आर0एफ0 के जोनल मुख्यालय पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन, शाखा संबंधित जोनल कमांडर से तथा सेक्टर दण्डाधिकारी एन0डी0आर0एफ0 के सेक्टर पदाधिकारी से सतत् समन्वय स्थापित रखेंगे तथा किसी भी आकस्मिक/आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करवायेंगे।

एन0डी0आर0एफ0/एस0डी0आर0एफ0 दल के आवासन, मोटरबोट्स में ईंधन आपूर्ति आदि सहित प्रतिनियुक्त नाविक/गोताखोरों के आवासन, दैनिक भत्ता आदि की व्यवस्था/ भुगतान संबंधित क्षेत्र हेतु अनुमंडल पदाधिकारी एवं सदर अनुमंडल क्षेत्र हेतु **श्री अविनाश कुमार सिंह, नजारत उप समाहर्ता, पटना (मो.–9953485123)** के द्वारा आवश्यक सत्यापनोपरान्त एवं नियमो के आलोक में की जायेगी, जिसकी प्रतिपूर्ति समुचित जाँचोपरान्त विधि–व्यवस्था मद से बाद में जिला नजारत द्वारा किया जायेगा। **श्री देवेन्द्र प्रताप शाही, अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, पटना (9473267390)** इस पूरी व्यवस्था के वरीय प्रभार में रहेंगे तथा इसका सतत् अनुश्रवण करेंगे।

अनुमंडल पदाधिकारी, बाढ़–9473191204/दानापुर (9473191201) अपने–अपने अनुमंडल क्षेत्र में पड़ने वाले गंगा नदी के सभी घाटों पर जाँच कर आवश्यकतानुसार गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति नाव, नाविक, जाल एवं अन्य संसाधन के साथ करना सुनिश्चित करेंगे तथा इसके अतिरिक्त अपने नियंत्रण कक्ष में दिनांक–05.11.2024 के पूर्वाह्न से 08.11.2024 के मध्याह्न तक दो गोताखारों एवं एक–एक महाजाल सुरक्षित रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इसी प्रकार अनुमण्डल पदाधिकारी, मसौढ़ी–9473191203 एवं पालीगंज–9955235666 अपने–अपने क्षेत्रों में पड़ने वाली नदियों एवं बड़े तालाबों जहां छठ व्रत होता हो उन स्थलों पर समरूप कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे।

अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, **पटना** द्वारा जिला नियंत्रण कक्ष, पटना में एक महाजाल और पाँच महाजाल चलाने वाले तैराक की व्यवस्था दिनांक–05.11.2024 से 08.11.2024 के मध्याह्न तक दो गोताखोरों की प्रतिनियुक्ति सहित सुनिश्चित की जाएगी।

सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष अपने क्षेत्रों में विधि–व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थाओं के पूर्ण प्रभार में रहेंगे एवं क्षेत्र में पड़ने वाले विभिन्न घाटों पर पूजा–अर्चना हेतु समुचित व्यवस्था के साथ–साथ डूबने जैसी घटनाओं की संभावनाओं से बचने हेतु अनिवार्य रूप से सभी घाटों पर नाव के साथ गोताखोर की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करेंगे।

5. वाच टॉवर :–

विभिन्न घाटों पर निर्मित वॉच टॉवर पर **परिशिष्ट ''घ''** के अनुरूप दण्डाधिकारी अथवा अन्य कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की गयी है जो पुलिस बल के साथ वहाँ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। प्रत्येक वॉच टॉवर पर प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मियों को एक–एक हैण्ड–होल्ड माईक, वायनाकूलर तथा ड्रेगन लाईट पुलिस उपाधीक्षक, प्रारक्ष, नवीन पुलिस केन्द्र, पटना उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। वॉच टॉवर पर प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी हैण्ड होल्ड माईक के द्वारा भीड़ नियंत्रण हेतु सभी आवश्यक उद्घोषणा करेंगे। हैण्ड होल्ड माईक एवं टॉर्च की व्यवस्था परिचारी प्रवर प्रथम, नवीन पुलिस केन्द्र, पटना द्वारा की जाएगी, ताकि आकस्मिकता की स्थिति में इसका उपयोग उनके द्वारा किया जा सके।

6. नियंत्रण कक्षः–

जिला नियंत्रण कक्ष (0612–2219810, 2219234, 9431800675) एवं **पटना सदर तथा पटना सिटी स्थित अनुमण्डलीय नियंत्रण कक्ष (0612–2631813)** के अतिरिक्त सभी घाटों पर नियंत्रण कक्ष, महत्वपूर्ण घाटों पर बड़े नियंत्रण कक्ष तथा आवश्यकतानुरूप सहायक नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है तथा उसमें **परिशिष्ट–''ड़''** के अनुसार प्रतिनियुक्तियाँ की गई हैं। वहां प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं पुलिस बल भीड़ नियंत्रण एवं विधि–व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक कार्रवाई करेंगे। नियंत्रण कक्ष से खोये व्यक्तियों/बच्चों को उनके परिजनों से मिलाने का कार्य भी पब्लिक एड्रेस सिस्टम की मदद से किया जाएगा। खोये व्यक्तियों/बच्चों को उनके परिजनों से मिलाने में देर होने तक आस–पास के नियंत्रण कक्ष/अनुमंडल/जिला नियंत्रण कक्ष/ स्थानीय थाना से भी संपर्क कर एवं सूचनाओं का आदान–प्रदान कर इस कार्य को करायेंगे।

छठ पर्व के अवसर पर छठ कोषांग एवं सभी संबंधित विभाग यथा–पटना नगर निगम, विद्युत कार्य प्रमंडल, पेसू, जल संसाधन विभाग, पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग, सिविल सर्जन, पी0एच0ई0डी0 इत्यादि के नोडल पदाधिकारी जिला नियंत्रण कक्ष में दिनांक–05.11.2024 से पर्व की समाप्ति तक प्रतिनियुक्त रहेंगे ताकि आवश्यकतानुरूप उनके विभाग से दी जाने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कठिनाई आने पर अथवा किसी विपरीत परिस्थिति में कोई कठिनाई न हो।

इसके अतिरिक्त विधि–व्यवस्था संधारण एवं भीड़ प्रबंधन के दृष्टिकोण से पटना लॉ कॉलेज, गाय घाट, कलैक्ट्रीयट–सह–महेन्द्रू घाट तथा जे.पी. गंगा पथ–अटल पथ के रोटरी पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। इन नियंत्रण कक्षों में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों की सूची **परिशिष्ट–''च''** पर संलग्न है। **नियंत्रण कक्ष की सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ नजारत उप समाहर्ता, पटना द्वारा की जाएगी।**

7. तालाब/बड़े जलाशयों पर छठ अर्घ्य की व्यवस्था :–

पटना शहरी क्षेत्र में काफी संख्या में छठव्रती अपने घर के नजदीक के तालाब एवं जलाशयों में अर्घ्य देते हैं। वैसे स्थलों पर भारी भीड़ जमा होने की संभावना को देखते हुए संबंधित सभी अनुमण्डल पदाधिकारी/सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/सभी अंचलाधिकारी/सभी थानाध्यक्ष द्वारा तालाबों/जलाशयों पर भी विधि–व्यवस्था, गोताखोर, महाजाल एवं अन्य आवश्यक व्यवस्था अपने स्तर से सुनिश्चित करेंगे। **तालाबों पर प्रतिनियुक्ति संयुक्तादेश के परिशिष्ट ''क'' के अनुसार की गई है।**

8. भीड़ प्रबंधन :–

छठ घाटों पर व्रतियों एवं उनके परिजनों की काफी बड़ी संख्या के साथ ही आम नागरिक भी छठ घाटों पर जाते हैं। इनकी सुविधा तथा भीड़ प्रबंधन के दृष्टिकोण से निम्नलिखित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जानी है –

- **पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्थाः–** सभी घाटों पर भीड़ नियंत्रण हेतु पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था रहेगी, जिससे किसी भी कारण से विपरीत स्थिति उत्पन्न होने पर भीड़ को नियंत्रित किया जा सके एवं भगदड़ आदि की स्थिति उत्पन्न न हो। सामान्य स्थिति में भी माईक से लगातार भीड़ को धीरे–धीरे आने अथवा जाने की सूचना के साथ–साथ अफवाहों पर ध्यान न देने की सूचनाएं प्रसारित करायी जाय। संकीर्ण रास्तों पर भीड़ को

नियंत्रित तरीके से आने अथवा जाने के दौरान भी पब्लिक एड्रेस सिस्टम का लगातार प्रयोग किया जाना है। **इसकी व्यवस्था श्री अविनाश कुमार सिंह, नजारत उप समाहर्ता, पटना (मो.–9953485123) द्वारा सुनिश्चित करायी जायेगी।**

- पब्लिक एड्रेस सिस्टम प्रशासनिक दृष्टिकोण से नियंत्रण/सहायक नियंत्रण कक्ष में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के नियंत्रण में रहेगा तथा यथासंभव प्रतिनियुक्त पदाधिकारी के द्वारा ही उद्घोषणा की जायेगी।
- **छठ पूजा समिति के वॉलेनटियर की प्रतिनियुक्तिः–** भीड़ को नियंत्रित करने हेतु **छठ पूजा समिति**, महिला एवं पुरूष वॉलेनटियर को चिन्हित करते हुए परिचय पत्र निर्गत करेगी एवं उन्हें घाटों पर प्रतिनियुक्त करेगी।
- **चचरी पुल निर्माणः– किसी भी घाट पर चचरी पुल का निर्माण नहीं कराया जाना है।** छठ पूजा समिति भी कहीं पर चचरी पुल का निर्माण नहीं करें इसे सुनिश्चित किया जाना है।
- **मार्ग निर्धारणः– घाटों पर यथासंभव छठव्रतियों के घाट पर आने एवं घाट से वापस लौटने हेतु अलग–अलग मार्ग के उपयोग की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय** एवं एक ही रास्ता के उपलब्धता की स्थिति में चौड़ाई को देखते हुए बैरिकेडिंग/रोप बैरिकेडिंग/ हयूमन चेन की व्यवस्था करायी जा सकती है। मार्ग का संकेतीकरण–चिन्हिकरण का सुप्रदर्शन रहे। किसी भी तरह की भगदड़ की स्थिति की संभावना न बने, इस उद्देश्य से घाट में आने–जाने के लिए यथासंभव एक से अधिक सम्पर्क पथ की व्यवस्था की जाय। **इसे सेक्टर पदाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी सुनिश्चित करायेंगे।**
- **वाच टॉवर का निर्माणः–** सभी महत्वपूर्ण घाटों/पहुँच पथों पर आवश्यकतानुरूप वाच टॉवर की व्यवस्था की गयी है। सभी वाच टॉवर पर संख्यांकित साइनेज लगाए जाएं। **इसका अनुपालन संबंधित भवन प्रमंडल के कार्यपालक अभियंताओं के द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा। सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी इसका सत्यापन कर लेंगे।**

इसके अतिरिक्त निम्नांकित व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित किया जाना आवश्यक हैः–

- घाट पर किसी भी आपत्तिजनक वस्तु/कार्टून/स्लोगन का प्रदर्शन नहीं होने दिया जाय।
- मुख्य सड़क से घाट को जोड़ने वाली सम्पर्क सड़क के साथ घाट के सीढ़ियों की अपेक्षित मरम्मति की जाय एवं सुनिश्चित किया जाय कि घाट में किसी तरह का फिसलन न हो।
- सभी चिन्हित घाटों पर एन0डी0आर0एफ0/एस0डी0आर0एफ0 के दल प्रतिनियुक्त रहेंगे। आकस्मिकता की स्थिति में इनका उपयोग किया जाय।
- महत्वपूर्ण घाटों पर सभी **महत्वपूर्ण सम्पर्क नम्बर** यथा–प्रशासन, नगर निगम, पुलिस, विद्युत, अग्निशाम, नाव नाविक, चिकित्सा, नियंत्रण कक्ष सहित अन्य महत्वपूर्ण नम्बर फलैक्स पर प्रिन्ट कराकर दृष्टिगोचर स्थान पर दृष्टिगोचर स्थान पर **जिला जन–सम्पर्क पदाधिकारी, पटना (मो.नं.–9540961100)** द्वारा प्रदर्शित कराया जाएगा।
- सुरक्षा जाँच में सहयोग करने/संदिग्ध वस्तु एवं व्यक्तियों के संबंध में तत्काल प्रशासन को सूचित करने/किसी

भी अफवाह से बचने आदि से संबंधित सूचना घाट के विभिन्न स्थलों पर फलैक्स पर प्रिन्ट कराकर प्रदर्शित कराया जाय।

• सभी घाटों पर पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था की गयी है एवं इसकी निर्बाध व्यवस्था हेतु जेनरेटर एवं इमरजेन्सी लाईट की व्यवस्था की जाय। पटना नगर निगम द्वारा इसे सुनिश्चित कराया जाना है।

• सभी घाटों पर छठव्रतियों हेतु चेंजिंग रूम की व्यवस्था।

• घाटों पर किसी भी तरह के आतिशबाजी पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा।

• आपातकाल के लिए सभी घाटों पर नाविक के साथ गोताखोर, नाव/ट्यूब एवं रस्सी के साथ–साथ बड़े घाटो पर महाजाल की व्यवस्था भी की गयी है।

• **खतरनाक घाटों पर बांस–बल्ला में लाल झंडा/लाल कपड़े से घेरकर उसे चिन्हित किया गया है। साथ ही घाट के खतरनाक होने से संबंधित प्रत्येक घाट पर कम से कम तीन बैनर/सूचना पट्ट भी लगाये गये हैं, ताकि कोई छठव्रती इन घाटों पर पूजा नहीं करें।** प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी/पुलिस बल इसे सुनिश्चित करायेगें कि इन घाटो का उपयोग कोई छठव्रती/अन्य लोग नहीं करने पाये। उन्हें समझाकर सुरक्षित घाटों की ओर भेजा जाय।

• मोटर बोट के माध्यम से नदी में गश्ती दल की व्यवस्था भी की गयी है।

• रिवर एम्बुलेंस की व्यवस्था की जाएगी।

आपदा प्रबंधन से जुड़े इन बिन्दुओं का अनुपालन अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, पटना द्वारा सुनिश्चित कराया जाएगा।

• **यातायात व्यवस्था के लिये अलग से आदेश निर्गत है जो इस संयुक्तादेश का हिस्सा है।**

• **सभी घाटों पर चिकित्सा व्यवस्था** हेतु तीन–चार आस–पास अवस्थित घाटों में से मुख्य घाट पर चिकित्सक के साथ चिकित्सा दल एवं एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करायी गयी है जिनका संक्षिप्त विवरण परिशिष्ट ''क'' में अन्तर्निहित है।

प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी एवं प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी इन बिन्दुओं का अनुपालन सुनिश्चित करायेंगे।

• **यातायात नियंत्रण** हेतु समुचित व्यवस्था **पुलिस अधीक्षक, यातायात** द्वारा सुनिश्चित करायी जानी है।

9. <u>प्रकाश– व्यवस्था</u> :–

शहरी क्षेत्र के मुख्य सड़कों एवं घाटों से सम्पर्क पथों पर विद्युत व्यवस्था पटना नगर निगम एवं पेसू के द्वारा की जानी है। पेसू एवं पटना नगर निगम को पूर्व में घाटों की सूची उपलब्ध करा दी गई है। मुख्य अभियंता, पेसू को बैठकों में एतद् संबंधी निदेश दिया जा चुका है कि उक्त अवसर पर निर्बाध रूप से विद्युत आपूर्ति के साथ–साथ मुख्य पथ एवं घाटों के सम्पर्क पथ में पड़ने वाले लूज–कमजोर तारों को ठीक कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे। घाटों एवं मार्गों में

अस्थायी रूप से विद्युत कनेक्शन की जांच संबंधित पेसू के कार्यपालक अभियंता द्वारा ससमय कर ली जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। साथ ही साथ ऐसे घाट जहाँ पर दलदल एवं जलजमाव वाले क्षेत्र पाये गये हैं, उन स्थलों पर विद्युत व्यवस्था की नियमानुसार समुचित जाँच कर ली जाय तथा पूजा समिति द्वारा लिए गए विद्युत कनेक्शन की नियमानुसार जाँच कर लिया जाय।

दानापुर के पाँच घाटों पर नगर परिषद्, दानापुर एवं जहाज घाट, रामजीचक घाट से लेकर दीदारगंज तक घाटों एवं उनके पहुंच पथों तक रोशनी की व्यवस्था पटना नगर निगम द्वारा की जा रही है। **घाटों पर की गई बैरिकेडिंग की ठोसता प्रमाण पत्र संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी संबंधित भवन प्रमंडलों से दिनांक–04.11.2024 तक प्राप्त करेंगे।**

घाटों एवं पहुंच पथों पर रोशनी की व्यवस्था में यह ध्यान रखा जाना है कि सभी जगह वैकल्पिक रोशनी की व्यवस्था भी अवश्य रहे ताकि मुख्य व्यवस्था में किसी तकनीकी खराबी के कारण उसके बंद होने पर अचानक अंधेरा नहीं होने पाये। इसलिए आवश्यक है कि मुख्य व्यवस्था के अतिरिक्त दूसरे जेनरेटर से आवश्यकतानुरुप संख्या में बल्ब इत्यादि प्रारंभ से ही जलते रहें ताकि किसी एक के खराब होने से अंधेरा नहीं हो। **पटना नगर निगम के द्वारा सभी घाटो पर इसके अतिरिक्त इमरजेन्सी लाईट की व्यवस्था भी रखी जायेगी। नगर निगम प्रत्येक जेनरेटर के लिए एक अतिरिक्त जेनरेटर (चालक सहित) की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ताकि किसी भी परिस्थिति में रोशनी की व्यवस्था बाधित न हो।**

नगर निगम के द्वारा प्रतिनियुक्त जेनरेटर चालकों का नाम मोबाइल नम्बर सहित सूची तैयार कर संबंधित सेक्टर पदाधिकारी तथा जिला नियंत्रण कक्ष को उपलब्ध करायेंगे ताकि प्रकाश की व्यवस्था निर्बाध रूप से जारी रहे। इसी प्रकार पेसू द्वारा भी विभिन्न घाटों एवं मुख्य तालाबों पर पदाधिकारियों/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करते हुये अलग से आदेश निर्गत है जो संलग्न है। साथ ही प्रतिनियुक्त कर्मियों के नाम **परिशिष्ट ''क''** में भी अंकित हैं।

10. <u>घाटों की सफाई एवं बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्थाः–</u>

दानापुर निजामत नगर परिशद, पटना नगर निगम के द्वारा घाटों पर सफाई, आवश्यकतानुसार चाली निर्माण, सैण्ड फिलिंग, नदी में बैरिकेडिंग आदि की व्यवस्था पूर्व की भाँति सुनिश्चित की जायेगी एवं उसे दिनांक–03.11.2024 तक अवश्य पूरा कर लिया जाएगा। **जल संसाधन विभाग के अभियंताओं द्वारा पानी की गहराई को देखते हुए सुरक्षित क्षेत्र तक की अनुशंसा के अनुरुप घाटों पर बैरिकेडिंग की व्यवस्था दानापुर, दीघा से लेकर आगे दीदारगंज स्थित घाटों तक पटना नगर निगम के द्वारा किया जाएगा एवं इस कार्य को हर हाल में दिनांक–03.11.2024 तक पूरा किया जाना है।**

घाटों पर सफाई के क्रम में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव के साथ–साथ मच्छरों से बचाव हेतु फॉगिंग की व्यवस्था, पटना नगर निगम द्वारा कराया जाना है। **दिनांक–07.11.2024 की संध्याकालीन अर्घ्य के पश्चात् पुनः घाटों की सफाई की जानी है इसके लिए नगर निगम/नगर परिशद के द्वारा वैकल्पिक/दूसरे शिफ्ट की व्यवस्था रखी जाएगी।** पटना नगर निगम के आदेश ज्ञापांक–15597/प0न0नि0, दिनांक–05.10..2024 द्वारा घाटवार कर्मियों/पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

11. शौचालय, युरिनल एवं चेंजिंग रूम की व्यवस्था :–

पटना शहरी क्षेत्र स्थित गंगा नदी के सभी घाटों पर आवश्यक संख्या में शौचालय, युरिनल एवं चेंजिंग रूम की व्यवस्था कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य पटना पूर्व एवं पटना पश्चिमी प्रमंडल के माध्यम से करायी जा रही है। कार्यपालक अभियंता को निदेशित है कि पुरूष एवं महिलाओं हेतु अलग–अलग इसकी व्यवस्था संबंधित घाटों के उपयुक्त स्थल पर कराते हुये इसे दिनांक–04.11.2024 तक पूर्ण करेंगे। पुरूष एवं महिला शौचालय हेतु कलर कोडिंग एवं संख्यांकित साईनेज की व्यवस्था भी की जायेगी। चेंजिग रूम में मोटा रंगीन कपड़ा का उपयोग किया जाना है ताकि यह पारदर्शी न हो। घाट समूह के सेक्टर पदाधिकारीगण इसे सुनिश्चित करायेंगे साथ हीं चेंजिंग रूम का निर्माण उपयुक्त स्थलों पर करायेंगे ताकि छठव्रतियों द्वारा इसका उपयोग किया जा सकें। इस कार्यालय के ज्ञापांक–1738/अनु., दिनांक–19.10.2024 में दिए गए निदेश के अनुरूप फ्लैक्स भी लगाए जाएं।

12. नियंत्रण कक्ष, सहायक नियंत्रण कक्ष, पब्लिक एड्रेस सिस्टम, यात्री भोड, वाच टॉवर की व्यवस्था :–

विभिन्न छठ घाटों पर छठव्रतियों की सुरक्षा एवं सुविधा के लिये नियंत्रण कक्ष, सहायक नियंत्रण कक्ष, यात्री शेड, वाच टॉवर की व्यवस्था कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग पटना भवन प्रमंडल/पटना सिटी (गुलजारबाग)/पटना पश्चिम (दानापुर) द्वारा करायी जा रही है। संबंधित कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया जाता है कि वे इसकी व्यवस्था संबंधित घाटों के उपयुक्त स्थल पर दिनांक–04.11.2024 तक पूर्ण करेंगे। कलर कोडिंग एवं संख्यांकित साईनेज की व्यवस्था भी की जायेगी। नियंत्रण कक्ष में कुर्सी, टेबल, पब्लिक एड्रेस सिस्टम/ पेयजल आदि की व्यवस्था नजारत उप समाहर्त्ता, पटना के द्वारा की जाएगी।

13. महत्वपूर्ण निर्देशों/दूरभाष सं0 इत्यादि का प्रदर्शनः–

साईनेज के माध्यम से भीड़ नियंत्रण/अफवाहों से बचने/किसी आपात स्थिति से निपटने इत्यादि हेतु महत्वपूर्ण निर्देशों एवं दूरभाष सं0 इत्यादि का व्यापक प्रचार–प्रसार जिला जन–संपर्क पदाधिकारी, पटना सुनिश्चित करायेंगे। ऐसे सूचना पट्टिकाओं का उपयोग शहर के प्रमुख मार्गों के अतिरिक्त घाटों पर एवं पहुंचपथों पर भी किया जाय, खासकर उन पहुंचपथों पर जो संकीर्ण हैं, में इसका उपयोग प्रभावी ढंग से किया जाना है।

14. पार्किंग :–

गंगा घाटों तक श्रद्धालुओं एवं छठव्रतियों के वाहनों सुविधापूर्वक पहुँचने तथा महत्वपूर्ण घाटों के समीप बड़े पार्किंग स्थलों की व्यवस्था की गई है। इन बड़े पार्किंग स्थल यथा– गेट नं.–93 घाट के नजदीक (अटल पथ गोलम्बर के नीचे/जे.पी. सेतु के पूरब, गेट नं.–88 घाट के नजदीक, कुर्जी घाट, बाँसघाट, कलेक्ट्रियट घाट, हथिया बगान (गाय घाट), लोहा गोदाम (गाय घाट), गड़ेरिया घाट/पीरदमड़िया घाट एवं दमराही घाट (नगर निगम का पानी टंकी के पास) स्थलों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है जो **परिशिष्ट–''छ''** पर संलग्न है।

15. पैदल गश्ती/पुल पर गश्ती :–

पटना शहरी क्षेत्र के 14 क्षेत्रों में पैदल गश्ती दल की व्यवस्था तथा जे.पी. गंगा पथ एवं महात्मा गाँधी सेतु तथा जे. पी. सेतु पर गश्ती हेतु पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है (**क्रमशः परिशिष्ट–''ज'' ''झ'' एवं ''ञ''**)। पुलिस उपाधीक्षक, प्रारक्ष, नवीन पुलिस केन्द्र, पटना पैदल गश्ती दलों की व्यवस्था करेंगे। **पैदल गश्ती**

दिनांक– 07.11.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 10.00 बजे रात्रि तक अथवा भीड़ समाप्ति तक (जो बाद में हो) एवं पुनः दिनांक–08.11.2024 को 02.00 बजे प्रातः से पर्व की समाप्ति तक रहेगी।

16. रिवर फ्रन्ट/घाट गश्ती :–

कलेक्ट्रेट घाट से राजा घाट तक रिवर फ्रन्ट डेवलपमेंट योजना के तहत पक्का रास्ता तथा अन्य सभी घाटों के सम्पर्क पथ में पैदल गश्ती दल में पदाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं बलों की प्रतिनियुक्ति (**परिशिष्ट–''ट''**) में की गई है। उक्त दल छठ पर्व के दौरान श्रद्धालुओं एवं दर्शकों के गमनागमन पर कड़ी नजर रखेगे एवं उसे नियंत्रित रखना सुनिश्चित करेंगे। रिवर फ्रन्ट डेवलपमेंट के रास्ते में प्रवेश के पूर्व स्टील ब्लॉकर के माध्यम से यह सुनिश्चित करेंगे कि मात्र पैदल चलने वाले यात्री ही उसपर आ सकें तथा किसी भी प्रकार के वाहन यथा–मोटरसाईकिल/साईकिल आदि प्रवेश न कर सके। नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना द्वारा सम्पूर्ण रिवर फ्रन्ट मार्ग में रौशनी की पर्याप्त व्यवस्था की जायेगी, ताकि संध्या एवं सुबह के अर्घ्य के समय श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। रिवर फ्रन्ट गश्ती दिनांक–07.11.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 10.00 बजे रात्रि तक एवं पुनः दिनांक– 08.11.2024 को 02.00 बजे प्रातः से पर्व/भीड़ विसर्जन तक गश्ती करेंगे।

17. जलापूर्ति की व्यवस्थाः–

छठ व्रत के अवसर पर पेयजलापूर्त्ति को सुचारू रखने एवं ऑपरेशनल कार्यावधि बढ़ाने हेतु नगर मुख्य अभियंता, पटना जल पर्षद तथा पटना नगर निगम के द्वारा आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित किया जायेगा। साथ ही छठव्रतियों के आने वाले मुख्य मार्गों एवं घाटों पर पेयजल हेतु पर्याप्त संख्या में पटना नगर निगम एवं कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिक प्रमंडल, पटना द्वारा वाटर टैंकर की व्यवस्था की जाएगी। कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य पूर्वी/पश्चिमी प्रमंडल, पटना के द्वारा अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत बड़े घाटों यथा–दीघा पाटीपुल, कलेक्ट्रियट घाट एवं गाय घाट पर एक–एक वाटर ए.टी.एम. की व्यवस्था भी की जायेगी। इसके अतिरिक्त बड़े घाटों पर बोरिंग कर वाटर पोस्ट की व्यवस्था की जाएगी। कार्यपालक अभियंता, पी0एच0ई0डी0 (यांत्रिकी) द्वारा उन्हें निदेशित छठ घाटों पर (संदर्भ पत्रांक–1816/अनु., पटना, दिनांक–30.10.2024) आवश्यकतानुसार टैंकर की व्यवस्था की जायेगी। इसे उपयुक्त स्थलों पर ससमय रखवाना सुनिश्चित किया जाएगा ताकि यातायात बाधित न हो। अन्य क्षेत्रों में आवश्यकतानुसार टैंकरों की व्यवस्था पटना नगर निगम द्वारा की जायेगी।

18. चिकित्सा व्यवस्थाः–

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना (मो.नं.–9470003600) दो एम्बुलेंस जिला नियंत्रण कक्ष, पटना में, एक एम्बुलेंस दीघा पाटीपुल घाट तथा पटना कॉलेज घाट में घाट की ओर जाने वाले पहुंच पथ में, एक–एक एम्बुलेंस पटना सिटी एवं दानापुर अनुमण्डल में पर्याप्त जीवन रक्षक दवाओं एवं सी0पी0आर0 प्रशिक्षित कर्मी के साथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त पटना शहर के मुख्य तालाबों सहित अन्य शहरी क्षेत्र के घाटों पर एम्बुलेंस के साथ चिकित्सा दल की प्रतिनियुक्ति संबंधी आदेश उनके कार्यालय ज्ञापांक–9650, दिनांक–28.10.2024 द्वारा अलग से निर्गत है जो संलग्न है। असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना इस प्रतिनियुक्ति आदेश के अनुरुप प्रतिनियुक्त चिकित्सक/चिकित्सा दल एवं एंबुलेंस की उपलब्धता अक्षरशः सुनिश्चित

कराएंगे। एन.एम.सी.एच./पी.एम.सी.एच./गुरू गोविन्द सिंह अस्पताल/इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान/इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान तथा कुर्जी अस्पताल के अलावा अन्य प्रमुख अस्पतालों में आपातकालीन चिकित्सा सुविधा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी एवं इनके ऑपरेशन थियेटर 24 घंटे खुले रहेंगे। इन सभी अस्पतालों में दो–दो पुलिस पदाधिकारी के साथ 10–10 लाठी बल भी प्रतिनियुक्त रहेंगे। आई.जी.आई.एम.एस./पी.एम.सी.एच./एन.एम.सी.एच./गुरू गोविन्द सिंह अस्पताल पटना सिटी में प्रतिनियुक्त बल के साथ एक–एक दंडाधिकारी भी प्रतिनियुक्त किये गये हैं। इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान एवं पी.एम.सी.एच. में वितंतु युक्त थाना मोबाइल भी प्रतिनियुक्त रहेगा। अन्य अस्पतालों में आवश्यक व्यवस्था किए जाने हेतु असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना अस्पताल अधीक्षकों से आवश्यक समन्वय स्थापित कर इसे सुनिश्चित करायेंगे। सिविल सर्जन, पटना के साथ निजी नर्सिंग होम के संचालकों के साथ हुए विमर्श में संचालकों द्वारा एम्बुलेन्स उपलब्ध कराने एवं किसी भी आकस्मिक स्थिति हेतु नर्सिंग होम को एलर्ट पर रखने पर सहमति व्यक्त की गयी है। असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पटना इच्छुक संचालकों से आवश्यक समन्वय स्थापित कर इसे सुनिश्चित कराएंगे। इसी प्रकार अन्य अनुमंडलों में स्थित रेफरल अस्पताल/PHC/CHC तैयार हालत में रखा जाना भी असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

19. फायर ब्रिगेड :–

जिला नियंत्रण कक्ष/पटना सिटी/महेन्द्रू/गाँधी घाट/दीघा/दानापुर एवं अत्यधिक भीड़ वाले घाटों पर संबंधित अनुमण्डल पदाधिकारी फायर कार्यालय से समन्वय स्थापित कर आवश्यकतानुरूप फायर टेण्डरों की प्रतिनियुक्ति जिला अग्निशाम पदाधिकारी, पटना के माध्यम से सुनिश्चित करायेंगे। साथ ही जिन घाटों पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंच सकती है, उसके लिए वैकल्पिक व्यवस्था जिला अग्निशाम पदाधिकारी ससमय सुनिश्चित करेंगे। राज्य अग्निशाम पदाधिकारी पूरे पटना जिला हेतु उपलब्ध फायर टेण्डरों के अनुरूप अत्यधिक भीड़–भाड़ वाले स्थलों को चिन्हित करते हुये उन स्थलों पर फायर टेण्डर की प्रतिनियुक्ति करेंगे।

20. यातायात व्यवस्था :–

पुलिस अधीक्षक यातायात, पटना से प्राप्त यातायात के लिए बैरिकेडिंग/ड्रॉपगेट के प्रस्ताव के अनुकूल यह कार्य अपने–अपने क्षेत्रों में संबंधित कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग द्वारा किया जाना है। इस हेतु पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना (9431822970) को इस कार्यालय के ज्ञापांक–1738/अनु., दिनांक–19.10.2024 द्वारा निदेश दिये गये हैं। **पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना–9431822970 अपने स्तर से एक पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति इस कार्य के पर्यवेक्षण हेतु करेंगे तथा यातायात के इस व्यवस्था को जन साधारण की जानकारी के लिए समाचार–पत्रों में प्रकाशित करायेंगे**। पुलिस अधीक्षक यातायात, पटना, यातायात के सुचारू रूप से संचालन हेतु अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित करेंगे। विगत वर्ष के अनुभवों के आधार पर यह पाया गया है कि छठ पर्व के दो–तीन दिन पूर्व से पटना आने–जाने वाले प्रमुख मार्गों पर यातायात का प्रवाह काफी बढ़ जाता है जिसके कारण अवांछित जाम एवं अवरोध की समस्या उत्पन्न होती है। अतएव दिनांक–05.11.2024 से 08.11.2024 तक पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना एवं संबंधित थानाध्यक्ष अपने–अपने थाना क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के सभी आवश्यक प्रबंध करेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि प्रमुख मार्गों पर अनावश्यक रूप से वाहन पार्क न किए गए हो। पुनः काफी संख्या में छठव्रती अर्घ्य देने

हेतु महात्मा गांधी सेतु होकर गंगा के उस पार भी जाते हैं। उनके सुचारु आवागमन के उद्देश्य से महात्मा गाँधी सेतु एवं जे.पी. सेतु पर भी यातायात व्यवस्था दिनांक–07.11.2024 के अपराहन् से दिनांक– 08.11.2024 के पूर्वाहन् तक सुगम रखने की आवश्यकता है।

21. खतरनाक /अनुपयुक्त घाट :–

छठ पर्व के अवसर पर खतरनाक/अनुपयुक्त घोषित घाटों की अद्यतन सूची का प्रकाशन आमजन की जानकारी हेतु प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में जिला जन–सम्पर्क पदाधिकारी, पटना द्वारा करायी जाएगी। खतरनाक घाटों पर एतद् संबंधी सूचना पट्ट भी पटना नगर निगम द्वारा प्रदर्शित किया जाएगा। साथ ही इन घाटों पर लाल कपड़ा लगा कर इसकी घेराबन्दी भी किया जाएगा ताकि लोग उधर न जायें। खतरनाक घाटों पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी/पुलिस पदाधिकारी खतरनाक घाटों पर व्रत न करने हेतु छठव्रतियों को मना करते हुए उन्हें नजदीक के सुरक्षित घाटों पर जाने हेतु विनम्रतापूर्वक अनुरोध करेंगे। दिनांक–01.11.2024 की स्थिति के अनुसार खतरनाक/अनुपयुक्त घाटों की सूची **परिशिष्ट–ठ** पर संलग्न है।

अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर, पटना सदर एवं पटना सिटी इन घाटों का पुनः अपने स्तर से निरीक्षण कर यदि अतिरिक्त दण्डाधिकारी/पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति आवश्यक हो तो इसे अपने स्तर से करेंगे तथा पटना नगर निगम/दानापुर निजामत नगर परिशद के सहयोग से आवश्यक सुरक्षात्मक प्रबंध भी सुनिश्चित किए जायेंगे।

नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना कृपया चिन्हित खतरनाक घाटों पर आमजनों को रोकने एवं आवश्यकतानुसार घाटों पर बैरिकेडिंग कराने की कार्रवाई दिनांक–05.11.2024 के पूर्व सुनिश्चित करेंगे। नगर निगम के स्तर से भी खतरनाक घाटों पर कर्मी की प्रतिनियुक्ति की जाय जो प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित कर खतरनाक घाटों पर व्रत न करने हेतु छठव्रतियों को मना करते हुए उन्हें नजदीक के सुरक्षित घाटों पर जाने हेतु विनम्रतापूर्वक अनुरोध करेंगे। यदि किसी घाट पर जलजमाव एवं दलदल की स्थिति बनती है, तो उस स्थल की बैरिकेडिंग करते हुए लाल कपड़ा से घेराबंदी करा दी जाय। इसे नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना द्वारा कृपया सुनिश्चित कराया जाएगा।

22. छठ घाटों पर पटाखों के प्रयोग पर प्रतिबंध :–

छठ घाटों पर आतिशबाजी से छठ व्रतियों एवं आम जनता को काफी परेशानी होती है तथा इससे दुर्घटना होने की संभावना भी बनी रहती है। अतः छठ घाटों पर पटाखों के प्रयोग पर पूर्णतः रोक रहेगी। इस संबंध में **सभी थानाध्यक्षों सहित पुलिस पदाधिकारियों को निदेशित किया जाता है कि छठ घाटों पर पटाखा चलाने अथवा उसकी बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेंगे।** घाटों पर आतिशबाजी न हो इसे पूर्णतः सुनिश्चित कराया जाएगा।

23. वीडियोग्राफी/सी0सी0टी0वी0

पटना शहर में गंगा नदी किनारे के महत्वपूर्ण घाटों पर पटना स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत् सी.सी.टी.वी. की व्यवस्था की जानी है। **मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पटना स्मार्ट सिटी परियोजना (मो.नं.–8051420428)** इसे सुचारू रूप से संचालित रहने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। इसके अतिरिक्त महत्वपूर्ण घाटों पर वीडियोग्राफी/सी.सी.

टी.वी. की व्यवस्था **नजारत उप समाहर्ता, पटना** द्वारा कराई जाएगी। **सभी अनुमण्डल पदाधिकारी अपने–अपने क्षेत्रों के घाटों की वीडियोग्राफी दण्डाधिकारी के पर्यवेक्षण में सुनिश्चित करायेंगे यथा–सभी घाट, सभी सम्पर्क पथों के मोड़ पर एवं अन्य भीड़–भाड़ एवं संकीर्ण पथों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जायेगी।**

24. बम दस्ता एवं श्वान दस्ता:–

श्री चित्ररंजन प्रसाद यादव, अ.पु.अ., पटना (मो.–6201543109) को निदेश दिया जाता है कि वे पुलिस उपाधीक्षक, प्रारक्ष, नवीन पुलिस केन्द्र, पटना एवं प्रभारी श्वान दस्ता से समन्वय स्थापित करते हुए एक युनिट बम दस्ता एवं एक यूनिट श्वान दस्ता की प्रतिनियुक्ति वाहन सहित दिनांक–04.11.2024 के पूर्वाहन से छठ पर्व समाप्ति तक जिला नियंत्रण कक्ष पटना में प्रतिनियुक्ति करेंगे तथा कहीं से कोई सूचना प्राप्त होने पर अविलम्ब उक्त स्थल की जाँच करना सुनिश्चित करेंगे।

25. एन्टीसबोटेज जाँच :–

पुलिस अधीक्षक, सुरक्षा, बिहार पटना से अनुरोध है कि अपने स्तर से प्रशिक्षित बी0डी0डी0एस0 एवं बम निरोधी दस्ता की प्रतिनियुक्ति का निर्देश संबंधित को देने एवं अपने स्तर से महत्वपूर्ण स्थलों की एन्टीसबोटेज जाँच, एच0एच0एम0डी0 से प्रशिक्षित पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों से कराना सुनिश्चित करेगें।

श्री चित्ररंजन प्रसाद यादव, अ.पु.अ., पटना (मो.–6201543109) को निदेश दिया जाता है कि वे नवीन पुलिस केन्द्र, पटना में उपलब्ध संसाधनों, श्वान दस्ता का उपयोग कर सभी घाटों एवं अन्य आवश्यक स्थलों/सड़कों पर एन्टीसबोटेज जाँच सुनिश्चित करायेंगे और अनुपालन प्रतिवेदन देंगे। पुलिस उपाधीक्षक, प्रारक्ष, नवीन पुलिस केन्द्र, पटना एच0एच0एम0डी0 के साथ प्रशिक्षित कर्मियों की प्रतिनियुक्ति महत्वपूर्ण घाटों पर करेंगे।

26. महत्वपूर्ण घाटों पर बालू भरा सैण्डबैग/जी0एस0बी/मिट्टी की व्यवस्था :–

महत्वपूर्ण घाटों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से मोर्चा तैयार करने एवं किसी लावारिस वस्तु इत्यादि को तुरंत घेरने हेतु पर्याप्त संख्या में बालू भरे बैग की आवश्यकता होगी। पटना नगर निगम के द्वारा इसकी व्यवस्था की जाएगी। इसकी आवश्यकता घाटों पर दलदल इत्यादि हो जाने के कारण भी पड़ेगी। संध्या अर्ध्य के बाद कुछेक घाटों अथवा एप्रोच पथ में दलदल हो जाने के कारण इसकी आवश्यकता पूर्व के वर्षों में रही है। अतः नगर निगम के द्वारा पर्याप्त मात्रा में सैण्डबैग/जी0एस0बी0/मिट्टी की व्यवस्था घाटों पर करना सुनिश्चित किया जाएगा।

27. ठोसता प्रमाण–पत्र

गंगा नदी के घाटों पर छठ पर्व हेतु एप्रोच पथ का निर्माण, आवश्यकतानुसार पुलिया/ कलवर्ट का निर्माण, चेंजिंग रूम, नियंत्रण कक्ष, पानी के अन्दर बैरिकेडिंग, घाटों एवं एप्रोच पथ पर रौशनी की व्यवस्था पटना नगर निगम एवं विभिन्न कार्यकारी एजेन्सियों के द्वारा की जा रही है। इसके अतिरिक्त असुरक्षित घाटों अथवा नदी के ऊपर असुरक्षित क्षेत्र को भी बैरिकेट कर घेराबंदी किया जाना है। नदी के घाटों पर रौशनी की व्यवस्था हेतु पटना नगर निगम/दानापुर निजामत नगर परिशद द्वारा पर्याप्त संख्या में जेनरेटर आदि लगाए जा रहे हैं, अतः इनकी सुरक्षात्मक जाँच आवश्यक है।

घाटों पर की गयी इन व्यवस्थाओं के संबंध में संबंधित पदाधिकारी के द्वारा जाँचोपरान्त निम्नवत् ठोसता प्रमाण–पत्र जिला नियंत्रण कक्ष में समर्पित किया जायेगाः–

क्र0	व्यवस्था / कार्य	कार्यकारी एजेन्सी	ठोसता प्रमाण–पत्र निर्गत वाले पदाधिकारी
1	घाटों एवं निर्मित एप्रोच पथ की विद्युत व्यवस्था	पटना नगर निगम नगर परिषद्, दानापुर	वरीय विद्युत निरीक्षक, पटना।
2	घाटों के बाहर पहुंच पथ एवं इर्द–गिर्द की स्थायी विद्युत आपूर्ति व्यवस्था	पेसू	महाप्रबंधक, पेसू, पटना।
3	नदी के अन्दर बैरिकेडिंग	पटना नगर निगम नगर परिषद्, दानापुर	अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन, पटना / कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमंडल, पटना
4	घाटों एवं उसके एप्रोच पथ में बने नये / पुराने पुल–पुलिया	पटना नगर निगम नगर परिषद्, दानापुर पूर्व से निर्मित पुलिया के मामले मे संबंधित विभाग	अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन, पटना संबंधित कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमण्डल, पटना।
5	टेन्ट, पंडाल की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था	पटना नगर निगम भवन निर्माण प्रमण्डल	जिला अग्निशाम पदाधिकारी

28. आसूचना संग्रहण :–

दिनांक–27.10.2013 को हुंकार रैली के अवसर पर आतंकी गतिविधि के कारण घटित सीरियल बम विस्फोट की घटना, वर्ष 2012 में छठ पर्व के अवसर पर, दिनांक–03.10.2014 को रावण वध कार्यक्रम के अवसर पर अफवाह के कारण घटित–घटना एवं दिनांक 14.01.2017 को घटित नाव हादसा को देखते हुए अतिआवश्यक है कि आसूचना संग्रहण का कार्य पूरी गंभीरता एवं अच्छे ढंग से किया जाए। छठ पर्व के अवसर पर गंगा घाटों पर काफी भीड़ होती है जिसमें काफी संख्या में महिलाएं एवं बच्चे भी होते हैं। किसी संभावित घटना / आतंकी गतिविधि के संबंध में पुलिस अधीक्षक, विशेष शाखा, बिहार, पटना आसूचना संग्रहण का कार्य पूरी मुस्तैदी से सुनिश्चित कराएंगे। साथ हीं सभी संबंधित थानाध्यक्षों / अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारियों को भी निदेश दिया जाता है कि अपने स्तर से इस संदर्भ में आसूचना संकलन का कार्य सुनिश्चित करायेंगे।

29. सिविल डिफेन्स / एन0सी0सी0 कैडेट्स :–

छठ पर्व के अवसर पर सभी चयनित घाटों पर सिविल डिफेन्स के वोलिनटियर्स की पर्याप्त संख्या में उनकी प्रतिनियुक्ति मुख्यतः वॉच टावरों एवं घाटों पर बनाये गये पार्किगं स्थलों पर की गयी है। इसी प्रकार एन0सी0सी0 कैडेट्स का उपयोग संकीर्ण पथों में भीड़ नियंत्रण के साथ–साथ आवश्यकतानुसार अन्य कार्य हेतु किया जायेगा। घाटों पर प्रतिनियुक्त वरीय दंडाधिकारी / दंडाधिकारी उन्हें तदनुरूप ब्रीफ करते हुये आवश्यक निदेश देंगें ताकि भीड़ नियंत्रण के साथ–साथ वाहनों के सुगम परिचालन एवं किसी प्रकार की अफरा–तफरी वहाँ न हो यह सुनिश्चित किया जा सके।

30. छठ पूजा समितियों से समन्वय :–

छठ पर्व के अवसर पर इसे बेहतर ढंग से सम्पन्न कराने हेतु सेक्टर पदाधिकारियों/छठ पूजा समिति/प्रायोजक के साथ बैठक की गयी है। बैठक में उनके सुझाव भी लिये गये हैं ताकि बेहतर समन्वय स्थापित रहे एवं छठ पर्व के अवसर पर होने वाली व्यवस्थायें बेहतर से बेहतर हो सकें। इस संबंध में महत्वपूर्ण घाटों पर चल रहे कार्यों के पर्यवेक्षण एवं समन्वय हेतु वरीय पदाधिकारियों को प्रतिनियुक्त भी किया गया है, जो प्रतिदिन घाटों पर कार्य की प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायेंगे। साथ हीं प्रखंड/थाना स्तर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचलाधिकारी/थानाध्यक्ष को निदेशित किया गया है कि छठ पूजा आयोजन समितियों के साथ बैठक की जाय एवं चल रही तैयारियों के संबंध में पूरी जानकारी रखी जाय। साथ ही अनुमंडल स्तर पर बनाए जा रहे कम्युनिकेशन प्लान की प्रतियाँ भी उन्हें ससमय उपलब्ध कराते हुए इसकी उपयोगिता बतायी जाय एवं किसी भी कठिनाई अथवा विपरीत परिस्थिति में इसके उपयोग हेतु प्रेरित किया जाय। इसके अतिरिक्त साफ–सफाई एवं नागरिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए उनका ध्यान आकृष्ट कराया जाय।

31. छठ कोषांग :–

छठ महापर्व –2024 की सभी आवश्यक व्यवस्थाओं एवं सभी विभागों से समन्वय स्थापित करने हेतु **श्री समीर सौरभ, उप विकास आयुक्त, पटना (मो.–9031071726)** को **वरीय नोडल पदाधिकारी एवं श्री मनोरंजन कुमार, विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन, पटना (मो0–7717723302) को नोडल पदाधिकारी तथा श्रीमती मालती कुमारी, प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन, पटना (मो.–6299239901)** को **सहायक नोडल पदाधिकारी** के रूप में नामित किया गया है। छठ कोषांग के पदाधिकारियों को निदेशित है कि सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर सभी घाटों पर साफ–सफाई, बिजली, जेनरेटर, पेयजल, शौचालय, चेंजिंग रूम, बैरिकेडिंग इत्यादि की आवश्यक व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण करते हुए त्रुटियों के निराकरण हेतु ससमय कार्रवाई करेंगे तथा कृत कार्रवाई के संबंध में अधोहस्ताक्षरी को नियमित रूप से प्रतिवेदित करना सुनिश्चित करेंगे। छठ कोषांग पर्व के सम्पन्न होने तक सतत् क्रियाशील रहेगा।

32. अन्य अनुमंडल क्षेत्रों की व्यवस्था :–

इस संयुक्तादेश के माध्यम से पटना शहरी क्षेत्रों के गंगा नदी घाटों के साथ–साथ दानापुर अनुमंडल क्षेत्र के पाँच महत्वपूर्ण घाटों एवं शहरी क्षेत्र के तालाबों पर की गयी व्यवस्था एवं विधि–व्यवस्था संधारण हेतु आवश्यक प्रतिनियुक्तियॉ एवं एतद् संबंधी आदेश दिये गये हैं।

उपर्युक्त के अतिरिक्त पटना जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थित नदी घाटों एवं तालाबों पर भी छठ हेतु काफी संख्या में भीड़ एकत्रित होती है। घाटों एवं तालाबों पर जुटने वाली भीड़ के मद्देनजर विधि–व्यवस्था संधारण, सुगम यातायात एवं सुरक्षित तरीके से इस महापर्व को सम्पन्न कराने हेतु चयनित स्थलों पर पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारी एवं बल की प्रतिनियुक्ति किया जाना आवश्यक है। साथ ही घाटों पर आवश्यक व्यवस्था यथा साफ–सफाई, सुरक्षित घाटों का उपयोग बैरिकेडिंग रौशनी इत्यादि सुनिश्चित कराया जाना है। महापर्व छठ हेतु आयोजित जिला स्तरीय बैठकों में निदेश दिये गये हैं कि नगर पंचायत/नगर परिषद क्षेत्रों में यह कार्य संबंधित कार्यपालक पदाधिकारी के द्वारा कराया जाएगा। संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी इसे स्थानीय तौर पर सुनिश्चित

करायेगें।

ग्रामीण क्षेत्र के कई घाटों पर यह व्यवस्था जन–सहयोग के माध्यम से भी किया जाता है। संबंधित **अनुमंडल पदाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी/थानाध्यक्ष** अपने–अपने क्षेत्र में स्थलीय भ्रमण कर यह सुनिश्चित करेगें कि महत्वपूर्ण घाटों/तालाबों पर छठ समितियों द्वारा की जा रही व्यवस्थायें त्रुटिपूर्ण न रहें यथा लोग खतरनाक घाटों पर नहीं जाए, कोई बिजली का तार इत्यादि नग्न अथवा खुले अवस्था में घाट के आस–पास नहीं रहे। घाटों पर जल की गहराई के अनुसार बैरिकेटिंग इत्यादि किया जाए। घाटों पर नाव, जाल, गोताखोर की व्यवस्था भी स्थनीय तौर पर किया जाय। किसी त्रुटि के पाये जाने पर संबंधित विभागों के अभियंतागण को सूचित करते हुए उसका निराकरण सुनिश्चित करायेगें ताकि कोई अप्रिय घटना नहीं घटने पाये।

संबंधित **अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी** भीड़–भाड़ वाले घाटों एवं स्थलों पर विधि–व्यवस्था संधारण एवं अन्य व्यवस्थाओं हेतु अपने स्तर से संयुक्तादेश निर्गत करेंगें एवं उसकी प्रति अधोहस्ताक्षरी द्वय को प्रेषित करेंगें ताकि वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा बल की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। उक्त निदेशों के अतिरिक्त इस संयुक्तादेश की अन्य कंडिकाओं में भी पटना शहरी क्षेत्र को छोड़ कर अन्य क्षेत्रों हेतु कतिपय निदेश दिये गए हैं, जिनका अनुपालन **संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं थानाध्यक्ष** सुनिश्चित करायेगें।

उक्त परिप्रेक्ष्य में निदेशित है कि संलग्न पत्र में वर्णित निर्देश के आलोक में आगामी पर्व एवं त्यौहारों के अवसर पर मूर्ति के निमार्ण एवं उसके विसर्जन की कार्रवाई करना सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन,

हस्ता/–
जिलाधिकारी,
पटना।

अनुलग्नक :–यथोक्त।

ज्ञापांक :– 10471 /गो0, दिनांक :– 07/09/2021

प्रतिलिपि :– वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना/नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना/अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि–व्यवस्था, पटना/अपर सनाहर्ता, आपदा प्रबंधन, पटना/नगर दण्डाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, पटना को सानुलग्नक सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

हस्ता/21
जिलाधिकारी,
पटना।

OFFICE OF DISTRICT MAGISTRATE, PATNA
19 SEP 2023
CONFIDENTIAL SECTION

By E-mail only.

BIHAR STATE POLLUTION CONTROL BOARD

Parivesh Bhawan
Phone-0612-2261250/2262265, Fax-0612-2261050
E-mail: msbspcb-bih@gov.in, Website http://bspcb.bihar.gov.in

Ref. No.:- 2274 Patna, dated: 19-9-23

From

Dr. D.K. Shukla,
Chairman.

To

1. **All the District Magistrates-Cum-**
   Chairman, District Environmental Committee, Bihar.
2. **The Municipal Commissioner, All Municipal Corporation, Bihar.**
3. **The Executive Officer, All Municipal Council, Bihar.**
4. **The Executive Officer, All Municipality, Bihar.**

DIRECTION UNDER SECTION 33A OF THE WATER (PREVENTION AND CONTROL OF POLLUTION) ACT, 1974.

1. **WHEREAS**, worship of God and Goddess is very popular and widely practiced in India. Earlier, natural things like, Milk, Curd, Ghee, Betel leaves were used in worshipping Gods & Goddess and the Idols were made of clay.
2. **WHEREAS,** with passage of time, Plaster of Paris (POP) which is lighter and cheaper has become favorite material for making Idols of Gods & Goddess. Further, the dyes used to color these idols contain chemicals and are toxic when immersed in water affects the water quality and aquatic life.

3. **WHEREAS,** the State Government has in exercise of the power conferred by sub-section (1) and in particular by clause (p) of sub-section (2) of section 64 of the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974 (6 of 1974) and in compliance with the direction contained in judgment dated 06.10.2017 passed by Hon'ble National Green Tribunal, Eastern Zone Bench, Kolkata in O.A NO. 51/2016 (Ambarnath Sengupta -Vs- The State of West Bengal &Ors.), has made Bihar (Procedure for Immersion of Idol after Pujas) Rules, 2021.

4. **WHEREAS,** Under Rule (2) (b) of the said Rules 'artificial pond' is defined as "Artificial Pond means any temporary pond constructed/created by the District Administration for the purpose of idol immersion".

5. **WHEREAS,** Rule 3 of the said Rules imposes complete ban on immersion of idol in any stream and 'Stream' has been defined under the said Rules to include inland water body (whether natural or artificial). As such, there is ban on idol immersion in a pond. Further, idol immersion is to be done in artificial pond created temporarily or permanently only for the purpose of idol immersion.

6. **WHEREAS,** as per Rule 5 of the said Rule a declaration is to be submitted by the Puja Committee to the District Magistrate and respective Local Body that the height of the Idol is limited to 20ft and height of the super-structure is limited to 40 ft.

7. **WHEREAS**, Rule 7 of the said Rule provides that 'Local Body' shall ensure that idols are immersed only in artificial pond created for the purpose of idol immersion.

8. **WHEREAS**, Central Pollution Control Board, New Delhi, has also issued revised guidelines for Idol Immersion, wherein it has been stated that Idol Immersion shall not be done in any stream, river, pond, etc.

I, therefore, taking into consideration all material facts, environmental concerns and the fact that the festival season is about to come, in exercise of the powers under Section 33-A of the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974, **direct you to;-**

I. **To prohibit idol immersion in water bodies including rivers, ponds etc. To initiate necessary & timely preparatory actions for the same.**
II. **To implement provisions of Bihar (Procedure for Immersion of Idol after Pujas) Rules, 2021.**
III. **To create awareness among the people to comply the prescribed provisions of the Rules, 2021.**
IV. **To file a compliance report/Action taken report of the aforesaid direction before the undersigned.**

(D.K. Shukla)
Chairman

निबंधन संख्या पी0टी0-40

सत्यमेव जयते

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

12 आश्विन 1943 (श0)
(सं0 पटना 849) पटना, सोमवार, 4 अक्तूबर 2021

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग

अधिसूचना

4 अक्तूबर 2021

सं0 पर्या0/वन(मु0)-22/2018-779 (ई0)/प0व0ज0प0— जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) (इसके बाद उक्त अधिनियम के रूप में संदर्भित) की धारा 64 की उप-धारा (1) और विशेष रूप से उप-धारा (2) के खंड (पी) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बिहार सरकार इसके द्वारा निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. संक्षिप्त शीर्षक, विस्तार और प्रारंभ। - (1) इन नियमों को बिहार (पूजा के उपरान्त मूर्ति विसर्जन प्रक्रिया) नियमावली, 2021 कहा जावेगा।

(2) इसका विस्तार पूरे बिहार राज्य में होगा।

(3) ये नियम शासकीय गजट में प्रकाशन की तिथि से लागू होगा।

2. परिभाषाएँ। - इन नियमों में, जब तक कि विषय या संदर्भ में कुछ भी प्रतिकूल न हो, -

(क) "अधिनियम" का अर्थ जल (प्रदूषण निवारण तथा नियंत्रण) अधिनियम, 1974 (1974 का 6) से है;

(ख) "कृत्रिम तालाब" का अर्थ है मूर्ति विसर्जन के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा निर्मित/सृजित कोई अस्थायी तालाब;

(ग) "जैव-विघटनीय" का अर्थ किसी भी जैविक पदार्थ से है जिसे सूक्ष्म जीवों द्वारा सरल स्थिर यौगिकों में अवक्रमित किया जा सकता है;

(घ) "पर्षद" का अर्थ है अधिनियम की धारा 4 के तहत गठित बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद;

(ङ) "जिला प्राधिकार" का अर्थ जिला दण्डाधिकारी या पुलिस अधीक्षक से है और इसमें जिला दण्डाधिकारी और/या पुलिस अधीक्षक द्वारा लिखित में स्थायी या अस्थायी रूप से इन नियमों के प्रावधानों के क्रियान्वयन के लिए या प्रावधानों की निगरानी के लिए विशेष रूप से अभिकृत कोई भी अधिकारी शामिल है।

(च) ''मूर्ति" का अर्थ है पूजा के लिए इस्तेमाल की जाने वाली मिट्टी, बांस आदि से बने भगवान की छवि या प्रतिकृति;

(छ) ''स्थानीय निकाय", का अर्थ, इन नियमों के प्रयोजन के लिए, नगर निगम या नगर पालिका या नगर पंचायत या पंचायत है;

(ज) "पुलिस प्रशासन" से तात्पर्य किसी जिले के पुलिस अधीक्षक से है और इसमें स्थानीय पुलिस थाना भी शामिल है;

(झ) ''पूजा समिति" का अभिप्राय पंजीकृत अथवा अपंजीकृत पूजा समिति/समितियाँ हैं/और इसमें वैसे व्यक्ति या संगठन शामिल होंगे जो त्योहारों का आयोजन करते हैं अथवा अपने आदेश द्वारा किसी अन्य व्यक्तियों/कंपनी/सहयोग द्वारा पंडालों में मूर्तिगां बनाते/स्थापित करवाते हैं।

(ञ) "धारा" का अर्थ अधिनियम की एक धारा है;

(ट) "प्रवाह" में शामिल हैं-

i. नदी और उसकी सहायक नदियाँ;

ii. जल मार्ग (चाहे बह रहा हो या कुछ समय के लिए सूखा हो),

iii. अंतःस्थलीय जल क्षेत्र,

iv. भूमिगत जल,

3. मूर्ति विसर्जन कृत्रिम तालाबों में होंगे -तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य कानून में किसी बात के होते हुए भी, इस नियम के लागू होने की तिथि से किसी भी प्रवाह में मूर्ति विसर्जन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

4. पूजा समिति के कार्य- प्रत्येक पूजा समिति सुनिश्चित करेगी-

(क) कि मूर्तियों को प्राकृतिक सामग्री यथा पारंपरिक मिट्टी, बांस, आदि से बनाया जाएगा;

(ख) कि मूर्ति निर्माण में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) का उपयोग नहीं किया जाएगा;

(ग) कि मूर्तियों की रंगाई के लिए जहरीले और गैर-जैव विघटनीय रासायनिक रंगों और कृत्रिम रंग का उपयोग नहीं किया जायेगा;

(घ) कि मूर्तियों को पानी में घुलनशील और गैर विषैले प्राकृतिक रंगों से रंगा जाएगा;

(ङ) कि मूर्ति के ऊपरी ढाँचा की ऊंचाई 40 फीट से कम होनी चाहिए। और मूर्ति भी 20 फीट से अधिक ऊँची नहीं होनी चाहिए;

(च) कि पूजा सामग्री जैसे फूल और कागज और प्लास्टिक से बनी अन्य सजावटी सामग्री को मूर्तियों के विसर्जन से पहले हटाया जाना चाहिए और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली, 2016 के अनुसार निपटान के लिए जैव-विघटनीय सामग्रियां अलग से एकत्र की जानी चाहिए;

(छ) मूर्ति को निर्धारित विसर्जन स्थल/कृत्रिम तालाब में विसर्जित करने के लिए नियम 7(ख) के तहत पूजा समिति के लिए चिन्हित किया जाना है।

(ज) सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल मूर्ति विसर्जन की व्यवस्था करना;

(झ) मूर्ति विसर्जन के संबंध में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, नई दिल्ली द्वारा बनाए गए दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करना;

5. पूजा समिति द्वारा अनिवार्य घोषणा - प्रत्येक पूजा समिति जो त्योहारों का आयोजन करती है और उसके द्वारा अथवा उसके निर्देश पर किसी अन्य के द्वारा बनाए गए पंडालों में मूर्तियों को बनाती है, को जिला दण्डाधिकारी एवं संबंधित नगर निगम/नगर पालिका/नगर पंचायत/पंचायत जैसा भी मामला हो, के समक्ष एक घोषणा प्रस्तुत करनी होगी, जिसमें निर्दिष्ट होगा-

(क) कि मूर्तियों के निर्माण और ऊपरी संरचना को खड़ा करने में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) का उपयोग नहीं किया गया है;

(ख) कि मूर्तियों के निर्माण और ऊपरी संरचना के निर्माण में पारा, कैडमियम, आर्सेनिक, शीशा और क्रोमियम जैसी जहरीली भारी धातुओं वाले कृत्रिम रंग का उपयोग नहीं किया गया है;

(ग) कि मूर्ति की ऊंचाई 20 फीट तक सीमित है;

(घ) कि ऊपरी संरचना की ऊंचाई 40 फीट तक सीमित है;

(ङ) कि विसर्जन के समय मूर्ति विर्सजन की प्रक्रिया के संबंध में जिला प्रशासन द्वारा जारी सभी निर्देशों, जिसमें मूर्ति विसर्जन से संबंधित केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण पर्षद, नई दिल्ली द्वारा जारी दिशा-निर्देश शामिल होंगे, का पालन किया जायेगा;

6. पूजा समिति का दायित्व- प्रत्येक पूजा समिति जो त्योहारों का आयोजन करती है और उसके द्वारा बनाए गए पंडालों में या उनके निर्देश पर किसी और व्यक्तियों के माध्यम से मूर्तियों को बनवाती है, इन नियमों के किसी भी प्रावधान के उल्लंघन के लिए उत्तरदायी होगी और पर्षद इस तरह के उल्लंघन के लिए नियम-11 के अनुसार दंड लगा सकता है।

7. स्थानीय निकाय और जिला प्राधिकरण के कार्य-संबंधित स्थानीय निकाय या जिला प्राधिकरण के पास निम्नलिखित कार्य होंगे-

(क) मूर्तियों के विसर्जन के लिए कृत्रिम तालाबों को इतनी संख्या में बनाना जो भीड़भाड़ से बचने और प्रदूषण के भार को कम करने के लिए पर्याप्त हो;

(ख) पूजा समिति के साथ कृत्रिम तालाबों/विसर्जन स्थल को टैग/चिन्हित करना;

(ग) कृत्रिम तालाबों/ विसर्जन स्थलों को अधिसूचित करना और मूर्ति विसर्जन की ऐसी घटनाओं से एक महीने पहले जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से जनता और प्रत्येक पूजा समिति को सूचित करना;

(घ) यह सुनिश्चित करना कि कृत्रिम तालाबों / विसर्जन स्थलों में मूर्तिवों का विसर्जन पुलिस प्राधिकार या जिला प्राधिकार द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार किया जाएगा;

(ङ) विसर्जन स्थल पर जनित ठोस कचरा यथा-फूल, कपड़ा, सजावट सामग्री आदि को जलाने पर रोक लगाना;

(च) यह सुनिश्चित करना कि मूर्तियों के विसर्जन के 48 घंटे के भीतर, मूर्तियों का अवशेष संचित मलबा, पुआल या जूट के तार आदि और मूर्तियों के विसर्जन से संबंधित अन्य सभी अवशिष्ट पदार्थों को हटा दिया जायेगा और ठोस कचरे संग्रह स्थल पर पहुँचाया जायेगा, यदि इसे मूर्ति निर्माताओं या अन्य लोगों द्वारा पुनः उपयोग के लिए एकत्र नहीं किया जाता है;

(छ) यह सुनिश्चित करना कि मूर्तियों के विसर्जन के 48 घंटे के भीतर मूर्ति विसर्जन स्थलों/कृत्रिम तालाबों में बची हुई सामग्री को संबंधित स्थानीय निकाय द्वारा निपटान के लिए एकत्र कर लिया गया है;

(ज) यह सुनिश्चित करना कि विसर्जन से पहले जैव विघटनीय सामग्री को हटा लिया गया है और संबंधित स्थानीय निकाय इन सामग्रियों का उपयोग खाद और अन्य उपयोगी उद्देश्यों के लिए कर सके;

(झ) पूजा समिति का औचक निरीक्षण करना जो त्योहारों का आयोजन करती है और उनके द्वारा बनाये गये पंडालों में मूर्तियां बनाती है ताकि उनके द्वारा की गई घोषणा को सत्यापित किया जा सके;

(ञ) पूजा समिति/ संगठन द्वारा इन नियमों के किसी भी उल्लंघन की प्रतिवेदन पर्षद को देना;

(ट) उचित अधिकार क्षेत्र में स्थित नदी या अन्य जल निकाय के किनारे की सफाई के लिए पूजा समिति/समितियों पर शुल्क लगाना।

8. पुलिस प्राधिकार के कार्य-मूर्ति और अन्य अपशिष्ट पदार्थों के अवशेषों को हटाने, परिवहन और निपटान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्राधिकार उनके संबंधित स्थानीय निकाय को सभी आवश्यक सहायता प्रदान करेगा।

9. पर्षद के कार्य - (1) पर्षद, अधिमानतः प्रथम श्रेणी के शहरों (एक लाख से अधिक आबादी वाले) में, तीन चरणों में अर्थात विसर्जन पूर्व, विसर्जन के दौरान और विसर्जन के बाद जल निकाय के जल गुणवत्ता का मूल्यांकन करेगा। जल निकाय के आकार को ध्यान में रखते हुए, पानी की गुणवत्ता का एक उचित प्रतिनिधि मूल्यांकन प्राप्त करने के लिए नमूना स्थानों की उचित संख्या निर्धारित की जा सकती है। पानी की गुणवत्ता का पता लगाने के लिए, पीएच, डीओ, बीओडी, सीओडी, कंडक्टिविटी, टर्बिडिटी, टीडीएस, टोटल सॉलिड्स और मेटल्स (क्रोमियम, लेड, जिंक और कॉपर) जैसे भौतिक-रासायनिक मापदंडों का विश्लेषण किया जा सकता है और परिणाम पर्षद की वेबसाइट पर पोस्ट किए जा सकते हैं।

(2) पर्षद स्थानीय प्रशासन की मदद से न केवल मूर्तियों, बल्कि त्योहारी समय के दौरान उपयोग की जाने वाली अन्य सजावटी सामग्री के रंग सामग्री के जहरीले घटकों के दुष्प्रभावों पर अभियान चलाएगा।

10. विसर्जन स्थल पर देखी जाने वाली प्रक्रियाएं:

मूर्तियों के सभी फूल, पत्ते और कृत्रिम आभूषण हटा दिए जाएंगे और मूर्तियों को तल में हटाने योग्य सिंथेटिक लाइनर का उपयोग करके तालाब के एक कोने में विसर्जित किया जा सकता है, और विसर्जन के बाद, मूर्तियों के अवशेषों

के साथ लाइनर को बाहर निकाला जा सकता है और तालाब के पानी में ठोस पदार्थों को जमा करने के लिए चूना डाला जाएगा और उचित समय पर, तालाब से मलबा हटाने का कार्य किया जाएगा।

11. पर्यावरणीय मुआवजे का आरोपण - (1) यदि कोई पूजा समिति त्योहारों का अयोजन करती है और उसके द्वारा बनाये गये अथवा उसके निर्देश पर बनाये गये पंडालों में मूर्तियों को बनाती है और नियम-4 के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करती है या स्थानीय निकाय अथवा जिला प्राधिकार से सूचना प्राप्त होती है तो पर्षद पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति की राशि वसूल कर सकती है:-

(क) पंचायत क्षेत्र में स्थित पूजा समिति के मामले में रु. 5,000/-

(ख) नगर निगम, नगर पालिका या नगर पंचायत के क्षेत्र में स्थित पूजा समिति के मामले में रु. 10,000/-

(2) पर्यावरणीय मुआवजे की मात्रा को पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार द्वारा पर्षद की सिफारिश पर बढ़ाया / बदला जा सकता है।

12. इन नियमों के हिन्दी एवं अंग्रेजी पाठ में किसी भी प्रकार के मतभिन्नता की स्थिति में हिंदी पाठ प्रभावी होगा।

बिहार-राज्यपाल के आदेश से,
दीपक कुमार सिंह,
सरकार के प्रधान सचिव।

The 4th October 2021

No. Parya Van(Mu.)-22/2016-779(ई०)/E.F&CC.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) and in particular by clause (p) of sub-section (2) of section 64 of the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974 (6 of 1974) (hereinafter referred to as the said Act), the Government of Bihar hereby makes the following rules, namely:-

1. **Short title, extent and commencement. - (1)** These rules may be called the Bihar (Procedure for Immersion of Idol after Pujas) Rules, 2021.
(2) It shall extend to the whole of State of Bihar.
(3) These rules shall come into force from the date of its publication in the official gazette.

2. **Definitions.** –In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or context, -
   a) "Act" means the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974 (6 of 1974);
   b) "Artificial Pond" means any temporary pond constructed/created by the District Administration for the purpose of idol immersion;
   c) "Bio-degradable" means any organic material that can be degraded by micro-organisms into simpler stable compounds;
   d) "Board" means the Bihar State Pollution Control Board constituted under section 4 of the Act;
   e) "District Authorities" means the District Magistrate or the Superintendent of Police and includes any officer specially assigned by the District Magistrate and/or the Superintendent of Police in writing, permanently or temporarily, for implementation of the provisions of these Rules or to oversee the provisions of these Rules;
   f) "Idol" means an image or representation of a god made of clay, bamboo, etc., used for the worship;
   g) "Local body", for the purpose of these rules, means and includes the Municipal Corporation or Municipality or Nagar Panchayat or Panchayat;
   h) "Police administration" means the Superintendent of Police in a district and includes the local police station;
   i) "Puja Committee" means Registered and unregistered Puja Committees/committees/Samiti and shall include individuals or organizations

who organizes the festivals and makes/places the idols in pandals raised by it or by any other person(s)/company/individual /cooperation on their instructions;

j) "Section" means a section of the Act;

k) "Stream" includes—

i. river and its tributaries;

ii. water course (whether flowing or for the time being dry).

iii. inland water body,

iv. sub-terranean waters,

3. **Idol to be immersed in artificial ponds-** Notwithstanding anything contained in any other law for the time being in force, from the date of coming into force of this Rule there shall be complete ban on immersion of idol in any stream.

4. **Functions of puja committee.**—Every puja committee shall ensure—

a) that the idols shall be made from natural materials i.e., traditional clay, bamboo, etc.;

b) that no use of Plaster of Paris (POP) in idol making;

c) that no use of toxic and non-biodegradable chemical dyes and synthetic colour for painting of the idols;

d) that the idols shall be painted by water soluble and non-toxic natural dyes;

e) that the height of the super structure of the idol shall be less than 40 ft. and the idol also shall not exceed 20 ft in height;

f) that worship materials like flowers and other decorating materials made of paper and plastic shall be removed before immersion of idols and bio-degradable materials shall have be collected separately for disposal as per Solid Waste Management Rules, 2016;

g) to immerse the idol at the designated immersion spot/artificial pond as may be marked for the puja committee under Rule 7 (b).

h) to arrange for safe and environment friendly idol immersion;

i) to strictly adhere to the guidelines framed by the Central Pollution Control Board, New Delhi, relating to idol immersion;

5. **Mandatory declaration to be made by puja committee.** — Every puja committee which organizes the festivals and makes the idols in pandals raised by it or upon its instruction by anyone else, shall have to submit a declaration before the District Magistrate and respective Municipal Corporation, Municipality, Nagar Panchayat or Panchayat, as the case may be, specifying—

a) that no Plaster of Paris (POP) has been used in the making of idols and raising of super-structure;

b) that no synthetic paint or colour containing toxic heavy metals like mercury, cadmium, arsenic, lead and chromium has been used in the making of idols and raising of super-structure;

c) that the height of idol is limited to 20 ft;

d) that the height of the super-structure is limited to 40 ft;

e) that at the time of immersion all directions issued by the district administration in relation to procedure for idol immersion will be adhered to including the guidelines issued by the Central Pollution Control Board, New Delhi, relating to idol immersion;

6. **Liability of puja committee** — Every puja committee who organizes the festivals and makes the idols in pandals raised by it or upon its instructions by anyone else, shall be liable for violation of any of the provisions of these rules and the Board may impose penalty for such violation in accordance with the provisions of rule 11.

7. **Functions of local body and district authority.** —The concerned local body or the district authority shall have the functions—

a) To make such number of artificial ponds for the purpose of immersion of idols as may be sufficient to avoid overcrowding and reduce pollution load;

b) To tag/mark artificial ponds/immersion spot with puja committee;

c) to notify artificial ponds/immersion spots and inform the public and every puja committee through awareness programme preferably a month before such events of idol immersion;

d) to ensure that immersion of idols in artificial ponds/immersion spots shall take place in accordance with the time schedule fixed by the police authority or by the district authority;

e) to prohibit burning of solid wastes, so generated comprising of used flowers, clothes, decorating materials, etc. at the immersion site;

f) to ensure that within 48 hours of the immersion of the idols, the remains of the idols, accumulated debris, straw or jute strings, etc. and all other waste materials related to the immersion of idols have been removed and are transported to the solid waste dumping sites of the concerned local body for ultimate disposal, unless the same is collected by idol makers or others, for recycling;

g) to ensure that within 48 hours of the immersion of idols, remaining left over materials at idol immersion spots/artificial ponds have been collected by the concerned local body for disposal;

h) to ensure the biodegradable materials be removed before immersion and the concerned local bodies may use these materials for composting and other useful purpose;

i) to carry surprise inspections of the puja committee who organises the festivals and makes the idols in pandals raised by it to verify the declaration made by it;

j) to report any violation of these rules by the puja committee/ organization to the Board;

k) to levy fees from the puja committee to clean the banks of river or other water body situated within the appropriate jurisdiction.

8. **Functions of police authority.** (I) The police authority shall render all necessary assistance to their concerned local body to ensure the removal, transportation and disposal of the remains of idol and other waste materials.

9. **Functions of Board — (1)** The Board shall conduct water quality assessment of the water body, preferably in Class-I cities (having population more than one lakh), at three stages i.e. pre-immersion, during immersion and post immersion. Considering the size of water body, appropriate number of sampling locations may be determined in order to get a fairly representative assessment of water quality. For ascertaining water quality, Physico-chemical parameters such as pH, DO, BOD, COD, Conductivity, Turbidity, TDS, Total Solids and Metals (Chromium, Lead, Zinc and Copper) may be analyzed and results posted on the SPCB's website.

(2). The Board shall campaign on the ill effects of the toxic components of colouring materials, not only of the idols, but also other decorating materials used during the festive season with help of the local administration.

10. **Procedures to be observed at immersion point:-**

All the flowers, leaves and artificial ornaments of idols shall be removed and idols may be immersed into a corner of pond using removable synthetic liners in the bottom and the post immersion, liners may be taken out along with remains of idols and lime shall be added to the pond water for settling the

solids and in due course, desludging of the pond shall be undertaken afterwards.

11. Imposition of Environmental Compensation — (I) The Board may, if any puja committee who organizes the festivals and makes the idols in *pandals* raised by it or upon its instructions by anyone else, violates of any of the provisions of rule 4, or upon receipt of information from local body or District authority about any violation of these Rule by any puja committee/organization, levy Environmental Compensation for an amount of—

a) in case the puja committee located in the area of Panchayat, Rs. 5,000/-

b) in case the puja committee located in the area of Municipal Corporation, Municipality or Nagar Panchayat, Rs. 10,000/-;

(2) The quantum of Environmental Compensation may be increased/altered by the Department of Environment, Forest & Climate Change, Government of Bihar, on recommendation by the Board.

12. In case of any ambiguity in English and Hindi version of these rules, the Hindi version will prevail.

By the order of the Governor of Bihar,
Dipak Kumar Singh,
Principal Secretary to Government.

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 849–571+500–डी0टी0पी0।
Website: http://egazette.bih.nic.in

जिला प्रशासन, पटना

महापर्व छठ–2024 के आयोजन से संबंधित

आवश्यक सूचना (ट्रैफिक प्लान)

छठ पूजा–2024 के अवसर पर छठव्रतियों/श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए **दिनां–07.11.2024 को दोपहर 12:00 बजे अपराह्न से संध्या 19:00 बजे तक/यातायात सामान्य होने तक एवं दिनांक–08.11.2024 को** सुबह 02:00 बजे **से 08:00 बजे** पूर्वाह्न **तक/यातायात सामान्य होने तक (अग्निशामक,** एम्बुलेन्स एवं **मरीज/शव** वाहनों/**छठव्रतियों के वाहनों को छोड़कर)** पटना शहर की यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार रहेगा :–

➢ **अशोक राजपथ पर यातायात परिचालन की व्यवस्था** :–

1. कारगिल चौक से पूरब दीदारगंज तक किसी भी प्रकार के वाहनों का परिचालन नहीं होगा।
2. अशोक राजपथ के सभी इन्ट्री प्वाईंट बन्द रहेगा। सिर्फ खजांची रोड से पटना कॉलेज/सायंस कॉलेज, परिसर में वाहनों की पार्किंग हेतु मात्र छठव्रतियों के वाहनों का परिचालन होगा।
3. कारगिल चौक से पश्चिम शाहपुर तक छठव्रतियों के सभी प्रकार के वाहनों का परिचालन होगा।
4. दिनांक–07.11.2024 को 02:00 बजे अपराह्न से संध्या 05:30 बजे तक एवं दिनांक–08.11.2024 को 03:00 बजे पूर्वाह्न से 06:00 बजे पूर्वाह्न तक की अवधि में दीघा मोड़ से आशियाना मोड़ की तरफ (उत्तर से दक्षिण की ओर) वाहनों का परिचालन नहीं होगा। उक्त अवधि में ये सभी वाहन रामजीचक मोड़ से नहर रोड होते हुए (बेली रोड) जा सकेंगी।

➢ **गायघाट की ओर जाने वाली वाहन** :– ये वाहन पुरानी बाईपास अथवा न्यूबाईपास से सीधे धनकी मोड़, शीतला माता मंदिर अथवा बिस्कोमान गोलम्बर से गायघाट की ओर चली जायेगी और नजदीक के निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्क करेंगे। जे0पी0 गंगा पथ का उपयोग वर्जित रहेगा।

1. **गायघाट पुल नीचे से परिचालित होने वाले** टेम्पू एवं **अन्य व्यावसायिक वाहन** :– दिनांक–07.11.2024 को दोपहर 12:00 बजे से **दिनांक–08.11.2024** को 10:00 बजे **पूर्वाह्न** तक की अवधि **में गायघाट पुल नीचे** तक टेम्पू एवं अन्य व्यावसायिक वाहनों के आने पर **रोक** रहेगी। उक्त अवधि में अगमकुआँ आर0ओ0बी0 से गायघाट आने वाली व्यावसायिक वाहन एन0एम0सी0एच0 तक आयेगी तथा धनकी मोड़/बिस्कोमान गोलम्बर से गायघाट आने वाली व्यावसायिक वाहन डंका ईमली चौक तक आयेगी। इसी प्रकार गायघाट **पुल नीचे** से परिचालन होने वाले टेम्पू एवं व्यावसायिक वाहन अगमकुआँ आर0ओ0बी0 नीचे से बिस्कोमान गोलम्बर **से** धनकी मोड़ से पुरानी बाईपास **होते** हुए गांधी **मैदान** एवं अन्य जगहों **पर जायेगी**। गांधी मैदान की ओर से **गायघाट**/अशोक राजपथ में जाने वाली **वाहन**, एक्जीबिशन रोड होते हुए राजेन्द्रनगर पुल से बहादुरपुर गुमटी होते हुए बाईपास, अगमकुआं से **बाईपास** थाना तक जायेंगी। साथ ही उक्त अवधि में सुदर्शन पथ में व्यावसायिक वाहनों का परिचालन पर प्रतिबंध रहेगा।
2. बाईपास थाना मोड़ से चौक शिकारपुर आर0ओ0बी0 होकर छठव्रतियों के वाहनों को छोड़कर **सभी** प्रकार के व्यवसायिक वाहन (तीन पहिया वाहन सहित) का प्रवेश वर्जित रहेगा। कंगन घाट/चौक मोड़ जाने वाले **सिर्फ छठव्रती** वाहनों को सिटी स्कूल के पास रोक कर **सिटी स्कूल परिसर, चौक** एवं **गंगल तालाब परिसर में** पार्क कराया जायेगा और वहां से छठव्रती पैदल घाट तक जायेंगे।
3. चौक शिकारपुर आर0ओ0बी0 से पूरब मोर्चा रोड/पूरब दरवाजा की ओर जाने वाले छठव्रतियों के वाहनों को **गुरू गोविन्द सिंह आर0ओ0बी0 के नीचे एवं पटना साहिब स्टेशन के पास** पार्क कराया जायेगा तथा वहां से छठव्रती एवं श्रद्धालु पैदल घाट तक जायेंगे।
4. न्यू बाईपास, करमलीचक मोड़ से पटना सिटी आने वाले सभी प्रकार के वाहन (तीन पहिया वाहन सहित) के प्रवेश पर रोक रहेगा।

5. दीदारगंज से अशोक राजपथ में सभी प्रकार के व्यवसायिक वाहन (तीन पहिया वाहन सहित) का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। सिर्फ छठव्रती के वाहन प्रवेश करेंगे और **कटरा बाजार समिति के प्रांगण** में पार्क कराया जायेगा, वहां से छठव्रती एवं श्रद्धालु पैदल घाट तक जायेंगे।

➢ <u>जे0पी0 सेतु</u> :–

1. जे0पी0 सेतु पर दिनांक–07.11.2024 को 14:00 बजे से 19:30 बजे तक **सोनपुर/छपरा से पटना** की ओर यातायात का परिचालन नही होगा।
2. इसी प्रकार दिनांक–08.11.2024 को 03:00 बजे पूर्वाह्न से 06:00 बजे पूर्वाह्न तक सोनपुर/छपरा से पटना की ओर और 06:00 बजे पूर्वाह्न से 08:00 बजे पूर्वाह्न तक पटना से सोनपुर/छपरा की ओर यातायात का परिचालन नहीं होगा।
3. भारी वाहनों यथा, बस, ट्रक, हाईवा, जे0सी0बी0 इत्यादि का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
4. जे0पी0 सेतु से पटना की ओर आने वाले वाहनों को गंगा पथ पर नीचे नहीं आने दिया जायेगा। ये सभी वाहन सीधे जे0पी0 सेतु के एप्रोच्च पथ से अशोक राजपथ पर जा सकेंगे।
5. आमजनों से अनुरोध है कि जे0पी0 सेतु होकर सोनपुर/छपरा/हाजीपुर जाने के लिए उक्त अवधि में महात्मा गांधी सेतु का अधिक–से–अधिक प्रयोग किया जाय।

➢ <u>रामजीचक आर0ओ0बी0</u> :–

1. रामजीचक आर0ओ0बी0 उपर से मात्र छठव्रतियों के वाहनों को जे0पी0 सेतु आने की अनुमति होगी और इन वाहनों की पार्किंग रामजीचक आर0ओ0बी0 उपर (जे0पी0 सेतु छोर) करायी जायेगी।
2. रूपसपुर नहर रोड से जे0पी0 सेतु आने वाले सामान्य वाहन रामजीचक आर0ओ0बी0 उपर न चढ़कर नीचे से जे0पी0 सेतु जा सकेंगे।
3. दीघा (रामजीचक) अशोक राजपथ से जे0पी0 सेतु आने वाले श्रद्धालुओं के वाहनों को पाटली पथ उत्तरी छोर के पास से यू–टर्न कराकर पाटली पथ उपर पार्क कराया जायेगा।

➢ <u>अटल पथ</u> :– दिनांक–07.11.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 20:00 बजे तक एवं दिनांक–08.11.2024 को सुबह 02:00 बजे से 09:00 बजे पूर्वाह्न तक की अवधि में अटल पथ से जे0पी0 सेतु/**सोनपुर** की ओर सामान्य वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। उक्त अवधि में जिन आकस्मिक वाहनों को सोनपुर/छपरा/हाजीपुर जाना हो ये अशोक राजपथ व रूपसपुर नहर रोड से रामजीचक आर0ओ0बी0 नीचे से जे0पी0 सेतु होते हुए सोनपुर की ओर जा सकते हैं। **अटल पथ पर दीघा से आर0 ब्लॉक की तरफ वाहनों का परिचालन पर पूर्ण रूप से रोक रहेगा एवं वाहनों के पार्किंग की अनुमति नहीं रहेगी। छठव्रतियों के वाहन 03:30 बजे अपराह्न तक जे0पी0 सेतु पूर्वी घाट तक जा सकेंगे। उसके पश्चात् घाट पर आने वाले वाहनों की पार्किंग अटल पथ के पश्चिमी लेन में की जायेगी एवं वहां से छठव्रती घाट पर पैदल जायेंगे।**

➢ <u>छठ घाट पर वाहनों के आवागमन हेतु यातायात की व्यवस्था</u> :–

1. <u>पाटीपुल घाट/दीघा घाट/शिवा घाट/मीनार घाट (दीघा)</u> :–इन सभी घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं/छठव्रतियों के वाहन संबंधित घाट के निर्धारित पार्किंग स्थल में अपना वाहन पार्क करेंगे और वहां से श्रद्धालु पैदल उक्त घाटों पर जायेंगे। इन घाटों पर वाहनों <u>का प्रवेश/निकास जे0पी0 सेतु के एप्रोच पथ से रूपसपुर नहर रोड से होगा।</u>

इसी प्रकार अशोक राजपथ से अटल पथ नीचे एवं दीघा पोस्ट ऑफिस रोड से आने वाले छठव्रती/श्रद्धालुगन के वाहन सूर्य मंदीर चौहट्टा से पश्चिम खाली जगह में पाटीपुल अंडरपास तक रेलवे ब्रिज के नीचे खाली जगह में पार्क करायी जायेगी, एवं वहां से पैदल घाट तक जायेंगे। इसके अलावे सूर्य मंदीर(चौहट्टा) से पूर्व खाली जगह में पार्क करायी जायेंगी।

2. गेट नं0–93 (दीघा) :– इस घाट पर आने वाले छठव्रतियों/श्रद्धालुओं के सभी बड़ी/छोटी वाहन गेट नं0–93 से प्रवेश होगा और निकास गेट नं0–92 से होगा। गेट नं0–93 से वाहनों के प्रवेश बन्द होने के उपरान्त ही गेट नं0–93 से वाहनों का निकास होगा। इन वाहनों की पार्किंग गंगा पथ से सटे उत्तर एवं दक्षिण रास्ते के दोनों तरफ (पूरब एवं पश्चिम) निर्धारित स्थल में होगा।

3. गेट नं0–88 एवं 83 घाट :– इन घाटों पर जाने वाले वाहन अशोक राजपथ से सीधे प्रवेश कर गंगा पथ के अंडर पास से जा सकते हैं और इन वाहनों की पार्किंग गंगापथ के उत्तर चिन्हित स्थलों पर की जायेगी।

4. जे0पी0 गंगा पथ (मरीन ड्राइव) :– जे0पी0 गंगा पथ पर दीघा गोलम्बर से गायघाट तक दोनों फ्लैंक में सभी वाहनों का परिचालन पर पूर्व रूप से रोक रहेगा एवं जे0पी0 गंगा पथ पर वाहनों की पार्किंग की अनुमति नहीं होगी। कोई भी वाहन जे0पी0 गंगा पथ (दीघा) गोलम्बर को घूमकर यू–टर्न नहीं लेंगे। जे0पी0 सेतु पूर्वी घाट, गेट नं0–93 एवं 92 घाट पर आने वाले वाहन जे0पी0 सेतु रेलवे ब्रीज के पूरब रास्ते से उतरकर दाहिने मुड़कर निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्क करेंगे। इसके अलावे अन्य घाट पर जाने वाले छठव्रतियों के वाहनों का प्रवेश/निकास गंगा पथ के नीचे अंडरपास से पार्किंग स्थल तक होगा।

5. कुर्जी घाट :– इस घाट पर जाने वाले वाहन कुर्जी मोड़ से अंदर प्रवेश कर जे0पी0 गंगा पथ के अंडरपास से जे0पी0 गंगा पथ के उत्तर निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्क की जायेगी।

6. पहलवान घाट/बांस घाट :– इस घाट पर जाने वाले वाहन अशोक राजपथ से उत्तर जे0पी0 गंगा पथ अंडरपास से बने रास्ते से सीधे घाट की ओर पार्किंग स्थल तक जायेंगे एवं रास्ते के दाहिने एवं बायें निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्क करेंगे।

7. कलेक्ट्रिएट घाट/महेन्द्रु घाट :– इस घाट पर जाने वाले वाहन आयुक्त कार्यालय के सामने जे0पी0 गंगा पथ गोड़ से अंडरपास से अत्तर दाहिने (पूरब) मुड़कर जे0पी0 गंगापथ के नीचे से होते हुए घाट के निकट रास्ते के पश्चिम निर्धारित पार्किंग स्थल में पार्क करेंगे। अथवा गांधी मैदान के अन्दर वाहन पार्क कर पैदल घाट तक जा सकते है।

8. पटना कॉलेज :– बारी पथ से अशोक राजपथ में जाने वाले छठव्रतियों/श्रद्धालुओं के वाहन केवल खजांची रोड से अशोक राजपथ में जायेंगे एवं वाहन को पटना कॉलेज मैदान में पार्क कर वहाँ से पैदल घाट तक जायेंगे।

9. साईंस कॉलेज :– एनीबेसेन्ट रोड, रमना रोड, कुनकुन सिंह लेन से आने वाली सभी वाहन साईंस कॉलेज में आकर पार्क होगी तथा वहां से छठव्रती गाडी पार्क कर पैदल विभिन्न घाटों के लिए प्रस्थान करेंगे।

10. यदि कोई वाहन (छठव्रती के वाहन को छोड़कर) गायघाट से अशोक राजपथ पर आ जाती है तो उसे गांधी चौक से बारी पथ में डायवर्ट कर दिया जायेगा। ये वाहन किसी भी परिस्थिति में अशोक राजपथ होते हुए सीधे गांधी मैदान की ओर नहीं आयेंगी।

➢ न्यूबाईपास एवं अन्य मार्ग पर यातायात परिचालन की व्यवस्था :–

1. दिनांक–07.11.2024 के 10:00 बजे पूर्वाहन से दिनांक–08.11.2024 को 10:00 बजे पूर्वाह्न तक की अवधि में पूरब (बाढ़/मोकामा) से पटना आने वाले भारी वाहनों (ट्रको) का परिचालन फतुहाँ में पूरब ओवरब्रीज से 02 कि0मी0 पश्चिम से यू–टर्न लेकर एन0एच0–30 होते हुए बिहटा–सरमेरा पथ से परिचालन होगा।

2. बिहटा से पूरब आने वाले भारी वाहनों (ट्रकों) का परिचालन बिहटा से कन्हौली मोड़ से बिहटा–सरमेरा पथ होते हुए न्यूबाईपास में फतुहा ओवरब्रीज के पास आयेंगे।

3. नगर बस सेवा :– पटना जंक्शन, जी0पी0ओ0 होते हुए बेली रोड से दानापुर या खगौल जाने वाली बस कारगिल चौक पर नहीं आकर गांधी मैदान गेट नं0–10 के अन्दर पार्क की जायेगी।

छठव्रतियों / श्रद्धालुओ के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था

क्र0	घाट का नाम	पार्किंग स्थल का नाम	वाहनों के प्रकार	अनुमानित वाहन क्षमता
01	शाहपुर घाट	होंवी ग्राउण्ड (कन्टोनमेन्ट)	बड़ी / छोटी वाहन	100
02	एस0डी0ओ0 घाट	कान्टेनमेन्ट फिल्ड (आरा गोलम्बर के पास)	बड़ी / छोटी वाहन	300
03	पीपापुल घाट	दानापुर टैम्पो स्टैण्ड	बड़ी / छोटी वाहन	200
04	दीघा स्थित घाट (रामजी चक, शिवा घाट, पाटीपुल घाट, दीघा पोस्ट ऑफिस रोड, मीनार घाट, बिन्द टोली घाट आदि)	पाटलीपथ के एपर जे0पी0 सेतु छोर उत्तर एवं दक्षिण दोनों फ्लैंक में	बड़ी / छोटी वाहन	1000
		रामजीचक आर0ओ0बी0 तपर (जे0पी0 सेतु छोर)	बड़ी / छोटी वाहन	100
		जे0पी0 सेतु दीघा जर्नादन घाट गोलम्बर के चारों तरफ	बड़ी / छोटी वाहन	220
		जे0पी0 सेतु गातायात पोस्ट से पूरब उत्तरी फ्लैंक	केवल एम्बुलेंस / अग्निशमन व अनिवार्य वाहन	—
		मीनार घाट के सामने खाली जगह	केवल मोटरसाईकिल	100
		दीघा जनार्दन घाट गोलम्बर के बीच में खाली जगह	केवल मोटरसाईकिल	100
		दीघा जनार्दन घाट गोलम्बर के पूरब खाली जगह	केवल मोटरसाईकिल	100
		सूर्य मंदिर (चौहट्टा) के पूरब खाली जगह	बड़ी / छोटी वाहन	300
		सूर्य मंदिर (चौहट्टा) से पश्चिम खाली जगह में पाटीपुल घाट अंडरपास तक रेलवे ब्रीज के नीचे	बड़ी / छोटी वाहन	600
05	जे0पी0 सेतु पूर्वी घाट / गेट नं0–93 घाट	जे0पी0 सेतु के नीचे पाया नं0–01 एवं 02 के बीच पूरब गंगा पथ से सटे उत्तर खाली जगह	बड़ी / छोटी वाहन	2000
06	गेट नं0–93 / 92 / 88 घाट	गेट नं0–88 घाट जाने वाले रास्ते के पश्चिम–उत्तर खाली जगह	बड़ी / छोटी वाहन	1200
		गेट नं0–93 घाट अंदर गंगा पथ के दक्षिण एवं रास्ते के पूरब बिमनी के नजदीक खाली जगह	बड़ी / छोटी वाहन	300
07	गेट नं0–83 घाट	गेट नं0–83 घाट गंगा पथ के उत्तर रास्ते से पश्चिम खाली जगह	छोटी वाहन	500
08	पहलवान घाट एवं बांसघाट	पहलवान घाट के पास	बड़ी / छोटी वाहन	500
		बांसघाट के पास	बड़ी / छोटी वाहन	300
09	कलेक्ट्रिट घाट / महेन्द्रुघाट	जे0पी0 गंगा पथ के नीचे उत्तर रास्ते के पश्चिम खाली जगह	बड़ी / छोटी वाहन	10,000
		गांधी मैदान के अन्दर	बड़ी / छोटी वाहन	2700
10	काली घाट, कदन घाट एवं पटना कॉलेज घाट	पटना कॉलेज मैदान	छोटी वाहन	300
11	एन0आई0टी0 मोड़ से गयघाट तक के घाट	सायंस कॉलेज मैदान	छोटी वाहन	300
12	गायघाट एवं उसके आसपास के घाट	गायघाट पुल के नीचे किनारे फ्लैंक में	छोटी वाहन	75
		हाथिया बगान, आलमगंज	छोटी वाहन	100
		लोहा गोदाम, आलमगंज	छोटी वाहन	250
		मेडीज हॉस्पीटल के सामने (बिरकोमान गोलम्बर से पूरब)	बड़ी / छोटी वाहन	150
13	पटना सिटी क्षेत्रान्तर्गत घाट	सिटी स्कूल, चौक	बड़ी / छोटी वाहन	100
		मंगल तालाब परिसर	बड़ी / छोटी वाहन	200
		चौक शिकारपुर ROB नीचे	बड़ी / छोटी वाहन	100
		पटना साहिब स्टेशन के पास	बड़ी / छोटी वाहन	100
		कटरा बाजार समिति के प्रांगण	बड़ी / छोटी वाहन	500
14	BMP-05 के पास अवस्थित तालाब	भेटनरी कॉलेज ग्राउण्ड	बड़ी / छोटी वाहन	500

16		एल0सी0टी0 घाट कृतिन तालाब, मेरिन ड्राईव	बड़ी/छोटी वाहन	500
17		कुर्जी घाट	बड़ी/छोटी वाहन	1000
18		राजापुर पुल मेरिन ड्राईव के उत्तर	बड़ी/छोटी वाहन	300

➢ नोट :–

1. प्रारंभ में आने वाले वाहन सीधे घाट के नजदीक तक निर्धारित स्थान पर पार्किंग में जायेंगे।
2. घाट से वाहन के निकलने के समय उपस्थित पुलिस पदाधिकारी/मजिस्ट्रेट वाहन को घाट की ओर अंदर नहीं जाने देंगे।
3. आपातकालीन सेवा यथा, अग्निशामक, एम्बुलेन्स एवं मरीज के वाहनों पर कोई प्रतिबंध नहीं रहेगा।

➢ विशेष अनुरोध :–

1. आम नागरिकों (श्रद्धालुओं) से अपील है कि उपरोक्त विभिन्न घाट पर अथवा निर्धारित पार्किंग स्थल में ही अपना वाहन कतारबद्ध तरीके से पार्क करेंगे, यत्र–तत्र/मार्ग पर वाहन को पार्क नहीं करेंगे और प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों/कर्मियों/छठ पूजा समिति के सदस्यों को अपेक्षिक सहयोग करें। संबंधित वाहन चालक अपना मोबाईल नं0 वाहन के आगे शीशा पर चिपकायेंगे।
2. पटना में चल रहे निर्माण कार्य से जुड़े वाहनों का परिचालन दिनांक–07.11.2024 को 10:00 बजे पूर्वाह्न से दिनांक–08.11.2024 को दोपहर 12:00 बजे तक की अवधि में वर्जित रहेगा।
3. पटना जिल में बड़ी वाहनों (मालवाहक) का प्रवेश दिनांक–07.11.2024 के पूर्वाह्न 10:00 बजे से दिनांक–08.11.2024 के पूर्वाह्न 10:00 बजे तक वर्जित रहेगा।

➢ महत्वपूर्ण दूरभाष नं0 :–

01	जिला नियंत्रण कक्ष	0612–2219810 0612–2219234	02	पुलिस नियंत्रण कक्ष	100, 9470001389
03	पटना सिटी नियंत्रण कक्ष	0612–2631813	04	अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर, पटना।	9473191200
05	अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पटना सिटी	9473191202	06	अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, दानापुर।	9473191201
07	नगर पुलिस अधीक्षक, पश्चिमी, पटना	9473400335	08	नगर पुलिस अधीक्षक, पूर्वी, पटना।	9473400336
09	पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, पटना	9431822968	10	नगर पुलिस अधीक्षक, मध्य, पटना।	9431822969
11	पुलिस अधीक्षक यातायात, पटना	9431822970	12	वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना।	9431822967

01/11/24
(अपराजित)
भा0पु0से0,
पुलिस अधीक्षक, यातायात,
पटना।

01/11
(राजीव मिश्रा)
भा0पु0से0,
वरीय पुलिस अधीक्षक,
पटना।

(डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह)
भा0प्र0से0,
जिलाधिकारी,
पटना।

पत्रांक 2788 /गो0
पुलिस अधीक्षक यातायात का कार्यालय, पटना।

प्रेषक,

पुलिस अधीक्षक, यातायात,

OFFICE OF DISTRICT MAGISTRATE PATNA
29 OCT 2024
CONFIDENTIAL SECTION

सेवा में,

जिलाधिकारी,
पटना।

पटना, दिनांक 28/10/24

विषय :— छठ महापर्व–2024 के अवसर पर चिन्हित पार्किंग स्थल एवं मुख्य मार्ग से पार्किंग स्थल जाने वाले मार्ग में घनी विस्तारक यंत्र, लाईट एवं फ्लैक्स लगवाने के संबंध में।

आत्मरक्षण पदाधिकारी का कार्यालय
01 NOV 2024
पटना

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सादर सूचित करना है कि छठ महापर्व–2024 के अवसर पर निम्नांकित स्थलों पर पार्किंग स्थल को चिन्हित किया गया है जिसका विवरण निम्नवत है:—

छठव्रतियों/श्रद्धालुओ के वाहनों की पार्किंग व्यवस्था

क्र0	घाट का नाम	पार्किंग स्थल का नाम	वाहनों के प्रकार
01	शाहपुर घाट	होंकी ग्राउण्ड (कन्टोनमेन्ट)	बड़ी/छोटी वाहन
02	एस0डी0ओ0 घाट	कन्टेनमेन्ट फिल्ड (आश गोलम्बर के पास)	बड़ी/छोटी वाहन
03	पीपापुल घाट	दानापुर टैम्पो स्टैण्ड	बड़ी/छोटी वाहन
04	दीघा स्थित घाट (रामजी चक, शिवा घाट, पाटीपुल घाट, दीघा पोस्ट ऑफिस रोड, मीनार घाट, विन्द टोली घाट आदि)	पाटलीपथ के उपर जे0पी0 सेतु छोर उत्तर एवं दक्षिण दोनों फ्लैंक में	बड़ी/छोटी वाहन
		रामजीचक आर0ओ0बी0 उपर (जे0पी0 सेतु छोर)	बड़ी/छोटी वाहन
		जे0पी0 सेतु दीघा जनार्दन घाट गोलम्बर के चारों तरफ	बड़ी/छोटी वाहन
		जे0पी0 सेतु यातायात पोस्ट से पूरब उत्तरी फ्लैंक	केवल एम्बुलेंस/अग्निशमन व अनिवार्य वाहन
		मीनार घाट के सामने खाली जगह	केवल मोटरसाईकिल
		दीघा जनार्दन घाट गोलम्बर के बीच में खाली जगह	केवल मोटरसाईकिल
		दीघा जनार्दन घाट गोलम्बर के पूरब खाली जगह	केवल मोटरसाईकिल
		सूर्य मंदिर (चौहट्टा) के पूरब खाली जगह	बड़ी/छोटी वाहन
		सूर्य मंदिर (चौहट्टा) से पश्चिम खाली जगह में पाटीपुल घाट अंडरपास तक रेलवे ब्रीज के नीचे	बड़ी/छोटी वाहन
05	जे0पी0 सेतु पूर्वी घाट/गेट नं0–93 घाट	जे0पी0 सेतु के नीचे पाया नं0–01 एवं 02 के बीच पूरब गंगा पथ से सटे उत्तर खाली जगह	बड़ी/छोटी वाहन
06	गेट नं0–93/92/86 घाट	गेट नं0–93 घाट जाने वाले रास्ते के पश्चिम–उत्तर खाली जगह	बड़ी/छोटी वाहन
		गेट नं0–93 घाट के अंदर गंगा पथ के दक्षिण रास्ते के पश्चिम खाली जगह	बड़ी/छोटी वाहन
		गेट नं0–93 घाट अंदर गंगा पथ के दक्षिण एवं रास्ते के पूरब चिम्नी के नजदीक खाली जगह	बड़ी/छोटी वाहन
07	गेट नं0–83 घाट	गेट नं0–83 घाट गंगा पथ के उत्तर रास्ते से पश्चिम खाली जगह	छोटी वाहन

08	पहलवान घाट एवं बांसघाट	पहलवान घाट / बांसघाट जाने वाले रास्ते के पश्चिम खाली जगह	बड़ी / छोटी वाहन
		पहलवान घाट / बांसघाट जाने वाले रास्ते के पूरब खाली जगह	बड़ी / छोटी वाहन
09	कलेक्ट्रिट घाट / महेन्द्रुघाट	जे0पी0 गंगा पथ के नीचे उत्तर रास्ते के पश्चिम खाली जगह	बड़ी / छोटी वाहन
		गांधी मैदान के अन्दर	बड़ी / छोटी वाहन
10	कलीं घाट, कवंग घाट एवं पटना कॉलेज घाट	पटना कॉलेज मैदान	छोटी वाहन
11	एन0आई0टी0 मोड़ से गायघाट तक के घाट	साइंस कॉलेज मैदान	छोटी वाहन
12	गायघाट एवं उसके आसपास के घाट	गायघाट पुल के नीचे किनारे पलैंक में	छोटी वाहन
		हाथिया बगान, आलमगंज	छोटी वाहन
		तोहा गोदाम, आलमगंज	छोटी वाहन
		मेडाज हॉस्पीटल के सामने (बिन्कोमान गोलम्बर से पूरब)	बड़ी / छोटी वाहन
13	पटना सिटी क्षेत्रान्तर्गत घाट	सिटी स्कूल, चौक	बड़ी / छोटी वाहन
		मंगल तालाब, परिसर	बड़ी / छोटी वाहन
		चौक शिकारपुर ROB नीचे	बड़ी / छोटी वाहन
		पटना सालिम स्टेशन के पास	बड़ी / छोटी वाहन
		कटरा बाजार समिति के प्रांगण	बड़ी / छोटी वाहन
14	BMP-5 के पास अवस्थित तालाब	गेटनरी कॉलेज ग्राउण्ड	बड़ी / छोटी वाहन

उपरोक्त सभी पार्किंग स्थल एवं मुख्य मार्ग से पार्किंग स्थल जाने तक के मार्ग में ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाईट एवं प्लैक्स लगवाने की आवश्यकता है।

अतएव अनुरोध है कि चिन्हित पार्किंग स्थल एवं मुख्य मार्ग से पार्किंग स्थल जाने वाले मार्ग में ध्वनि विस्तारक यंत्र, लाईट एवं पलैक्स लगवाने हेतु संबंधित को निर्देशित करने की कृपा की जाय।

विश्वसभाजन

पुलिस अधीक्षक, यातायात,
पटना।

प्रतिलिपि :-

1. पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।
2. पुलिस उपाधीक्षक, प्रथम / द्वितीय / तृतीय / चतुर्थ / पंचम, यातायात, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक क्रियार्थ।

पुलिस अधीक्षक, यातायात,
पटना।

जिलाधिकारी कार्यालय, पटना।

(गोपनीय शाखा)

ज्ञापांक- 12643 /गो0, पटना, दिनांक- 31/10/24

प्रतिलिपि :- अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि-व्यवस्था, पटना / अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर / नगर दण्डाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, पटना / नजारत उप समाहर्ता, पटना / जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि :- नोडल पदाधिकारी, छठ कोषांग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

जिलाधिकारी,
पटना।

सेक्टरवार प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी तथा छठ पूजा समिति के सदस्यों का नाम एवं मोबाईल सं.

सेक्टर सं.	घाट क्र.	सेक्टर पदाधिकारी/सेक्टर पुलिस पदाधिकारी क नाम–पदनामे	घाट का नाम	छठ पूजा समिति के सदस्यों के नाम	मोबाइल नं.
1	1	श्री लखिद्र पासवान, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, पटना (मो0–8862886982)	नकटा दियारा घाट	श्री भागीरथ जी पूर्व मुखिया	9334192596
				श्री जनार्दन राय	9661603987
	2		जहाज घाट (बाटा के बगल में)	श्री राजू कुमार	8804346747
	3		रामजीचक स्कूल पर	श्री आनंद सिंह	7903272336
				श्री बिरजू चौधरी	9386989687
	4		रामजी चक	श्री वैभव आनंद	8709228456
				श्री पंकज कुमार	8709468454
	5		रामजी चक बाटा घाट	श्री अर्जुन पासवान	9279149210
				श्री प्रमोद कुमार	9304383273
	6		रामजी चक नहर घाट	विकाश कुमार	8210360269
				श्री गणेश कुमार	9341387877
2	7	श्री देवेन्द्र प्रताप शाही, अपर समाहर्त्ता, आपदा प्रबंधन, पटना। (मो.–9473267390)	शिवा घाट	श्री संजय कुमार श्री जनार्दन प्रसाद	9334486783 9661603987
	8		दीघा पाटीपुल घाट	श्री संजय कुमार श्री जनार्दन प्रसाद	9334486783 9661603987
	9		जे.पी. सेतु पश्चिमी घाट	श्री जनार्दन प्रसाद	9661603987
	10		मीनार घाट	श्री संजय कुमार श्री जनार्दन प्रसाद	9334486783 9661603987
	11		दीघा पोस्ट ऑफिस घाट	श्री संजय कुमार	9431074462
3	12	श्री खगेश चन्द्र झा, अपर जिला दण्डाधिकारी, सामान्य, पटना (मो0–6205801411)	जे.पी. सेतु पूर्वी घाट	श्री बिन्दु यादव	9631888555
	13		गेट नं0–93 घाट (जे0पी0 सेतु से पूरब गेट नं0–93 से 89 तक) एवं गेट नं0 92 घाट	श्री संजय कुमार	9334174268
				श्री सुरेश प्रसाद	9334330870
				श्री विनय कुमार	9973437891
				श्री दिनेश प्रसाद	9308455018
4	14	श्री राशिद आलम, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, पटना। (मो0–9473070051)	मखदुम खिलजी के सामने बालू पर घाट गेट नं0–88	श्री नीरज यादव	7779990909
				श्री मुकेश यादव	7779990909
				श्री त्रिदेव कुमार	7739938876
				श्री मंटु कुमार	9507948009
				श्री पिकु कुमार	6209279246
				श्री सन्नी कुमार	6209946151
				श्री अभिनाश कुमार	8271958564
				श्री गोलू कुमार	8434260566
	15		गेट नं0–83 संत माईकल स्कूल के बगल की गली घाट	डॉ मनीष	9386945467
				श्री धमेंद्र कुमार यादव	9334038005
				श्री सतीश कुमार	983586937
				श्री विनोद कुमार	9304036649
				मदन कुमार	7004643913
				श्री विजय यादव	9334451156
				श्री रंजु कुमार	93348824519

सेक्टर सं.	घाट क्र.	सेक्टर पदाधिकारी/सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के नाम–पदनाम	घाट का नाम	छठ पूजा समिति के सदस्यों के नाम	मोबाइल नं.
5	16	श्री उपेन्द्र पाल, जिला परिवहन पदाधिकारी, पटना(मो0–8084759250)	बालू पर घाट	श्री सूरज यादव श्री अविनाश कुमार	9162727262 9304143906
	17		कुर्जी घाट पाटलीपुत्रा घाट		
	18		एल0सी0टी0 घाट	श्री मनीष कुमार सिंह श्री संजय श्री पवन सिंह श्री गोलू सिंह	8521814949 8540878150 9431038824 7766039090
	19		राजापुर पुल घाट	श्री राजेश कुमार (अध्यक्ष) सन्नी सौरभ	9122222482 9155555778
	20		पहलवान घाट	श्री मोनू यादव (अध्यक्ष) नन्दु	9472595570 9835450860
	21		बाँस घाट	श्री मल्लू (अध्यक्ष) श्री कुमार चंदन श्री राहुल श्री दिपू	9570790577 9304227936 6200203779 7004941263
	22		बुद्धा घाट	श्री सुजय पाण्डेय श्री मुन्ना जी श्री राजेश गुप्ता	9162200022 8709423736
6	23	श्री अमलेन्दु कुमार सिंह, अपर जिला दण्डाधिकारी, आपूर्ति, पटना। (मो0–9430427585)	कलेक्ट्रेट घाट	श्री रोहित कुमार	9162134770
				श्री दिनेश कुमार	9931352716
				श्री राजा कुमार	7541891513
				श्री रवि कुमार	8409410490
				श्री सिद्ध कुमार	6200866604
				श्री नवल कुमार	9708287611
				श्री दिनेश कुमार	9771055343
				श्री अमन राज	8757810300
				श्री विनोद पटेल	9955693369
				श्री रामचंद्र	8294175424
			महेन्द्रू घाट		
	24		टी0एन0बनर्जी घाट		
	25		मिश्री घाट		
	26		जजेज घाट		
	27		अदालत घाट	श्री सिकन्दर	7004479285
7	28	श्री रविन्द्र कुमार दिवाकर, अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम, पटना (मो.–9473096333)	वंशी घाट प्रवेश द्वार	श्री किशोर आर्यन श्री आशीष कुमार	7004775455 7050489653
	29		काली घाट (दरभंगा हाउस)	श्री सुधांशु कुमार श्री करण गोयल	7909046704 7004504476
	30		कदम घाट	श्री नितीश कुमार श्री शशि कुमार	7991189315 6204704590
	31		पटना कॉलेज घाट	श्री विक्रांत राय श्री पप्पु कुमार	9308140514 9334530795
8	32	श्री पुष्पेश कुमार, अपर समाहर्त्ता, विभागीय जॉच, पटना। (मो.–9304422433)	कृष्णा घाट	श्री राजेन्द्र कुमार/पंकज कुमार	9570365689
	33		गाँधी घाट	श्री बजकिशोर उर्फ विक्की	9394190325
	34		गोलकपुर बालू घाट/बरहरवा घाट	श्री पवन कुमार	9334149198
9	35	श्री अनिल कुमार, अपर समाहर्ता, पटना (मो.–9473191199)	पटना लॉ कॉलेज, पटना	श्री प्रिंस पाठक	6207056581
				श्री मनीष कुमार	9140974558
	36		रानी घाट	श्री सुरज कुमार सिंहा	9304623488
				श्री विक्की कुमार	9122558313
	37		बी0एन0 राय घाट	श्री मुन्ना कुमार	9234053548
	38		गुलबी घाट (9 एवं 10 के घाट तक)	श्री शैलेन्द्र कु0 सिंह	7250450840

सेक्टर सं.	घाट क्र.	सेक्टर पदाधिकारी/सेक्टर पुलिस पदाधिकारी के नाम–पदनाम	घाट का नाम	छठ पूजा समिति के सदस्यों के नाम	मोबाइल नं.
	39		बालू घाट (10 के बालू घट से 11 के सभी घाट)	श्री शैलेन्द्र कु0 सिंह	7250450840
				श्री मधुरंजन कुमार चुन्नी	9608224444
10	40	श्री अमित कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्त्ता, पटना मो.नं.–8467993885	घघा घाट	श्री चन्दन कुमार	9155233037
				श्री गणेश कुमार	8709497175
	41		रौशन घाट	श्री सुधीर यादव	8825111681
				श्री सुयश कुमार ज्योति	7004342298
	42		देवराहा बाबा घाट		
	43		जगरनाथ घाट (चौधरी टोला घाट)	श्री अभिषेक सिंह	7765056113
				श्री संतोष कुमार	7667878206
	44		पत्थरी घाट/ बी0एन0आर0 घाट	श्री अभिनाश यादव	7301856815
	45		कदम घाट	श्री अनंद कुमार यादव	7979024049
11	46	श्री अंजन दत्ता, निदेशक, डी.आर.डी.ए., पटना (मो.–9031071727)	कोयला घाट	श्री विशाल कुमार	8789738961
				श्री अंकेश सिन्हा	7907989965
	47		घसियारी घाट	श्री संतोष चौधरी	8340331788
				श्री दिलीप कुमार	8201551866
	48		नरकट घाट	श्री हर्ष चौधरी	7004711286
			लोहरबा घाट	श्री नवीन कुमार सिंह	7004607859
	50		मठ केदार नाथ घाट/हनुमान घाट	श्री नवीन कुमार सिंह	7004607859
	51		गोसाई घाट	श्री मनीष कुमार शर्मा	7091131789
	52		राजा घाट	श्री सपन घोष	9113349481
	53		भरहरबा घाट		
	54		करनालगंज घाट	श्री छोटू गिरी	6200451141
12	55	श्री राणा बैद्यनाथ कुमार सिंह, जिला कल्याण पदाधिकारी, पटना (मो.नं.–9939655503)	जुडिसियल एकेडमी घाट		
	56		गाय घाट	श्री बिक्की सहनी श्री छोटू साव श्री गोल्डेन	7677117474 8409198300 7004136998
सेक्टर पदाधिकारियों को निदेशित किया गया कि वे अपने साथ सम्बद्ध किए गए पदाधिकारी/कर्मियों के साथ नियमित रूप से अपने आवंटित घाटों एवं उसके सम्पर्क पथों का निरीक्षण/पैदल भ्रमण करें तथा छठ घाटों की रागी आवश्यक तैयारियां यथासमय पूरी करायें। उनसे छठ घाटों की भौतिक स्थिति एवं अन्य व्यवस्थाओं के बारे में दिनांक–18.10.2024 तक प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

- रागी सेक्टर पदाधिकारियों को अपने टीम के रागी सदस्यों को उनके दायित्वों से भली भांति अवगत कराने तथा निर्दिष्ट कार्यों को त्रुटिरहित ढंग से पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। सुलभ समन्वय और बेहतर सूचना संचरण के लिए टीम के सभी सदस्यों का एक व्हाट्सएप्प ग्रुप क्रिएट कर लेने का सुझाव दिया गया।

सेक्टर पदाधिकारियों को बताया गया कि घाटों की सफाई, संपर्क पथ, रोशनी, घाट निर्माण, पानी में बैरीकेडिंग, पार्किंग आदि की व्यवस्था पटना नगर निगम/नगर परिषद दानापुर द्वारा की जा रही है जबकि घाटों पर अस्थाई शौचालय/यूरिनल, पेय जलापूर्ति की व्यवस्था लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण पटना पूर्वी एवं पटना पश्चिमी प्रमंडल द्वारा की जानी है। घाटों पर नियंत्रण कक्ष, वॉच टावर, बैरिंग रूम, यात्री शेड इत्यादि की व्यवस्था कार्यपालक अभियंता पटना भवन प्रमंडल, दानापुर भवन एवं पटना सिटी भवन प्रमंडल को करनी है। सेक्टर पदाधिकारियों को यह निदेशित किया गया कि छठ घाटों पर जिन एजेंसियों के द्वारा काम किया जा रहा है उनका मोबाइल नं. और कांटेक्ट पर्सन का विवरण रखा जाए ताकि कोई भी आकस्मिक व्यवस्था तुरंत कराई जा सके। नगर निकाय, चिकित्सा सुविधा, विद्युत आपूर्ति, अग्निशमन, आपदा प्रबन्धन से जुड़े पदाधिकारियों से भी संपर्क–समन्वय रखने का निदेश दिया गया।

- पक्के घाटों पर शौचालय एवं पेयजल की सुविधा की जाँच कर उसे क्रियाशील (functional) कराया जाए।

भीड़ प्रबन्धन के दृष्टिकोण से छठ घाटों पर पार्किंग स्थल, ड्रॉप गेट, सर्कुलेटिंग एरिया चिन्हित करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक, मालायाल, पटना एवं अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर/पटना सिटी के द्वारा निरीक्षण कर पार्किंग स्थल को चिन्हित किया जाएगा। नियंत्रण कक्ष के लिए स्थान चयन में यह ध्यान रखा जाए कि इससे कोई अवरोध पैदा नहीं हो।

- छठ घाट कर मार्ग एवं छठ घाट पर कोई अतिक्रमण नहीं हो इसे भी सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया और इसके लिए नगर निगम, जिला नियंत्रण कक्ष तथा स्थानीय पुलिस प्रशासन का आवश्यक सहयोग लिया जाए।

जल संसाधन विभाग के अभियंताओं से प्रतिवेदन प्राप्त कर गहन जाँच कर लिया जाए कि घाट खतरनाक की श्रेणी में तो नहीं है। खतरनाक घाट पर पर्याप्त बैरिकेडिंग कर उस पर लाल झण्डा लगवाना सुनिश्चित किया जाएगा।

- यह निर्देशित किया गया कि यदि कोई घाट उपयोग के लायक नहीं पाया जा रहा हो तो निरीक्षण के दौरान यह भी आकलन किया जाए कि उसके आसपास कोई नया घाट या कोई नया इलाका छठ घाट के रूप में विकसित किया जा सकता है अथवा नहीं, ताकि उसके अनुरूप आवश्यक प्रबंध समय कराया जा सके।
- सेक्टर पदाधिकारियों को यह निर्देशित किया गया कि छठ घाट पर आने-जाने वाले मार्ग में कोई अवरोध नहीं हो, संपर्क पथ ठीक हो, छठ घाटों के नाम का सुप्रदर्शन और मार्ग संकेतीकरण-चिन्हीकरण हो, मार्ग में बिजली के खंभे और झूल तार नहीं हो, रास्ते में कोई केबल तायर बिखरा-खुला नहीं हो, घाट के आसपास हो रहे निर्माण कार्य-ओवर-हेड निर्माण कार्यों से कोई खतरे की संभावना न हो इसकी जांच कर ली जाय। इसके लिए एक चेकलिस्ट भी उपलब्ध कराया गया है जिसमें प्रतिवेदन समर्पित किया जाए।
- स्थानीय जन-प्रतिनिधियों तथा पूजा समिति के सदस्यों के साथ समन्वय एवं संपर्क रखकर उनसे सहयोग, छठ घाट की तैयारियों के संबंध में सुझाव एवं सूचनाएं प्राप्त करने का निदेश दिया गया।

छठ घाटों के उच्चस्तरीय निरीक्षण/भ्रमण को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक तैयारियां रखने का निदेश सेक्टर पदाधिकारियों को दिया गया।

ह./-
जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक-13-02/2024-1711/अनु., पटना, दिनांक-18.10.2024

प्रतिलिपि :- सभी घाटों के सेक्टर पदाधिकारियों/अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- सिविल सर्जन, पटना/महाप्रबंधक, पेसू/कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमंडल, पटना सिटी भवन प्रमंडल एवं दानापुर भवन प्रमंडल/कार्यपालक अभियंता, नयी राजधानी पथ प्रमंडल, पटना/कार्यपालक अभियंता, PHED पटना पूर्वी एवं पश्चिमी/कार्यपालक अभियंता, पटना नगर निगम/कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण, पटना/अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- कार्यपालक पदाधिकारी, नूतन राजधानी, बाँकीपुर, फुलवारीशरीफ एवं पटना सिटी अंचल, पटना नगर निगम/कार्यपालक पदाधिकारी, दानापुर निजामत, खगौल एवं फुलवारीशरीफ नगर परिषद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- नजारत उप समाहर्ता, पटना/जिला सूचना एवं जन सम्पर्क पदाधिकारी, पटना/ आई0टी0 प्रबंधक, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- सभी अनुमंडल पदाधिकारी/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पटना जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- उप विकास आयुक्त, पटना/सभी अपर जिला दंडाधिकारी, पटना/प्रभारी पदाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- नगर पुलिस अधीक्षक, पटना पूर्वी, मध्य, पश्चिमी पटना/पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, पटना/पुलिस सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- वरीय आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :- आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ।

पटना।

डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, भा.प्र.से., जिलाधिकारी, पटना की अध्यक्षता में छठ महापर्व, 2024 की तैयारियों एवं सुरक्षात्मक प्रबंध हेतु सभाहरणालय सभा कक्ष में दिनांक–18.10.2024 को सम्पन्न बैठक की कार्यवाही।

उपस्थिति :– पंजी के अनुसार। पटना सदर क्षेत्र से भिन्न पदाधिकारियों के द्वारा वर्चुअल मोड के द्वारा बैठक में भाग लिया गया।

उपस्थित पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए उन्हें बताया गया कि इस वर्ष छठ महापर्व 07–08 नवम्बर, 2024 को मनाया जाएगा। दिनांक–05.11.2024 को नहाय खाय से पर्व की शुरुआत होगी। तत्पश्चात् दिनांक–06.11.2024 को खरना, दिनांक–07.11.2024 को संध्याकालीन अर्घ्य एवं 08.11.2024 को प्रातःकालीन अर्घ्य के साथ पर्व का समापन होगा।

जिला पदाधिकारी के द्वारा उल्लेख किया गया कि छठ लोक आस्था का महापर्व है और यह बिहारवासियों, विशेषकर पटनावासियों के लिए विशेष महत्त्व रखता है। उक्त अवसर पर पटना जिला के विभिन्न घाटों पर काफी संख्या में छठव्रती एवं श्रद्धालुगण गंगा स्नान एवं सूर्य देवता को अर्घ्य देने हेतु एकत्रित होते हैं। शहरी क्षेत्र में गंगा घाटों पर भारी भीड़ होती है। अतः छठ महापर्व में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं उनकी सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है कि सभी छठ घाटों पर बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता एवं घाटों तथा घाटों पर जाने वाले मार्गों पर आवश्यक व्यवस्था के साथ–साथ विधि–व्यवस्था संधारण/भीड़ नियंत्रण के दृष्टिगत सभी तैयारियाँ दिनांक–31.10.2024 तक पूर्ण कर लिया जाए ताकि अन्तिम समय में असहज स्थिति उत्पन्न न हो।

2. छठ घाटों की जाँच एवं सुविधाओं के आकलन के लिए सेक्टरवार नोडल पदाधिकारियों/ अन्य पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति

छठ पर्व को सफलतापूर्वक सम्पन्न किये जाने के उद्देश्य से छठ घाटों की ग्रुपिंग कर 21 सेक्टर बनाए गए हैं, जिसमें सेक्टर पदाधिकारियों/सेक्टर पुलिस पदाधिकारी/सहयोगी पदाधिकारीगण/नगर निकायों के पदाधिकारी/कार्य अन्य पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि वे अपने सेक्टर के पदाधिकारियों से समन्वय कर सम्बद्ध घाटों का संयुक्त निरीक्षण करेंगे तथा घाटों पर बुनियादी सुविधाओं की आवश्यकता का आकलन कर प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। साथ ही घाटों पर कराए जा रहे कार्यों का नियमित पर्यवेक्षण तथा सभी संबंधित कार्य एजेन्सी, कार्यपालक अभियंता, पटना नगर निगम तथा संबंधित कार्यपालक पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर कार्यों को समय पूरा कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही किसी घाट पर कोई व्यवस्था की कमी या कोई अन्य उल्लेखनीय विषय हो तो उसे अविलम्ब छठ कोषांग के संज्ञान में लायेंगे।

3. छठ पूजा समिति के सदस्यों का फीडबैक –

जिला पदाधिकारी के द्वारा बैठक में उपस्थित छठ पूजा समिति के सदस्यों से तैयारियों एवं सुरक्षा प्रबंधों के संबंध में उनके सुझाव प्राप्त किए गए तथा संबंधित पदाधिकारी को सामुचित कार्रवाई के निदेश दिए गए जो निम्नवत् हैं –

क्र.	छठ पूजा समिति	सुझाव	निर्देश
1	दीघा घाट छठ पूजा समिति	• दीघा श्मशान की ओर से रास्ता/शीट का बहाव मुख्य छठ घाटों की ओर होता है जिससे व्रतियों को कठिनाई हो सकती है। इसके लिए कपड़े का जाली लगाकर अपशिष्ट को रोका जाए। • घाट पर स्थाई रूप से NDRF की प्रतिनियुक्ति की जाए। • दीघा पोस्ट ऑफिस घाट के सम्पर्क पथ में बिजली के खुले केबल हैं उसे व्यवस्थित कराया जाए।	• नगर निगम द्वारा इस दिशा में शीघ्र अपेक्षित कार्रवाई की जाए। • अपर दण्डाहर्ता, आपदा प्रबंधन, पटना दीघा पंचायत एवं सम्बद्ध घाटों पर NDRF की पर्याप्त टीम की प्रतिनियुक्ति करेंगे। • महाप्रबंधक, पेसू स्थल निरीक्षण कर बिजली के केबल को व्यवस्थित कराने तथा कहीं कोई गड्ढा हो तो उसे ठीक करायेंगे।

2	महेन्द्रू घाट	• घाट पर जाने के लिए सम्पर्क पथ को ठीक कराया जाए।	• नगर निगम द्वारा इस दिशा में शीघ्र अपेक्षित कार्रवाई की जाए।
3	काली घाट/वंशी घाट	• घाट पर दलदल की समस्या है। अंटा घाट नाला को व्यवस्थित करने की आवश्यकता है। • काली घाट पर पी.एम.सी.एच. की ओर से आने वाले रास्ते में सुधार और रोशनी की व्यवस्था आवश्यक है।	• नगर निगम द्वारा इस दिशा में शीघ्र अपेक्षित कार्रवाई की जाए।
4	सजा घाट/ गोसाई घाट/ हनुमान घाट	• सम्पर्क पथ खराब स्थिति में है। इसे ठीक किया जाना चाहिए। • मिट्टी का गाद हटाया जाए। • घाट पर असामाजिक तत्व की पहुँच न हो, इसके लिए आवश्यक कार्रवाई की जानी चाहिए।	• नगर निगम द्वारा इस दिशा में शीघ्र अपेक्षित कार्रवाई की जाए। • अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पटना सिटी औचक रूप से निरीक्षण कर असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करेंगे।
5	गद्द घाट	• पूरब की ओर दलदल है और कहीं-कहीं छड़ निकला हुआ है उसे ठीक करने की आवश्यकता है।	• नगर निगम एवं बुडको द्वारा इस दिशा में शीघ्र अपेक्षित कार्रवाई की जाए।
6	कंगन घाट	• गुरूद्वारा की ओर से आने वाले सम्पर्क पथ को ठीक कराया जाए।	• नगर निगम द्वारा इस दिशा में शीघ्र अपेक्षित कार्रवाई की जाए।
7	चौधरी टोला/ रौशन/घघा/ पत्थरी घाट	• गाद हटवाने का काम किया जाए। • पक्का घाट पर बिजली की व्यवस्था ठीक किया जाए। सम्पर्क पथ में कहीं-कहीं गड्ढे हैं उसे ठीक किया जाए।	• नगर निगम द्वारा इस दिशा में शीघ्र अपेक्षित कार्रवाई की जाए।
8	गेट नं. 93/88 घाट	• कुछ व्यक्तियों के द्वारा अवैध रूप से घाट पर मिट्टी काटने का काम किया जा रहा है जिससे घाट खतरनाक की श्रेणी में आ सकता है। मिट्टी काटने का काम रोका जाए। • अशोक राजपथ से गेट नं.-93 का रास्ता ठीक कराया जाए। इसमें नमामि गंगे के पाईप रो लिकेज है उसे ठीक कराया जाए।	• जिला खनन पदाधिकारी, पटना द्वारा शीघ्र जाँच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। • नगर निगम एवं बुडको द्वारा इस दिशा में शीघ्र अपेक्षित कार्रवाई की जाए।

जिला पदाधिकारी के द्वारा छठ पूजा समितियों से यह अपील की गई कि छठ महापर्व के सफल आयोजन हेतु उन्हें अपने घाटों पर तैयारियों की नियमित रूप से जाँच करनी चाहिए तथा यदि कोई समस्या या शिकायत हो तो उसे संबंधित सेक्टर पदाधिकारी के संज्ञान में तुरंत लाया जाए ताकि उसका समयबद्ध निराकरण कराया जा सके। सेक्टर पदाधिकारियों को यह निर्देश दिया गया कि वे छठ पूजा समिति के सदस्यों के नियमित सम्पर्क में रहें तथा उन्हें कार्य प्रगति से अवगत कराते हुए उनका फीडबैक भी प्राप्त करें। जिला पदाधिकारी के द्वारा छठ पूजा समिति के सदस्यों से अनुरोध किया गया कि भीड़भाड़ वाले मार्गों में वे अपने स्वयंसेवक तैनात रखें ताकि किसी व्रती को कठिनाई नहीं हो।

4. अनुमंडलवार छठ पूजा तैयारियों की समीक्षा

(क) पालीगंज –

जिला पदाधिकारी द्वारा क्रमवार सभी अनुमंडल पदाधिकारी, पटना जिला से छठ महापर्व की तैयारियों की समीक्षा की गयी। इस क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, पालीगंज द्वारा बताया गया कि मुख्य रूप से दुल्हिन बाजार प्रखण्ड स्थित उलार ग्राम स्थित उलार सूर्य मंदिर प्रांगण में वृहत स्तर पर छठ महापर्व का

आयोजन होता है। जिला पदाधिकारी ने यह निर्देशित किया कि आयोजन स्थल पर प्रवेश एवं निकास की पृथक व्यवस्था रखते हुए सभी आवश्यक सुरक्षात्मक प्रबंध किए जाएं। जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी, पालीगंज को सिगौड़ी थानान्तर्गत बीआ घाट पर इस संबंध में विशेष ध्यान देने और सुरक्षा के दृष्टिकोण से सतत निगरानी रखने का निदेश दिया। सोन नदी के छठ घाटों पर नाव/नाविक/गोताखोर की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

(ख) मसौढ़ी –

अनुमंडल पदाधिकारी, मसौढ़ी ने बतलाया कि उनके अनुमंडल क्षेत्र में मसौढ़ी नगर परिषद क्षेत्र में 04 स्थानों पर इसका बृहत आयोजन होता है। मसौढ़ी नगर परिषद के पणीचक सूर्य मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़ होती है। पुनपुन में पिण्ड दान घाट, श्रीपालपुर एवं श्रीराम जानकी ठाकुरबाड़ी में छठ का पर्व बड़े पैमाने पर मनाया जाता है। इनके द्वारा बतलाया गया कि इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ नगर परिषद/नगर पंचायत की ओर से की जाती है जो समय पूरी करा ली जायेगी। जिला पदाधिकारी ने भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से सभी आवश्यक तैयारियाँ समय पूरी करने का निदेश दिया गया।

अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, पटना को SDRF की पर्याप्त टीम की प्रतिनियुक्ति पुनपुन एवं सोन नदी के घाटों के लिए करने का निदेश दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल पदाधिकारी को राष्ट्रीय राजमार्ग एवं रेलवे लाईन के आस पास अवस्थित छठ घाटों पर अत्यधिक सावधानी बरतने का निर्देश दिया। ऐसे स्थानों पर भीड़ प्रबंधन/सुरक्षात्मक प्रबंध हेतु समुचित व्यवस्था करने का निर्देश जिला पदाधिकारी द्वारा दिया गया।

(ग) बाढ़ –

अनुमंडल पदाधिकारी, बाढ़ द्वारा बताया गया कि बाढ़ अनुमंडल को तीन सेक्टर में बाँट कर सभी आवश्यक तैयारियाँ की जा रही हैं। शहरी क्षेत्रों में सभी आवश्यक प्रबंध नगर परिषद द्वारा तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर की जाती है। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि छठ घाट के रास्ते में छोटे तथा संकीर्ण मार्गों की पहचान की जा रही है ताकि ऐसे मार्गों में भीड़ प्रबंधन हेतु समुचित व्यवस्था समय किया जा सके। जिला पदाधिकारी के द्वारा बख्तियारपुर क्षेत्र में गंगा की पुरानी धारा को पाट कर छठ व्रत करने जाने वाले व्रतियों के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक प्रबंध सुनिश्चित करने का निदेश दिया गया।

(घ) दानापुर –

अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर के द्वारा बताया गया कि दानापुर शहरी क्षेत्र में अधिकांश स्थानों पर नगर परिषद, दानापुर तथा छावनी परिषद की ओर से आवश्यक व्यवस्थायें की जाती है। हल्दी छपरा घाट, मनेर में पानी की गहराई अभी अधिक है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि नौबतपुर में पुनपुन नदी घाट पर जलस्तर अधिक है, जिस पर लगातार नजर रखा जा रहा है ताकि समय आवश्यक तैयारियाँ की जा सके।

जिला पदाधिकारी द्वारा यह बताया गया कि हल्दी छपरा घाट पर पानी का बहाव (Current) अत्यधिक होता है, इसलिए वहाँ से कुछ दूरी पर अवस्थित महावीर घाट पर छठ पर्व मनाने की व्यवस्था की जा सकती है। अनुमंडल पदाधिकारी इसका निरीक्षण कर समुचित कार्रवाई करेंगी। साथ ही शाहपुर घाट पर जो पहुँच पथ है उस पर उपयुक्त बैरिकेडिंग करा ली जाए। एस.डी.ओ घाट का पहुँच पथ संकरा है एवं उस पर उच्च ढलान भी है, अतः भीड़ प्रबंधन के दृष्टिकोण से उस पर नजर रखने की आवश्यकता है। नासरीगंज घाट पर यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था पर उचित ध्यान देने की आवश्यकता है।

जिला पदाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक ने यह निर्देश दिया कि सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संयुक्त रूप से सभी महत्त्वपूर्ण घाटों की जाँच कर लें तथा भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा प्रबंध के लिए जो भी व्यवस्था अपेक्षित हो उसे समय पूरा कराना सुनिश्चित करेंगे। छठ घाटों पर जाने के लिए चचरी पुल की व्यवस्था पूर्णतः प्रतिबंधित रखी जाए।

5. **दानापुर, पटना सदर एवं पटना सिटी –**

अनुमंडल क्षेत्र के पटना महानगर के अन्तर्गत आने वाले छठ घाटों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गयी तथा विभागवार/कार्यवार समीक्षा के क्रम में निम्नलिखित निदेश दिये गये :–

क्र.	कार्य विवरण	निदेश
1.	घाटों पर सम्पर्क पथ, रौशनी, घाट निर्माण, पानी के अंदर बेरिकेडिंग एवं घाटों के निकट पार्किंग स्थल की व्यवस्था।	(i) पटना नगर निगम क्षेत्र में पड़ने वाले सभी छठ घाटों की आवश्यक व्यवस्था पटना नगर निगम के द्वारा सभी व्यवस्थाएं की जायेगी। बैठक में उपस्थित नगर आयुक्त, पटना नगर निगम द्वारा बताया गया कि इस वर्ष पटना नगर निगम के स्तर से छठ घाटों की तैयारी 06 अक्टूबर, 2024 से प्रारम्भ है और कार्यादेश निर्गत किया जा चुका है। उनके द्वारा यह भी बताया गया कि सभी आवश्यक तैयारियों को 31.10.2024 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। दानापुर क्षेत्र में आवश्यक व्यवस्था दानापुर निजामत नगर परिषद एवं छावनी परिषद द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी सेक्टर पदाधिकारियों को सम्बद्ध छठ घाटों का नियमित निरीक्षण कर ससमय कार्य पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। पानी के अंदर बैरिकेडिंग की व्यवस्था की जॉब कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल द्वारा की जाएगी एवं इसका प्राक्कलन पेश किया जाएगा। (i) सभी कार्यपालक पदाधिकारी/कार्यपालक अभियंता, पटना नगर निगम को घाटों पर सम्पर्क पथ, रोशनी, घाट निर्माण बैरिकेडिंग कार्य एवं पार्किंग की व्यवस्था हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया।
2.	घाटों की सफाई	(i) सभी घाटों की सफाई की जिम्मेवारी पटना नगर निगम/दानापुर निजामत नगर परिषद की होगी। इसके लिए प्रत्येक घाट पर सफाई निरीक्षक के नेतृत्व में सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति पटना नगर निगम द्वारा की गई है। (ii) बैठक में उपस्थित नगर आयुक्त एवं विभिन्न अंचलों के कार्यपालक पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि वे लगातार छठ घाटों की साफ–सफाई एवं बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था हेतु नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की लगातार समीक्षा कर ससमय सम्पूर्ण कार्य पूर्ण करा लें। (iii) सांध्यकालीन अर्घ्य के पश्चात घाटों एवं सम्पर्क पथ की तुरंत साफ–सफाई के लिए आवश्यक प्रबंध पूर्व रखे जाएं।
3.	घाटों पर शौचालय, चापाकल एवं यूरिनल की व्यवस्था	(i) पूर्व की भाँति सभी घाटों पर शौचालय, चापाकल एवं यूरिनल की व्यवस्था कार्यपालक अभियंता, PHED पूर्वी एवं पश्चिमी द्वारा की जाएगी। उन्हें निदेश दिया गया कि वे वर्ष–2022 को आधार मानकर घाटवार आवश्यकताओं का विवरण उसके प्राक्कलित राशि के साथ उपलब्ध करायें। सेक्टर पदाधिकारियों के प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उन्हें कार्यादेश दिया जाएगा।
4.	घाटों पर नियंत्रण कक्ष, वॉच टावर, चेंजिंग रूम एवं यात्री शेड की व्यवस्था	(i) घाटों पर नियंत्रण कक्ष, वॉच टावर, चेंजिंग रूम एवं यात्री शेड का निर्माण पूर्व भाँति कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमंडल, दानापुर भवन प्रमंडल एवं पटना सिटी भवन प्रमंडल द्वारा कराया जाएगा। उन्हें निदेश दिया गया कि वे वर्ष–2022 को आधार मानकर घाटवार आवश्यकताओं का विवरण उसके प्राक्कलित राशि के साथ उपलब्ध करायें। सेक्टर पदाधिकारियों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर उन्हें कार्यादेश दिया जाएगा।
5.	आपदा प्रबंधन	(i) घाटों पर प्रतिनियुक्ति हेतु नाव/नाविकों एवं गोताखोरों की सूची उनके सम्पर्क संख्या के साथ सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी से समन्वय कर अविलम्ब प्राप्त करने एवं उसकी घाटवार प्रतिनियुक्ति करने का निदेश दिया गया। अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन को आवश्यकता का आकलन कर एन.डी.आर.एफ/एस.डी.आर.एफ. की प्रतिनियुक्ति हेतु विभाग को अविलम्ब पत्र भेजने का निदेश दिया गया। (ii) घाटों पर प्रतिनियुक्ति हेतु नाव/नाविकों एवं गोताखोरों की सूची उनके सम्पर्क संख्या के साथ सभी अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी से समन्वय कर अविलम्ब प्राप्त करने एवं उसकी घाटवार प्रतिनियुक्ति करने का निदेश दिया गया। यह भी निदेश दिया गया कि गोताखोरों एवं नाविकों

		के मोबाइल नम्बर के संबंध में यह सुनिश्चित कर लेंगे कि वह नम्बर सही और कार्यरत है। साथ हीं नाव/नाविकों एवं गोताखोरों की उपस्थिति भी सुनिश्चित करायेंगे। घाटों पर सिविल डिफेन्स के स्वयं सेवकों की प्रतिनियुक्ति भी उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा के द्वारा की जाएगी (iii) सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को खतरनाक घाटों की सूची दिनांक–25.10.2024 तक जिलाधिकारी कार्यालय को भेजने का निदेश दिया गया। (iv) जिलाधिकारी द्वारा छठ महापर्व के दौरान घाटों पर नौका परिचालन पर पूर्ण रोक लगाने का निदेश सभी अनुमंडल पदाधिकारियों को दिया गया। (v) जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि जिले के कई छठ घाटों पर बुडको से संबंधित कार्य चल रहा है जिसके कारण छठ घाटों के मरम्मति एवं साफ–सफाई में कतिपय स्थानों पर समस्याएं आ सकती हैं, इसके लिए यह आवश्यक है कि एम.डी., बुडको से पत्राचार कर बुडको की तरफ से एक नोडल पदाधिकारी नामित करने का अनुरोध किया जाय ताकि उनसे समन्वय स्थापित कर त्वरित समाधान कराया जा सके।
6.	घाटों के लिए सम्पर्क पथ	(i) सम्पर्क पथों के निर्माण में विशेष सतर्कता बरतने का निदेश दिया गया ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना की संभावना न रहे। विशेषकर संकरे एवं ढलान वाले सम्पर्क पथों पर भीड़ प्रबंधन की उचित व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया। पटना नगर निगम एवं दानापुर निजामत नगर परिषद द्वारा इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। सेक्टर पदाधिकारियों द्वारा इसका सतत् अनुश्रवण किया जाएगा।
7.	**नियंत्रण कक्ष हेतु उपस्कर एवं PA System एवं वॉच टावरों पर PA System की व्यवस्था।**	(i) सभी नियंत्रण कक्ष में पदाधिकारियों/पुलिस पदाधिकारियों के बैठने हेतु आवश्यक संख्या में टेबुल, कुर्सी की व्यवस्था नजारत उप समाहर्त्ता द्वारा की जाएगी। (ii) प्रत्येक नियंत्रण कक्ष एवं घाट के किनारे तथा सम्पर्क पथ में अवस्थित सभी वॉच टावरों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम की भी व्यवस्था नजारत उप समाहर्त्ता द्वारा की जाएगी।
8.	**घाटों पर सी0सी0 टी0वी0 कैमरा का अधिष्ठापन**	(i) वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना को पूर्व के घाटों की सूची भेजते हुए पूर्व वर्ष की भाँति इस वर्ष भी CCTV अधिष्ठापन हेतु चिन्हित घाटों के नाम का प्रस्ताव प्राप्त करने का निवेश दिया गया।
9.	**यातायात व्यवस्था**	(i) छठ पर्व के अवसर पर यातायात व्यवस्था से सम्बन्धित Comprehensive plan अविलम्ब प्रस्तुत करने का निदेश पुलिस अधीक्षक, यातायात को दिया गया, जिसमें पूर्व के अनुभव के आधार पर आवश्यकतानुसार सुधार का भी समावेश किया जाएगा। (ii) जे.पी. गंगा पथ पर छठ महापर्व के दौरान गाड़ियों के परिचालन को नियंत्रित करने का निदेश दिया गया। पुलिस अधीक्षक, यातायात के द्वारा बताया गया कि छठ महापर्व के दौरान जे.पी. गंगा पथ पर ड्रॉप गेट लगाकर रखा जाएगा एवं उसी पर गाड़ियों का नियंत्रित परिचालन होगा। घाट के यथासंभव पास में ही गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था की जाएगी एवं जे.पी. गंगा पथ के अंडर पास से ही गाड़ियाँ परिचालित होंगी। जिला पदाधिकारी के द्वारा यह निर्देशित किया गया कि पार्किंग स्थल की शीघ्र पहचान कर वहाँ बैरिकेडिंग या ड्रॉप गेट की आवश्यकता हो तो उसे अविलम्ब सूचित किया जाए जिस पर पटना नगर निगम के द्वारा समुचित कार्रवाई की जाएगी। (iii) पुलिस उप महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना द्वारा यह बताया गया कि अशोक राजपथ पर पीरबहोर थाना से सुल्तानगंज होते हुए पटना सिटी जाने वाला रास्ता बहुत हीं संकीर्ण है। इस रास्ते के लिए उपयुक्त ट्रैफिक प्लान बनाने का निर्देश पुलिस अधीक्षक, यातायात को दिया गया। (iv) पुलिस अधीक्षक, यातायात द्वारा यातायात व्यवस्था से सम्बन्धित प्रतिनियुक्ति आदेश निर्गत किया जाएगा जिसमें congestion वाले स्थानों पर विशेष ध्यान रखा जाएगा। (v) ट्रैफिक प्लान लगातार तीन दिन दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशन भी पुलिस अधीक्षक, यातायात सुनिश्चित करेंगे।

		(vi) पुलिस अधीक्षक, यातायात के द्वारा किए गए अनुरोध के आलोक में जिला परिवहन पदाधिकारी को एन.सी.सी. कैडेट्स को यातायात प्रबंधन हेतु लाने ले जाने के लिए एक बस की व्यवस्था करने तथा गजारत उप समाहर्त्ता को एन.सी.सी. कैडेटस के लिए फ्लोरोसेन्ट कैजेट/कैप की व्यवस्था का निदेश दिया गया।
10.	चिकित्सा व्यवस्था	सिविल सर्जन, पटना को निम्नलिखित निदेश दिए गए :– (i) प्रमुख घाटों पर मेडिकल कैम्प एवं एम्बुलेंस की प्रतिनियुक्ति से सम्बन्धी आदेश अविलम्ब निर्गत करते हुए उसकी प्रतिलिपि दिनांक–22.10.2024 तक छठ कोषांग को उपलब्ध करायेंगे ताकि प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को सुविधा हेतु उसे जिला आदेश में समाहित किया जा सके। (ii) आवश्यक संख्या में चिकित्सक, पारा मेडिकल स्टाफ एवं एम्बुलेंस उपलब्ध कराने हेतु विभाग से अनुरोध करेंगे। (iii) सभी सरकारी अस्पतालों तथा PMCH, NMCH, IGIMS में विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे ताकि किसी भी आकस्मिकता की स्थिति से निपटा जा सके। सरकारी अस्पतालों की ट्रैगिंग घाटों के साथ करते हुए सूची एक सप्ताह के अंदर समर्पित करेंगे। (iv) प्रमुख निजी अस्पतालों/नर्सिंग होम के व्यवस्थापकों की बैठक कर उन्हें भी आकस्मिकता की स्थिति से निपटने हेतु तैयार रहने के लिए निर्देशित करेंगे। चिन्हित निजी अस्पताल के साथ भी घाटों की ट्रैगिंग करेंगे एवं आवश्यकतानुसार उनसे एम्बुलेन्स की उपलब्धता के लिए भी सहयोग लेंगे।
11.	विद्युत व्यवस्था	महाप्रबंधक, पेसु को निम्नलिखित निदेश दिए गए :– (i) पूर्व की भाँति घाटों के हुप के लिए अभियंताओं/कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करेंगे। तत्काल से सेक्टरवार अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति कर दिनांक 22.10.2024 तक सूचित करेंगे। (ii) घाटों के आस–पास एवं पहुँच पथ पर अवस्थित विद्युत तारों की व्यवस्थित कराये जाने की कार्रवाई अविलम्ब प्रारम्भ करा दें। (iii) पूजा समितियों से सम्पर्क कर उनसे अस्थायी विद्युत कनेक्शन हेतु आवेदन प्राप्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई करें (iv) पटना नगर निगम द्वारा घाटों पर रोशनी की व्यवस्था हेतु कराए जा रहे विद्युतीकरण कार्य का पर्यवेक्षण सुनिश्चित करेंगे।
12	अग्निशमन	(i) प्रत्येक महत्वपूर्ण घाटों पर कायर ब्रिगेड एवं आग्निकों की प्रतिनियुक्ति जिला अग्निशाम पदाधिकारी के द्वारा की जाएगी एवं विस्तृत प्रतिनियुक्ति आदेश की एक प्रति दिनांक 22.10.2024 तक छठ कोषांग को उपलब्ध करायी जाएगी।
13	अतिक्रमण	(i) छठ पर्व के अवसर पर अशोक राजपथ पर श्रद्धालुओं की काफी भीड़ होगी। गांधी मैदान से पटना सिटी तक अशोक राजपथ से घाटों की ओर जाने वाले मार्ग काफी संकीर्ण हैं। विशेष रूप से इन मार्गों को अतिक्रमणमुक्त करने की कार्रवाई पटना नगर निगम द्वारा की जाएगी। (ii) शहर के अन्य सड़कों को भी अतिक्रमणमुक्त रखा जाना अपेक्षित है, ताकि वाहनों के परिचालन में किसी प्रकार का व्यवधान न हो। (iii) सड़कों पर लावारिस पशुओं के विचरण को रोकने की कार्रवाई भी पटना नगर निगम द्वारा की जाएगी। (iv) घाटों के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी भी इसकी समीक्षा करेंगे।
14.	सड़कों पर रोशनी की व्यवस्था	छठ पर्व के अवसर पर प्रथम अर्घ्य के दिन श्रद्धालुगण सूर्यास्त के बाद घर लौटते हैं एवं प्रातः कालीन अर्घ्य हेतु रात्रि 2.00 AM से ही श्रद्धालुओं/महिलाओं का मूवमेन्ट सड़कों पर प्रारम्भ हो जाता है। इस निमित्त पटना नगर निगम द्वारा निम्नलिखित कार्रवाई अपेक्षित है :– (i) शहर के सभी मुख्य पथों/गलियों/फ्लाइ ओवर पर अपेक्षानुसार सभी स्ट्रीट लाइट क्रियाशील रहें। (ii) शहर में अपेक्षानुसार सभी हाइ मास्ट लाइट क्रियाशील रहें। (iii) कम रोशनी वाले स्थानों की पहचान कर आवश्यकतानुसार अस्थायी रूप से अतिरिक्त लाइट्स/रोशनी की व्यवस्था।

15.	ड्रेस कोड	इस वर्ष की गाँति घाटों पर व्यवस्थाओं से जुड़े विभिन्न पदाधिकारियों/कर्मियों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित करने का निर्णय लिया गया, ताकि भीड़ में उनकी पहचान सुगमतापूर्वक हो सके :– (i) सभी दण्डाधिकारियों के लिए फ्लोरोसेन्ट जैकेट एवं कैप की व्यवस्था नजारत एवं समाहर्त्ता द्वारा की जाएगी। (ii) पूजा समिति के वोलन्टियर्स के लिए अलग रंग के कैप एवं आई0 कार्ड की व्यवस्था नजारत एवं समाहर्त्ता द्वारा की जाएगी। (iii) सिविल डिफेन्स के कर्मियों/गोताखोरों के लिए फ्लोरोसेन्ट जैकेट एवं कैप की व्यवस्था नजारत एवं समाहर्त्ता द्वारा की जाएगी। (iv) पटना नगर निगम द्वारा निगम के पदाधिकारियों/कर्मियों के लिए फ्लोरोसेन्ट जैकेट की व्यवस्था की जाएगी। (v) महाप्रबंधक, पेसू विद्युत कर्मियों की निर्धारित ड्रेस में उपस्थिति सुनिश्चित करेंगे एवं उन्हें भी फ्लोरोसेन्ट जैकेट उपलब्ध करायेंगे। (vi) सर्जेन्ट मेजर सभी प्रतिनियुक्त पुलिस कर्मियों को फ्लोरोसेन्ट जैकेट के साथ–साथ सीटी (whistle) एवं आवश्यकतानुसार laser beam, hand held PA System उपलब्ध करायेंगे।
16.	घाटों की व्यवस्था का आकलन एवं पर्यवेक्षण	(i) सभी सेक्टर पदाधिकारी घाटों का नजरी नक्शा, अशोक राजपथ से घाट तक के सम्पर्क पथ के साथ घाटों पर आवश्यक सुविधाओं से सम्बन्धित प्रतिवेदन समर्पित करेंगे। (ii) वे घाटों पर करायी जा रही व्यवस्थाओं का चेकलिस्ट के अनुसार नियमित पर्यवेक्षण करेंगे तथा प्रतिवेदन समर्पित करेंगे।
17.	खतरनाक/अनुपयुक्त घाटों की पहचान	(i) खतरनाक/अनुपयुक्त घाटों के पहचान की जिम्मेवारी मुख्यतः अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर, पटना सिटी एवं दानापुर की होगी। वे अपने क्षेत्रान्तर्गत सभी घाटों का भ्रमण कर खतरनाक/अनुपयुक्त घाटों की पहचान करेंगे एवं तत्सम्बन्धी प्रारम्भिक प्रतिवेदन दिनांक–20.10.2024 को एवं अंतिम प्रतिवेदन–04.11.2024 को समर्पित करेंगे। (ii) अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग द्वारा अपने विभाग के अभियंताओं की प्रतिनियुक्ति कर घाटवार पानी की गहराई, कटाव की स्थिति एवं घाट निर्माण की सम्भावना सम्बन्धी प्रतिवेदन सम्बन्धित अनुमंडल पदाधिकारियों को समर्पित करते हुए एक प्रति छठ कोषांग को भी नियमित रूप से समर्पित करेंगे। (iii) अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग सम्बन्धित अनुमंडल पदाधिकारियों के साथ घाटों के निरीक्षण हेतु एक–एक सहायक अभियंता की प्रतिनियुक्ति करेंगे। (iv) चिन्हित खतरनाक घाटों पर साइनेज, बैरिकेडिंग, आदि की व्यवस्था सम्बन्धित अनुमंडल पदाधिकारी/नगर निगम द्वारा करायी जाएगी।
18	साइनेज	(i) पटना नगर निगम द्वारा प्रत्येक घाट के नाम का साइन बोर्ड लोहे के फ्रेम पर दृष्टिगोचर स्थान पर अधिष्ठापित कराया जाएगा। (ii) घाटों पर उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के साइनेज प्रिन्ट कराकर लगवाने की जिम्मेवारी संबंधित कार्य एजेन्सियों की होगी, जिसका अनुश्रवण घाटों पर प्रतिनियुक्त किये गये सेक्टर पदाधिकारियों द्वारा किया जायेगा। जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, पटना के द्वारा साइनेज कंटेंट एवं कलर कोडिंग का कार्य किया जाएगा। (iii) सभी घाटों पर जिला प्रशासन की ओर से सामान्य सूचनाएँ एवं Do's & Don'ts का इड़े आकार का फ्लेक्स की होर्डिंग के रूप में दृष्टिगोचर स्थल पर जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी द्वारा लगवाया जाएगा।
19.	विधि व्यवस्था संधारण	(i)) पटना शहर स्थित विभिन्न घाटों पर छठ पर्व के अवसर पर सुरक्षा एवं विधि व्यवस्था संधारण हेतु दण्डाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति सम्बन्धी संयुक्तादेश अपर जिला दण्डाधिकारी, विधि व्यवस्था द्वारा तैयार किया जाएगा। (ii) जिला पदाधिकारी एवं पुलिस उप महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना द्वारा संयुक्त रूप से बताया गया कि छठ महापर्व के दौरान डी.जे.

		बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा साथ ही छठ घाटों पर आतिशबाजी पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। सभी थानाध्यक्ष एवं स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके क्षेत्र में बिना लाइसेंस के पटाखों की कोई दुकान संचालित नहीं है। (iii) सभी थाना प्रभारी यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके क्षेत्र में छठ महापर्व के दौरान पूजा के नाम पर कहीं भी गर्तकियों का नृत्य मंचन नहीं करवाया जाए। इस आशय की सूचना सभी स्थानीय जन प्रतिनिधियों को भी दे दी जाय। (iv) काली पूजा एवं लक्ष्मी पूजा के विसर्जन जुलूस पर विशेष निगरानी रखे जाने तथा जुलूस के रेगुलेशन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया का पालन करने का निदेश दिया गया। (v) दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग की जाएगी। प्रभारी पदाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष एवं नजारत उप समाहर्ता सायुक्तादेश का मुद्रण सुनिश्चित करेंगे। (vi) सभी अनुमण्डल पदाधिकारी अपने अनुमंडल क्षेत्रान्तर्गत दिये व्यवस्था संधारण हेतु जिम्मेवार होंगे एवं आवश्यकतानुसार कार्रवाई करेंगे।
20.	अन्य व्यवस्थाएँ	(i) छठ महापर्व 2024 के अवसर पर श्रद्धालुओं को घाटवार वस्तुस्थिति की जानकारी उपलब्ध कराने हेतु Mobile App launch करने हेतु आवश्यक कार्रवाई आई.टी. प्रबंधक, पटना द्वारा की जाएगी। (ii) सभी महत्वपूर्ण घाटों पर वीडियोग्राफर/ड्रोन की व्यवस्था नजारत उप समाहर्ता द्वारा की जाएगी। (iii) अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर अन्तर्देशीय जलमार्ग के पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर अग्रिम रूप से नासरीगंज घाट पर जेटी की व्यवस्था करा लेंगे ताकि अतिविशिष्ट महानुभावों के भ्रमण में कठिनाई न हो। (iv) छठ पर्व हेतु अस्थायी जिला नियंत्रण कक्ष का अधिष्ठापन एवं उसमें उपस्कर, टूरनाष कनेक्शन, Cable T.V. आदि की व्यवस्था नजारत उप समाहर्ता द्वारा की जाएगी।
21.	पटना जिले के अन्य छठ घाटों पर व्यवस्था	(i) पटना शहर के अतिरिक्त जिलान्तर्गत अन्य अनुमण्डलों/प्रखण्डों में अवस्थित घाटों/तालाबों पर भी समरूप व्यवस्था सम्बन्धित कार्यपालक पदाधिकारी/प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा की जाएगी। (ii) दानापुर अनुमण्डल अंतर्गत गंगा नदी के घाटों पर समरूप व्यवस्था हेतु नगर परिषद, दानापुर निजामत के कार्यपालक पदाधिकारी उत्तरदायी होंगे। (iii) पटना शहरी क्षेत्र में विशेष कर कंकड़बाग अंचल क्षेत्र में पार्क में अस्थायी तालाब का निर्माण एवं अन्य नागरिक व्यवस्थायें पटना नगर निगम के द्वारा की जायेगी।

6. अन्यान्य

(i) जिलाधिकारी एवं वरीय पुलिस अधीक्षक के द्वारा बताया गया कि यदि छठ के अवसर पर कहीं मूर्ति स्थापित की जा रही है तो उसके लिए अनुज्ञप्ति प्राप्त करने तथा मूर्ति विसर्जन की तिथि/समय/मार्ग निर्धारित कर लेने का निदेश संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को दिया गया।

(ii) पटना शहरी क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्यों से छठ के अवसर पर व्रतियों एवं श्रद्धालुओं के आवागमन में कोई असुविधा न हो इसके लिए जिला पदाधिकारी के द्वारा निदेश दिया गया कि पटना मेट्रो परियोजना, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बुडको, गेल, बिहार राज्य पथ विकास निगम, पथ निर्माण विभाग के पदाधिकारियों/अभियंताओं के साथ अलग से एक बैठक आहूत की जाय।

(iii) सभी सेक्टर पदाधिकारी अपने सम्बद्ध छठ घाटों की सभी तैयारियों का सतत् अनुश्रवण करते हुए इसे सकुशल पूरा करायेंगे।

धन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गयी।

ह./-
जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक–13–02 / 2024–1738 / अनु., पटना, दिनांक–19.10.2024

प्रतिलिपि :– सभी घाटों के सेक्टर पदाधिकारियों / अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– सिविल सर्जन, पटना / महाप्रबंधक, पेसू / कार्यपालक अभियंता, पटना भवन प्रमंडल, पटना सिटी भवन प्रमंडल एवं दानापुर भवन प्रमंडल / कार्यपालक अभियंता, नयी राजधानी पथ प्रमंडल, पटना / कार्यपालक अभियंता, PHED पटना पूर्वी एवं पश्चिमी / कार्यपालक अभियंता, पटना नगर निगम / कार्यपालक अभियंता, बिहार राज्य पुल निर्माण, पटना / अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– कार्यपालक पदाधिकारी, नूतन राजधानी, बाँकीपुर, कंकड़बाग एवं पटना सिटी अंचल, पटना नगर निगम / कार्यपालक पदाधिकारी, दानापुर निजामत, खगौल एवं फुलवारीशरीफ नगर परिषद को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– नजरत उप समाहर्त्ता, पटना / सभी वरीय उप समाहर्त्ता, पटना / उप नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा, पटना / जिला जन–सम्पर्क पदाधिकारी, पटना / आई0टी0 प्रबंधक, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– नगर पुलिस अधीक्षक, पटना पूर्वी, मध्य, पश्चिमी पटना / पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण, पटना / पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना / सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पटना जिला को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– उप विकास आयुक्त, पटना / सभी अपर जिला दंडाधिकारी, पटना / सभी अनुमंडल पदाधिकारी / प्रभारी पदाधिकारी, जिला नियंत्रण कक्ष, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना / नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना / प्रबंध निदेशक, बुडको, को कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ।

प्रतिलिपि– प्रधान सचिव, गृह विभाग / सचिव, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार, पटना को सादर सूचनार्थ।

19/10/24
जिलाधिकारी,
पटना।

डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, भा०प्र०से०, जिलाधिकारी, पटना की अध्यक्षता में छठ महापर्व, 2024 के अवसर पर निर्माण कार्य से क्षतिग्रस्त हुई सड़कों की मरम्मति, यातायात प्रबंधन एवं छठ घाटों की तैयारियां के संबंध में समाहरणालय सभा कक्ष में दिनांक–24.10.2024 को आहूत बैठक की कार्यवाही ।

उपस्थिति – **अलग से संधारित है।**

सर्वप्रथम जिला पदाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत किया गया और छठ महापर्व की तैयारियों में विभिन्न निर्माण एजेन्सियों से आवश्यक सहयोग की अपेक्षा की गई। तदोपरान्त मुख्य/सम्पर्क पथों की मरम्मति, यातायात प्रबंधन एवं छठ घाटों की तैयारियों में आ रही समस्याओं पर चर्चा करते हुए निम्नवत निदेश दिए गए :–

a) जिला पदाधिकारी द्वारा यह बताया गया कि इस वर्ष शहरी क्षेत्रों में कुल 109 घाटों को 21 सेक्टर में विभाजित कर सभी घाटों की तैयारी, उचित प्रबंधन एवं सुरक्षात्मक प्रबंध के लिए सेक्टर पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। सभी सेक्टर पदाधिकारी अपने घाटों की तैयारियों के संबंध में किसी भी प्रकार की कठिनाई की सूचना संबंधित कार्य एजेन्सी को देकर उनके समन्वय से ससमय निराकरण करायेंगे।

b) पटना शहर में चल रहे विनिर्माण कार्यों से क्षतिग्रस्त हुई राड़कों के संबंध में विस्तार से समीक्षा की गई और बैठक में उपस्थित विभिन्न एजेंसीज यथा–DMRC, GAIL, L&T, BUIDCO, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार राज्य पथ विकास निगम लि., BMSICL के पदाधिकारियों को यह निदेश दिया गया कि निर्माण कार्य से कहीं भी अगर कोई सड़क क्षतिग्रस्त हुई हो या कोई अवरोध हो, तो उसे छठ महापर्व के दृष्टिकोण से दिनांक–31.10.2024 तक निश्चित रूप से ठीक कर लिया जाए। यह भी निर्देश दिया गया कि निर्माण कार्य एजेन्सियों से जुड़े पदाधिकारी स्वयं अपने निर्माण क्षेत्रों/पथों का निरीक्षण कर लेंगे एवं छठ महापर्व में भीड़ प्रबंधन के दृष्टिगत कोई भी अवरोध हो तो उसे अविलम्ब ठीक करा लेंगे। इस क्रम में यह ध्यान रखेंगे कि श्रद्धालुओं के घाटों तक आवागमन में कोई अवरोध न हो। यदि कहीं गड्ढे हों तो उसे मिट्टी/उचित सामग्री भरवाकर समतल करा देंगे और यदि भरना संभव नही हो तो वैसे गड्ढों की बैरिकेडिंग करवा देंगे। सभी रास्तों पर प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो ताकि किसी प्रकार की कोई दुर्घटना घटित न हो।

c) सभी निर्माण एजेन्सियाँ इसे सुनिश्चित कराएंगी कि कही भी कोई निर्माण कार्य चल रहा हो तो मिट्टी/बालू/निर्माण सामग्रियाँ सड़क पर नहीं गिराया जाए ताकि मूवमेंट बाधित नहीं हो। ओवरहेड कोई ऐसा काम नहीं हो जिससे कि मार्ग पर पैदल चलने वाले लोगों को कोई कठिनाई हो या खतरा उत्पन्न हो।

d) अशोक राजपथ, गाँधी सेतु, गांधी मैदान के आसपास के इलाकों में निर्माण कार्यों में लगाई गई बड़ी गाड़ियों के परिचालन को छठ महापर्व के दौरान बंद रखने का निर्देश दिया गया।

e) सेक्टर पदाधिकारियों द्वारा घाटों के निरीक्षण के उपरांत समर्पित प्रतिवेदन में उल्लेखित समस्याओं/कठिनाईयों के तत्काल समुचित निराकरण हेतु बैठक में उपस्थित सभी निर्माण एजेन्सियों/पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया। इनमें मुख्यतः निम्न प्रकार से हैं –

- गेट नं.–83 के अंडर पास के नजदीक नमामि गंगे से संबंधित कार्य चल रहा है जिसके कारण वहाँ काफी गलवा/अवरोध बिखरा हुआ है। इस संबंध में कार्यकारी एजेन्सी बुडको को त्वरित कार्रवाई करते हुए अवरोध हटाने का निर्देश दिया गया।
- जे.पी. गंगा मुख्य सड़क के नीचे दीघा–बाँस घाट के बीच वाले क्षेत्र में बोल्डर/अप्रन पर मिट्टी बिछाने की आवश्यकता बतलायी गयी। कार्यपालक पदाधिकारी, पाटलीपुत्रा अंचल को डी.एम.आर.सी. के साथ निरीक्षण कर इस पर समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।
- जुडिसियल घाट के नजदीक सड़क के किनारे लगे लोहे के पट्टी को हटाने की आवश्यकता बतायी गयी। इस संबंध में बी.एस.आर.डी.सी. को यथोचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

- गाय घाट एवं करनाल गंज घाट के पास पड़ी हुई कंस्ट्रक्शन सामग्री को हटवाने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी के दिया गया।
- कंटाही घाट पर गंगा नदी में खड़े जहाज को हटाने की आवश्यकता भी बतायी गयी। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी को आई.डब्लू.ए.आई. से समन्वय बनाकर समुचित निराकरण कराने का निर्देश दिया गया।
- महावीर घाट पर नमामि गंगे परियोजना के कारण घाट के नजदीक काफी गड्ढे बने हुए हैं जिसे ठीक कराये जाने की आवश्यकता है। इस हेतु बुडको को अविलम्ब यथोचित कार्रवाई का निर्देश दिया गया।
- गोसाईं घाट में बुडको द्वारा निर्माण किया गया नाला खुला है, उसे ढकते हुए नाली के प्रवाह का समुचित प्रबंधन करने का निदेश बुडको को दिया गया।
- छठ घाटों के सम्पर्क पथों की आवश्यक मरम्मति का निदेश पटना नगर निगम को दिया गया।
- शरीफागंज घाट में दो पीलर के बीच गड्ढा रहने से छठ व्रतियों को कटिनाई हो सकती है। बी.एस.आर.डी.सी. को इस पर समुचित कार्रवाई का निदेश दिया गया।
- सीता घाट से चित्रगुप्त मंदिर घाट तक के पथ पर बिजली का पोल क्षतिग्रस्त है। इसे ठीक करने का निदेश पटना नगर निगम के कार्यपालक अभियंता, विद्युत को दिया गया।
- दीघा पाटोपुल के नजदीक सूर्य मंदिर के पास बिजली विभाग का केबल काट कर रखा हुआ है एवं कुछ गड्ढे भी हैं जिसे ठीक कराए जाने की आवश्यकता है। इस संबंध में कार्यकारी एजेन्सी पेसू को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।
- रामजी चक नहर घाट पर हाई मास्ट लाईट/मास्क लाईट खराब है। इस संबंध में पटना नगर निगम को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।
- जहाज घाट के संबंध में सूचित किया गया कि साफ-सफाई के क्रम में वहाँ काफी संख्या में बड़े-बड़े साँप निकल रहे हैं जिससे छठ महापर्व के दौरान दुर्घटना हो सकती है। जिला पदाधिकारी द्वारा इस संबंध में तन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना को आवश्यक कारंवाई करने का निदेश दिया गया।
- एल.सी.टी. घाट, पहलवान घाट, बाँस घाट के संबंध में संबंधित सेक्टर पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि वहाँ एप्रोच पथ बनाने का काम चल रहा है परन्तु एल.सी.टी. घाट पर अभी भी पानी है और कटाव भी है। जिला पदाधिकारी द्वारा एल.सी.टी. घाट को असुरक्षित बताते हुए वहाँ छत महापर्व का आयोजन नहीं करने का निर्देश दिया गया।
- गेट नं.-93 घाट से कलैक्ट्रीयट-महेन्द्रू घाट तक व्यापक पैमाने पर पार्किंग की व्यवस्था की जाती है। इस आलोक में जिला पदाधिकारी द्वारा यह निर्देश दिया गया कि छठ महापर्व तक इस क्षेत्र में अनाधिकृत रूप से किसी भी प्रकार का जुताई/बोआई का कार्य नहीं हो, यह सुनिश्चित किया जाए। अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर एवं संबंधित सेक्टर पदाधिकारी यह सुनिश्चित करायेंगे।
- कलेक्ट्रीयट-महेन्द्रू घाट के सम्पर्क पथ पर अतिरिक्त मिट्टी/राबिश डालने की आवश्यकता बतलायी गयी। संबंधित सेक्टर पदाधिकारी पटना नगर निगम से समन्वय कर यह कार्य सुनिश्चित करायेंगे।
- दीघा रोटरी के पास रेड क्रॉसिंग की सुगम व्यवस्था करने का निदेश बी.एस.आर.डी.सी. को दिया गया।
- पुलिस अधीक्षक, यातायात द्वारा बताया गया कि अशोक राजपथ पर कंस्ट्रक्शन कम्पनी पुल निर्माण निगम लिमिटेड का काफी सामान/मलवा पड़ा हुआ है जिसके कारण आने-जाने में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका है। जिला पदाधिकारी द्वारा बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के कार्यपालक अभियंता एवं अपर रागाहर्त्ता, विशेष कार्यक्रम, पटना (सेक्टर पदाधिकारी) को संयुक्त भ्रमण कर उसे ठीक कराने का निर्देश दिया गया।

- पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना द्वारा कंगन घाट के आगे के क्षेत्र में वाहनों के पार्किंग के रूप में चिन्हित करने की आवश्यकता बतायी गयी। जिला पदाधिकारी के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी को इस पर निरीक्षणोपरांत पटना नगर निगम के सहयोग से पार्किंग की समुचित व्यवस्था करने का निदेश दिया गया।
- सिपारा में छठ व्रतियों के आने–जाने के लिए सुगम मार्ग की व्यवस्था करने का निदेश बी. एस.आर.डी.सी. को दिया गया।
- जिला पदाधिकारी द्वारा यह निर्देश दिया गया कि छठ महापर्व के दौरान जे.पी. गंगा पथ पर कड़ी नजर रखी जाए। यह भी निर्देश दिया गया कि छठ महापर्व के दौरान जे.पी. गंगा पथ पर वाहनो का आवागमन नियंत्रित रहेगा। जे.पी. गंगा पथ के नीचे पार्किंग की आवश्यक व्यवस्था, साथ ही जहाँ आवश्यक हो वहाँ ड्रॉप गेट लगाने का भी निर्देश पटना नगर निगम को दिया गया। इसका अनुश्रवण पुलिस अधीक्षक, यातायात द्वारा किया जाएगा।
- काली घाट के सम्पर्क पथ पर मौजूद अवरोध/मलबा को हटाने का कार्य बी.एम.एस.सी. आई.एल. को दो दिनो में पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
- नासरीगंज घाट से संबंधित सेक्टर पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि घाट पर 25–30 की संख्या में नाव लग जा रहे हैं जिसके कारण घाट के मरम्मति एवं सौंदर्यीकरण के कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है। अनुमंडल पदाधिकारी, दानापुर को तत्काल इस समस्या के निराकरण का निर्देश दिया गया।
- कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पटना पश्चिमी को नेहरू पथ से नासरीगंज तक के पथ का निरीक्षण कर आवश्यकतानुसार दिनांक–26.10.2024 से पूर्व मरम्मति कराने का निर्देश दिया गया।

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

ह./–
जिलाधिकारी,
पटना।

ज्ञापांक–13–02/2024–1764/अनु., पटना, दिनांक–24.10.2024

प्रतिलिपि :– सभी सेक्टर पदाधिकारियों, छठ महापर्व, 2024 को सूचनार्थ एवं अनुपालन हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि– महाप्रबंधक/प्रबंध निदेशक/उप महाप्रबंधक DMRC, GAIL, L&T, BMSICL, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, बिहार राज्य पथ विकास निगम लि. के पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– पटना नगर निगम के सभी अंचलों के कार्यपालक पदाधिकारी/कार्यपलक अभियंता/कार्यपालक पदाधिकारी, दानापुर निजामत को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– वन प्रमंडल पदाधिकारी, पटना/उप विकास आयुक्त, पटना/पुलिस अधीक्षक यातायात, पटना /अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर, पटना सिटी एवं दानापुर/अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग, पटना /कार्यपालक अभियंता, पथ प्रमंडल, पटना पश्चिमी/महाप्रबंधक पेसू/जिला जन–सम्पर्क पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि– वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना/नगर आयुक्त पटना नगर निगम/प्रबंध निदेशक, बुडको को कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :– आयुक्त, पटना प्रमंडल, पटना को सादर सूचनार्थ।

24/8/24
जिलाधिकारी,
पटना।

डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह, भा0प्र0से0, जिलाधिकारी, पटना द्वारा दिनांक–28.10.24 को छठ महापर्व, 2024 के सफल आयोजन हेतु दीघा पाटीपुल घाट से कलेक्ट्रेट घाट तक के छठ घाटों का किये गये स्थल निरीक्षण की टिप्पणी।

.....

दिनांक 28.10.2024 को जिलाधिकारी, पटना द्वारा छठ महापर्व, 2024 के सफल आयोजन हेतु दीघा पाटीपुल घाट से कलेक्ट्रेट घाट तक का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना/नगर आयुक्त, पटना नगर निगम, पटना/उप विकास आयुक्त, पटना/नगर पुलिस अधीक्षक, मध्य, पटना/विशिष्ट पदाधिकारी अनुभाजन, पटना/अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सदर/अधीक्षण अभियंता, जल संसाधन विभाग, पटना/ अपर जिला दंडाधिकारी, आपूर्ति, पटना/ विशेष कार्य पदाधिकारी, गोपनीय शाखा, पटना/अपर जिला दंडाधिकारी, विधि–व्यवस्था, पटना/ अपर जिला दंडाधिकारी, आपदा प्रबंधन, पटना/अपर जिला दंडाधिकारी, सामान्य, पटना/जिला पंचायत राज पदाधिकारी, पटना/जिला परिवहन पदाधिकारी, पटना/ कार्यपालक पदाधिकारी, पाटलिपुत्रा अंचल, पटना नगर निगम, पटना/नजारत उप समाहर्ता, पटना/कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, पटना भवन प्रमंडल/दानापुर प्रमंडल/कार्यपालक अभियंता, बुडको, पटना एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

छठ महापर्व में श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से निम्नांकित निदेश दिए गए :–

क्र0	घाट का नाम	दिए गए निदेश	अनुपालन करने वाले पदाधिकारी
1	पाटीपुल घाट	▪ घाट पर बड़े आकार का यात्री शेड तैयार किया जाए। ▪ पाटीपुल घाट के अण्डर पास के दक्षिण प्रस्तावित पार्किंग स्थल से अस्थाई अतिक्रमण एवं अनाधिकृत वाहनों को हटाया जाए। ▪ पाटीपुल घाट के अण्डरपास के दक्षिण पार्किंग के पूरब पोस्ट ऑफिस रोड तक सड़क के दोनों ओर अवैध अतिक्रमण (झोपड़ी) को हटाया जाए। अनुमण्डल पदाधिकारी, पटना सदर स्वयं इसका अनुश्रवण करेंगें।	अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन/कार्यपालक पदाधिकारी, पटना नगर निगम, पाटलिपुत्रा, अंचल/ अनुमण्डल पदाधिकारी, पटना सदर।
2.	जे0पी0 सेतु पूर्वी घाट एवं गेट नं0–93 घाट	▪ जे0पी0 सेतु पूर्वी घाट पर जाने हेतु सडक पर बनाए गए स्लोप को ठीक कराते हुए स्लोप को कुछ दूरी पूरब तक बढ़ाया जाए ताकि दो वाहनों को आने–जाने में कठिनाई नहीं हो। ▪ उसी स्लोप के सामने डिवाईडर में भी स्लोप बनाया जाए ताकि पश्चिम तरफ जाने वाले वाहन सामने डिवाइडर पार कर	पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना/ अपर जिला दण्डाधिकारी, सामान्य, पटना/ डी0जी0एम0, बी0 एस0आर0डी0सी/ कार्यपालक पदा0, पटना नगर निगम,

		जा सके। ▪ दीघा रोटरी (गोलम्बर) से पश्चिम जाने वाले पथ में बायें तरफ लगाए गए ग्रील के बीच खाली जगह का पक्कीकरण कराया जाए। ▪ घाट पर पार्किंग के बगल से गेट नं0–88 घाट तक वाहन जाने का रास्ता तैयार कराया जाए। ▪ नियंत्रण कक्ष के पब्लिक एड्रेस सिस्टम के लाउडस्पीकर का 4–5 हॉर्न पार्किंग क्षेत्र में लगवाया जाए ताकि सूचना के प्रसारण में सुविधा हो। ▪ पार्किंग स्थल को सेक्टर बनाकर बैरिकेडिंग कराया जाए। ▪ पार्किंग क्षेत्र से घाट तक पैदल जाने का रास्ता तैयार किया जाए एवं उसमें तीन–तीन फीट पर बल्ला गाड़ा जाय ताकि पैदल जाने के रास्ते में वाहन नहीं जा सके। ▪ आपातकालीन स्थिति से निपटने हेतु पैदल रास्ते में गाड़े गए बल्ले के बीच में ड्रॉप गेट लगाया जाए। ▪ जिला प्रशासन/पुलिस प्रशासन का कन्ट्रोल रूम के अतिरिक्त कोई भी निजी टेन्ट घाट के आसपास नहीं लगे, इसे सुनिश्चित किया जाए। ▪ पार्किंग क्षेत्र की समुचित रौलिंग की जाए ताकि कोई वाहन नहीं फंसे। ▪ इस घाट के ऊपर एवं पार्किंग क्षेत्र में छोटा–छोटा क्रेन रखा जाए ताकि गाड़ी खराब होने अथवा फंसने पर उसे निकाला जा सके। ▪ पार्किंग क्षेत्र में वाहनों की पार्किंग ठीक ढंग से कराई जाए ताकि वाहन निकलने में असुविधा न हो।	पाटलिपुत्रा अंचल, पटना/नजारत उप समाहर्ता, पटना/ कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, पटना प्रमण्डल, पटना।
3.	मखदुम खिलजी के सामने बालू पर घाट गेट नं0–88	▪ गेट नं0–88 के अण्डर पास से सामने उत्तर पैदल घाट तक आमजन जाएगें एवं वाहन पश्चिम की ओर पार्किंग में जाएगा। इसी आलोक में बैरिकेडिंग सुनिश्चित किया जाय।	पुलिस अधीक्षक, यातायात, पटना/ अपर जिला दण्डा0, सामान्य, पटना/ कार्यपालक पदा0,

		▪ घाट पर जाने के पूर्व तालाब/जलस्रोत है उसके चारों ओर सुरक्षा के दृष्टिकोण से बैरिकेडिंग कराकर लाल कपड़ा बंधवाया जाए। ▪ घाट की उचित लेवलिंग कराई जाए।	पटना नगर निगम, पाटलिपुत्रा अंचल, पटना
4.	संत माईकल स्कूल के बगल की गली घाट गेट नं0–83	▪ घाट की समुचित लेवलिंग कराई जाए। ▪ अण्डर पास में एस0टी0पी0 का पाईप ऊपर लगाया गया है, जिसके कारण वाहन आने–जाने में अवरोध है। उप विकास आयुक्त, पटना बुडको से समन्वय स्थापित कर इसका समुचित प्रबंधन करायेंगे।	उप विकास आयुक्त, पटना/ जिला पंचायत राज पदा0, पटना/ कार्यपालक पदा0, पाटलिपुत्र अंचल, पटना नगर निगम, पटना।
5.	कुर्जी बालू पर घाट।	▪ घाट की समुचित लेवलिंग कराई जाए। ▪ घाट पर दलदल है, बालू डालने का निदेश दिया गया।	जिला परिवाहन पदाधिकारी, पटना/कार्यपालक पदा0, पाटलिपुत्र अंचल, पटना नगर निगम, पटना।
